सूर्योदय : 5:42
सूर्यास्त : 6:30
अधिकतम तापमान : 40.4
न्यूनतम : 23.6

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-296 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
29 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

महिला आरक्षण बिल लोकसभा में नहीं हो पाया पारित

आधी अबादी की उम्मीद पर फिरा पानी

■ चाहिए थे 352 वोट मिले 298

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े।

लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। सरकार ने इस विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे नहीं बढ़ा सकते।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा से महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा।

कांग्रेस नेता ने कहा, यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। राहुल गांधी ने यह भी कहा, मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का महिला आरक्षण विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष आपको 100 प्रतिशत समर्थन देगा। अगर ऐसा किया गया, तो हम महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करवा देंगे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया।

पहली बार संविधान संशोधन विधेयक संसद से पारित नहीं करा पाई मोदी सरकार

लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन संशोधन विधेयक पर लंबी और गहन चर्चा के बाद शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। हालांकि, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोट प्राप्त नहीं हो सके। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि यह विधेयक आवश्यक समर्थन नहीं जुटा सका, इसलिए आगे की विधायी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। इसके बाद संबंधित दो अन्य विधेयकों पर भी सरकार ने मतदान कराने का निर्णय नहीं लिया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। पिछले 12 वर्षों में यह पहली बार है जब मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया कोई संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका।

इंडी गठबंधन ने किया महिला आरक्षण का विरोध

■ लोकसभा में अमित शाह का विपक्ष पर हमला

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन ने महिला आरक्षण के लागू करने के तरीके का नहीं बल्कि महिला आरक्षण के पूरे प्रस्ताव का ही विरोध किया है। शाह ने लोकसभा में संविधान 131वां संशोधन विधेयक 2026 और उससे जुड़े परिसीमन सहित दो अन्य विधेयकों पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा, इंडी गठबंधन के सदस्यों ने चर्चा में यह तो कहा कि महिला आरक्षण का स्वागत करते हैं लेकिन उन्होंने इसको लागू करने के बारे में अगर मगर किंतु परंतु लगाया और उनका यह तरीका लागू करने के तरीके पर नहीं बल्कि महिला आरक्षण का ही विरोध है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन एक संवैधानिक प्रावधान है लेकिन यहां इसका विरोध हो रहा है। संविधान के अनुच्छेद 81, 82 और 170 में इसके नियम निहित हैं और परिसीमन का उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर लोकसभा की सीटों का निर्धारण करना और राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखना है।

लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हरिवंश

■ नेता सदन जेपी नड्डा ने प्रस्ताव रखवा

नई दिल्ली। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य श्री हरिवंश को शुक्रवार को लगातार तीसरी बार उच्च सदन के उप सभापति के पद पर ध्वनिमत से चुन लिया गया। नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने श्री हरिवंश को उपसभापति चुने जाने का प्रस्ताव रखा जिसका भारतीय जनता पार्टी की सदस्य एस. फांगनोन कोन्याक ने समर्थन किया।

सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वह इस पद पर लगातार तीसरी बार चुने गये हैं। प्रस्ताव रखे जाने के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने इस संबंध में कुछ कहना चाहा लेकिन सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए किसी का नामांकन नहीं किया गया था। यह पहला अवसर है जब किसी मनोनीत सदस्य को सदन का उप सभापति चुना गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने जरूरी विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद उप सभापति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए श्री नड्डा से अपना प्रस्ताव पेश करने को कहा। कुल पांच सदस्यों ने श्री हरिवंश के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किये। श्री नड्डा के अलावा भाजपा अध्यक्ष और सदन के सदस्य नितिन नवीन ने भी प्रस्ताव पेश किया जिसका समर्थन भाजपा के बृज लाल ने किया। तीसरा प्रस्ताव वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया और इसका समर्थन भाजपा के सुरेंद्र सिंह नागर ने किया।

जन समस्याओं का समाधान कराएं अधिकारी

■ जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में लगातार दूसरे दिन, शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, 'घबराइए मत। सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी।'

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी बातें सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर उसका अवलोकन कर समस्या/शिकायत का संज्ञान लिया। फिर, अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह शुक्रवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध कराएगी। कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई।

इनकी फरेबी गाड़ी फिर से थमी रह गई

■ अखिलेश ने साधा निशाना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक 2026 के लोकसभा में गिरते ही केंद्र सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने दोहे के जरिए भाजपा पर तंज कसा। विधेयक के संसद में गिरने के बाद अखिलेश यादव सीधे तौर पर इसे भाजपा सरकार की साजिश के विफल होने का दावा किया। उन्होंने महिलाओं से जुड़े मुद्दे के जरिए डीलिमिटेशन की कोशिशों की बात कही। अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दो सोशल मीडिया एक्स पर दो पंक्तियों के जरिए निशाना साधा। अखिलेश यादव ने लिखा-

इनकी फरेबी गाड़ी फिर से थमी ही रह गई। अब कहेंगे हमारी कोशिशों में कमी रह गई।

कांग्रेस ने कभी पूरा नहीं किया महिला आरक्षण का वादा

■ सपा पर भी बरसीं बसपा प्रमुख मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल एससी, एसटी और ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर लगातार अपना रुख बदलते रहे हैं और अब महिला आरक्षण के नाम पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। मायावती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन वर्गों के आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कभी ठोस पहल नहीं की।

उन्होंने ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे लागू कराने का श्रेय बसपा के प्रयासों और पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार को जाता है। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने संबंधी आयोग की रिपोर्ट को सपा सरकार ने लंबे समय तक लागू नहीं किया, जबकि बसपा सरकार ने 1995 में इसे लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही सपा राजनीतिक स्वार्थ के तहत महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की बात कर रही है। महिला आरक्षण पर मायावती ने कहा कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए।

राहुल गांधी के खिलाफ हाईकोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश

नागरिकता का मामला

लखनऊ। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा मामले में प्रथम दृष्टया विवेचना की आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

दरअसल, राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता के मामले में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एस विग्नेश शिशिर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज होने के बाद राज्य सरकार किसी भी केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच करने का निर्देश दे सकती है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने 28 जनवरी, 2026 को विशेष सांसद-विधायक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया था। सांसद/विधायक अदालत ने कहा था कि यह अदालत नागरिकता के मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं है। कर्नाटक में भाजपा के कार्यकर्ता व याचिकाकर्ता शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच का अनुरोध किया था। उन्होंने राहुल गांधी पर बीएनएस, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी और पासपोर्ट अधिनियम के तहत कई आरोप लगाए हैं।

नितिन गडकरी ने एनएचएआई अधिकारियों को दी चेतावनी

■ पूछा- हाईवे सही नहीं तो टोल क्यों

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बायोकॉन कंपनी की एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एनएच-44 बेंगलुरु-होसुर हाईवे की की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एनएचएआई के अधिकारियों की मीटिंग लेकर उन्हें कड़ी फटकार लगाई।

सूत्रों का कहना है कि मीटिंग में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एनएचएआई अधिकारियों को साफतौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 30 अप्रैल तक इस एनएच-44 हाईवे की खस्ता हाल को सही दुरूस्त नहीं किया तो हाईवे बनाने वाली कंपनी समेत एनएचएआई के भी सभी संबंधित अधिकारियों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि किरण मजूमदार की शिकायत को नितिन गडकरी ने बेहद गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को यह भी कहा कि जब हाईवे पर गड्ढे और अन्य समस्या है तो फिर टोल क्यों लिया जा रहा है? लोगों से टोल अच्छी रोड और सुविधाओं का ही तो लिया जाता है। ऐसे में अगर हाईवे पर गड्ढे होंगे और वह कहीं से धंसा होगा तो फिर टोल किस बात का।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी, मुकेश अंबानी को छोड़ा पीछे

■ अदाणी की संपत्ति 92.6 अरब डॉलर अंबानी की 90.8 अरब डॉलर है

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अदाणी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है। एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है।

इस तरह अदाणी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अदाणी भारत के सबसे बड़े निजी बंदरगाह नेटवर्क का संचालन करते हैं। वे देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक भी हैं तथा दुनिया के प्रमुख कोयला व्यापारियों में शामिल हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है और इसे रोजाना अद्यतन किया जाता है। उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी से आता है। हाल में अदाणी समूह के शेयरों में आई तेजी से बाजार पूंजीकरण में अरबों डॉलर की वृद्धि हुई है।

ईरानी विदेश मंत्री का ऐलान, लेबनान सीजफायर के बाद फैसला

होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोला गया

ईरान-अमेरिका वार

तेहरान। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ऐलान किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। हालांकि, यह जलडमरूमध्य इजरायल-लेबनान संघर्ष विराम की शेष अवधि के लिए ही खोला गया है, जो गुरुवार से अगले 10 दिनों तक के लिए प्रभावी है। ऐसे में फारस की खाड़ी में फंसे जहाज अब होर्मुज को पार कर अपनी यात्रा पूरी कर सकते हैं। इन जहाजों पर करीब 20000 कर्मी भी सवार हैं, जो 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद फंसे हुए हैं।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर लिखा, 'लेबनान में संघर्ष विराम के अनुरूप, होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों के गुजरने का मार्ग, संघर्ष विराम की शेष अवधि के लिए, पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। यह मार्ग उसी समन्वित मार्ग पर स्थित है जिसकी घोषणा इस्लामिक गणराज्य ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले ही की जा चुकी है।'

होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लगभग 800 जहाज फंस गए थे। इसमें लगभग 187 से अधिक ऑयल टैंकर शामिल हैं। इन जहाजों पर सवार कर्मियों ने पिछले एक महीने से ज्यादा समय से जमीन नहीं देखा है। हालांकि अब ईरान के ऐलान के बाद इन जहाजों के तेजी से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने की उम्मीद है। ईरान ने पहले ही शर्त रखी थी कि वह लेबनान में सीजफायर के बिना होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलने वाला है। इस कारण अमेरिका के साथ संघर्षविराम होने के बावजूद ईरान ने सीमित मात्रा में होर्मुज से जहाजों की आवाजाही शुरू की थी।

होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमले बर्दाश्त नहीं

■ जंग के बीच भारत का संयुक्त राष्ट्र में सख्त रुख

संयुक्त राष्ट्र। अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र में भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर साफ-साफ चेतावनी दी है। भारत ने कहा कि इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर किसी भी तरह के हमले या बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि परवथनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा के दौरान भारत का मजबूत पक्ष रखते हुए कहा कि 28 फरवरी 2026 को क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद भारत ने गहरी चिंता जताई थी। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, स्थिति को और बिगड़ने से रोकने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की थी।

हरीश ने जोर देकर कहा कि ऐसे संघर्षों को कम करने का सबसे सही रास्ता संवाद और कूटनीति ही है। भारत सभी देशों से आग्रह करता रहा है कि वे आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं और किसी भी प्रकार की आक्रामक कार्रवाई से दूर रहें। साथ ही, हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक है।

परिसीमन की आड़ में देश का निर्वाचक मानचित्र बदलना चाहती है सरकार : राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है। श्री गांधी ने संसदीय सीटों के परिसीमन विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह देश द्रोह है और विपक्ष इसे नहीं होने देगा।

श्री गांधी ने परिसीमन विधेयक 2026, संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर हो रही चर्चा में शामिल होते हुए यह भी कहा कि सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने सत्तापक्ष से कहा कि आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते। आप इन्हें हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन इन्हें कोई स्थान नहीं देते। कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी-दलित कहां हैं। सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है। श्री गांधी ने सरकार से कहा कि महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने वाला पुराना विधेयक लाइए, वह उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि अतीत में ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ बहुत क्रूर बर्ताव किया गया। अब यह विधेयक लाकर उनके साथ बिल्कुल वही काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के खिलाफ श्री गांधी के कुछ शब्दों पर आपत्ति करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और देश की सेना का अपमान नहीं किया जाना चाहिए। अध्यक्ष ओम बिरला ने भी श्री गांधी से कहा कि वह ऐसा कुछ नहीं कहें, जो मर्यादा के खिलाफ हो।

मनुवाद संविधान पर हावी

राहुल ने कहा कि मनुवाद संविधान पर हावी है। विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार जनता को भ्रमित करना चाहती है, वह जानती है कि संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होगा। वह महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने के नाम पर चुनावी लाभ लेना चाहती है।

कानपुर में RAMP के तहत स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन मीट व कौशल विकास प्रशिक्षण

कानपुर एमएसएमई सेक्टर में कौशल विकास को बढ़ावा देने एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के उद्देश्य से RAMP कार्यक्रम के अंतर्गत MSME टेक्नोलॉजी सेंटर, फजलगंज, कानपुर में स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन मीट का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के. विजेंद्र पांडियन (आईएएस) ने की, जबकि सह-अध्यक्षता प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम रोहित आनंद (आईएएस) द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता, यूपीएसआईसी प्रभात बाजपेई एवं उप आयुक्त उद्योग, कानपुर अंजनीश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय से निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ कानपुर वी. के. वर्मा (आईईडीएस) तथा संयुक्त निदेशक अजय बाजपेई (आईईडीएस) के साथ रोजगार कार्यालय कानपुर एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों जैसे फैसिलिटेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन, प्रांतीय उद्योग संघ, लघु उद्योग भारती एवं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कानपुर के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त निदेशक अजय बाजपेई के स्वागत एवं परिचयात्मक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

बंद घर में चोरी को अंजाम देने वाले दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

गिरफ्तार लोगों के कब्जे से चोरी का माल बरामद

अवधनामा संवाददाता

बदायूँ। थाना कोतवाली क्षेत्र से विगत दिनों नकबजनी कर,चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस को इनके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद हुआ है। यहां बता दें की घटना उस समय हुई थी जब विगत 13 अप्रैल को इंदिरापुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 निवासी मनोज कुमार सक्सैना पुत्र स्व0कैलाश चन्द्र अपने मकान में ताला डालकर परिवार सहित वृंदावन गए थे।जब वह वृंदावन से वापस लौटे तब उन्हें उनके मकान का ताला टूटा हुआ मिला जहां चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद उनके द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।घटना की जानकारी होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा मामले के खुलासे हेतु सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया था और उनके द्वारा पुलिस को घटना के जल्द से जल्द खुलासा हेतु सख्त रूप से निर्देशित कर दिया गया था।तभी से पुलिस टीमें मामले की गहनता से तफ्तीश में जुटी हुई थी।शुक्रवार को कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में दो लोगों को गिरफ्तारी जानकारी देते हुए घटना का खुलासा किया गया है।पुलिस का कहना है कि तफ्तीश के दौरान घटना को अंजाम देने वाले फैज पुत्र रफ्फन निवासी नई सराय थाना कोतवाली, शाहिद पुत्र दिलशाद उर्फ कल्लू निवासी लोची नगंला गली नं0 04 थाना कोतवाली तथा मुशाहिद पुत्र दिलशाद उर्फ कल्लू निवासी निवासी लोची नंगला नं0 4 थाना कोतवाली के नाम प्रकाश में आए जिसमें से दो अभियुक्तों शाहिद एवं मुशाहिद को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इनके एक साथी फैज की तलाश कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस को सफेद एवं पीली धातू की वस्तुएँ,7110 रुपए नगद तथा एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना कोतवाली में तैनात एसआई संजय तोमर कांस्टेबल जितेंद्र कुमार तथा तेजपाल शामिल रहे।

बिजली कनेक्शन में देरी होने की वजह से नहीं शिफ्ट हो पा रहा है नवनिर्मित भवन में महिला अस्पताल

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता) शहर में मेडिकल कालेज की नवनिर्मित भवन में जल्द ही महिला अस्पताल शिफ्ट करने की तैयारी है। इसके चलते लिफ्ट और आपरेशन टेबल का काम कराया गया है। अस्पताल शिफ्ट करने में महज बिजली कनेक्शन का रोड़ा अटका हुआ है। बिजली कनेक्शन होते ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। करीब तीन साल से हो बन रहे भवन का निर्माण पूरा हो गया है। इसमें सबसे पहले महिला अस्पताल को शिफ्ट करने की तैयारी है। इससे महिला अस्पताल की खस्ताहाल बिल्डिंग को सही कराया जाएगा। महिला अस्पताल शिफ्ट करने को लेकर आपरेशन टेबलओटी और लिफ्ट लगवायी गयी है। बिल्डिंग में नया बिजली कनेक्शन होते ही इसको शिफ्ट कर दिया जाएगा। नये बिजली कनेक्शन में देरी होने पर बिजली विभाग से पहले से चल रहे कनेक्शन से सप्लाई दिलाने को लेकर भी बात चल रही है। बिजली कनेक्शन के लिए शासन से बजट मांगा गया है। बजट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं बताया जाता है कि महिला अस्पताल शिफ्ट होने के बाद पुराने महिला अस्पताल में काम शुरू होगा। सीटी स्कैन सहित अन्य उपकरण भी लगाए जा चुके हैं। बिजली कनेक्शन न होने से इनका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। अधिकारी की बात-मेडिकल कालेज की लगभग निर्माण पूर्ण हो चुकी बिल्डिंग में महिला अस्पताल को शिफ्ट कराने की तैयारी है। इसके लिए आपरेशन टेबल ओटी और लिफ्ट लगवायी गयी है। बिजली कनेक्शन होते ही इसे शुरू किया जाएगा। मेडिकल कालेज।

कार को ओवरटेक कर जबरन रुकवाया चालक को बाहर खींचकर बेल्ट व लात-घूसों से पीटा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ हैदराबाद थाना क्षेत्र के अजान कस्बे में रात चार बाइकों पर सवार पांच युवकों ने एक लाल रंग की कार को ओवरटेक कर जबरन रुकवाया और चालक को बाहर खींचकर बेल्ट व लात-घूसों से पीट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी चौकीदार बदलू के अनुसार आरोपी युवक अचानक आए और कार रुकवाकर चालक को सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद करीब पांच से सात मिनट तक बेल्टों और लात-घूसों से उसकी पिटाई करते रहे। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घायल चालक भी बिना कुछ बताए अपनी कार लेकर वहां से चला गया। घटना के बाद चौकीदार बदलू ने तुरंत अजान पुलिस चौकी को फोन किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। चौकीदार ने थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक को पूरी घटना से अवगत कराया।

एडीएम ने क्रय केंद्रों पर मारा छापा, मचा हड़कंप

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता) जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू व यूपीएसएस के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कम खरीद को लेकर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही केंद्र प्रभारियों और जिला प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को खाली हाथ वापस न किया जाए एडीएम ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में किसानों का गेहूं तौला जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि शिकायत मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी हकीकत परखी।एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया को तेज करें और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

राजकीय सम्मान के साथ दी गई लोकतंत्र सेनानी को अंतिम विदाई

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता) थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम कुकुरगोती निवासी लोकतंत्र सेनानी 85 वर्षीय बाला प्रसाद का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बाला प्रसाद ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुए संघर्षों में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके सम्मान में मैगलगंज पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में काफी लोग शामिल हुए। पूरे गांव में शोक का माहौल रहा और नम आंखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा थाना प्रभारी संजीव सिंह पकरिया चौकी इंचार्ज दीनानाथ ग्राम प्रधान रोहित ब्रह्मदिन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चलती ईको कार में लगी आग, बाल बाल बचे 11 यात्री

फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर बझाई आग

बदायूँ। (अवधनामा सवाददाता) जिले के थाना बिनावर क्षेत्र में सड़क पर सवारियां लेकर फर्राटा भर रही एक ईको कार में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि घटना में मय कार चालक सहित सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए। फायर ब्रिगेड टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बरेली से सवारियां भरकर एक ईको कार बदायूं के लिए चली थी। इस दौरान जैसे ही कार थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम घटपुरी के पास पहुंची तभी अचानक कार के पिछले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हो गया और देखते ही देखते इसमें आग लग गई। बताते हैं कि कार से धुआं उठता देख चालक द्वारा सुझबूझ का परिचय देते हुए कार को सड़क के एक साइड में रोक लिया गया और आनन फानन में उसके द्वारा सवारियों को किसी तरह बाहर निकाल दिया गया। जिससे मय चालाक सभी सवरियां पूर्ण रूप से सुरक्षित रहीं।कार से सवारियां उतरते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के संबंध में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया,लेकिन तब तक कर पूरी तरह से जल चुकी थी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई,पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि कार में शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी होगी। लोगों में चर्चा है कि बरेली बदायूं रोड पर तमाम ईको कार प्रत्येक दिन सवारियां ढोने का काम करती है,जिसमें क्षमता से अधिक सवारियों को ठुस-ठुस कर भरा जाता है। लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर बने हुए हैं।लोग आशंका जता रहे हैं कि जिम्मेदारों की यह लापरवाही किसी भी दिन किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

चोरों ने नकब लगाकर मिड-डे मील का राशन किया चोरी

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता) नीमगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर घुंशी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर मिड-डे मील का राशन चोरी कर लिया। चोर स्कूल के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में रखा करीब दो कुंतल खाद्यान्न उठा ले गए। प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि रात में चोरों ने पीछे की दीवार में सेंध लगाई और कमरे में रखा लगभग एक कुंतल चावल व एक कुंतल गेहूं चोरी कर लिया। यह राशन मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों के लिए रखा गया था। सुबह जब विद्यालय खुला तो कमरे का ताला सही मिला लेकिन पीछे की दीवार टूटी हुई थी और अंदर रखा दो बोरी चावल व दो बोरी गेहूं गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची सिकंदराबाद चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपाइयों द्वारा बाबा साहब सम्मान अभियान के तहत किए गए कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

बदायूँ। भाजपाइयों द्वारा जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रो में डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सभी आयोजनों में खासी संख्या में लोग मौजूद रहे।बिल्सी विधानसभा के त्रिपाठी बारात घर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, अनसूचित मोर्चा क्षेत्रीय संयोजक बुद्धपाल सिंह तथा सहसवान में माहेश्वरी होस्टल में उत्तर प्रदेश डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक भूपेंद्र सिंह, पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल साथ ही शेखूपुर विधानसभा का ग्राम ऊनौला में उत्तर प्रदेश डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल मौजूद रहे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के सबसे बड़े संरक्षक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।विधायक हरीश शाक्य ने कहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समतामूलक समाज की कल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में आज भाजपा सरकार दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सामाजिक न्याय को नई दिशा दी है, जहाँ हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिल रहा है। कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह ने कहा बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान आज भारत की शक्ति का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान की मूल भावना, समानता, न्याय और अधिकार को सशक्त करने का कार्य कर रही है।पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा डॉ. अंबेडकर का संविधान हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है, कि हम सभी संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहब के विचारों को नीतियों में शामिल करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है।बुद्धपाल सिंह ने कहा डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, वह आज भी हमें प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार बाबा साहब के सिद्धांतों को नीति और नीयत दोनों में लागू कर रही है।पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल ने कहा डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास कर रही है।

नवादा रोड पर जल निकासी के लिए नाला निर्माण का कार्य शुरु

सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता) नवादा रोड वार्ड 10 में आज महापौर डॉ. अजय कुमार, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व नगरायुक्त शिपू गिरि ने नारियल फोड़कर व गेंती चलाकर आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब दो करोड़ चार लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस नाले के निर्माण से नवादा रोड के लोगों को जलभराव से राहत मिलेगी। महापौर डॉ.अजय कुमार ने नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य है, इससे जहां नवादा रोड पर पानी की निकासी होने से लोगों को राहत मिलेगी वहीं लोगों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा और आवागमन में भी क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि दो करोड़ चार लाख रुपये की लागत से काजीपुरा कब्रिस्तान के सामने से सर्किट हाउस रोड तक नाले का निर्माण होने जा रहा है। इससे वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का समाधान होगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन और सहयोग से सहारनपुर में जलभराव की समस्या हल करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जहां नवादा रोड पर आरसीसी नाला निर्माण कार्य शुरु किया जा रहा है वहीं क्रेगी नाले निर्माण और ढमोला सफाई के लिए योगी सरकार ने बड़ी राशि स्वीकृत की है।

बिना पंजीकरण धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल, टीम पहुंचते ही संचालक फरार, अब थाने से होगी सख्त कार्रवाई

कानपुर। (अवधनामा सवाददाता) कल्याणपुर में अवैध अस्पतालों के खिलाफ आखिरकार स्वास्थ्य विभाग का डंडा पूरी ताकत से चला और 'इलाज' के नाम पर चल रहे काले खेल की परतें खुलकर सामने आ गईं। शुक्रवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी रमित रस्तोगी की अगुवाई में चली कार्रवाई ने इलाके के कई अस्पताल संचालकों की पोल खोल दी। दो अस्पतालों को मौके पर ही सील कर दिया गया, जबकि छह को नोटिस थमा दिया गया। इतना ही नहीं, आठ अस्पतालों की ऑपरेशन थिएटर (ओटी) सीज कर दी गईं यानी मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का पूरा इंतजाम ठप कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखते ही कई अस्पताल संचालक ताला डालकर मौके से फरार हो गए। यह साफ इशारा है कि इन अस्पतालों में सब कुछ 'नियमों के खिलाफ' चल रहा था। छापेमारी के दौरान स्टार थ्री हॉस्पिटल और कानपुर हेल्थ हॉस्पिटल पूरी तरह बिना पंजीकरण के चलते पाए गए। इन दोनों अस्पतालों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया और तीन दिन के भीतर परिसर खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया। वहीं, बारासिरोही स्थित गांधी हॉस्पिटल, मान्या हॉस्पिटल और संवारिया हॉस्पिटल के संचालक टीम को देखते ही ताला लगाकर फरार हो गए। ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अब पुलिस स्तर से कार्रवाई की तैयारी है, जिससे साफ है कि मामला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि कानूनी शिकंजे तक पहुंच चुका है। निरीक्षण के दौरान कई अस्पतालों में बुनियादी मानकों की भी धज्जियां उड़ती मिलीं। रोहित राज हॉस्पिटल की ओटी मानक पूरे न होने पर सीज कर दी गई, जबकि एचआर हॉस्पिटल और न्यू अभिनव हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के चलते पाए गए, जिन पर भी कार्रवाई की गई। हालांकि, कुछ अस्पतालों में स्थिति संतोषजनक भी मिली। ओसियम हॉस्पिटल, माँ सरस्वती हॉस्पिटल और साक्षी हॉस्पिटल में डॉक्टर और सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई, जिन्हें केवल सुधार के निर्देश देकर छोड़ा गया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी रमित रस्तोगी ने साफ कहा कि अब तक करीब 15 अस्पताल सीज किए जा चुके हैं और 20 से ज्यादा को नोटिस दिया गया है। बिना पंजीकरण अस्पताल चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

(प्वाइंटर)

- 2 अस्पताल पूरी तरह सीज, 6 को नोटिस
- 8 अस्पतालों की ओटी पर ताला
- कई संचालक टीम को देखते ही फरार
- बिना रजिस्ट्रेशन अस्पतालों का बड़ा नेटवर्क उजागर
- पुलिस स्तर पर भी अब होगी कार्रवाई

'जिंदगी से खिलवाड़' का धंधा

कल्याणपुर में जिस तरह बिना पंजीकरण अस्पताल चल रहे थे, वह सीधे तौर पर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है। बिना प्रशिक्षित स्टाफ और अधूरी सुविधाओं के साथ ऑपरेशन करना एक तरह का 'मौत का खेल' साबित हो सकता था।

सिस्टम की लापरवाही या मिलीभगत?

इतने बड़े पैमाने पर अवैध अस्पतालों का चलना यह सवाल खड़ा करता है कि क्या स्थानीय स्तर पर निगरानी तंत्र फेल हो चुका है या कहीं न कहीं मिलीभगत भी है। अगर पहले ही सख्ती होती, तो यह स्थिति पैदा नहीं होती।

अब आगे क्या होगा ?

अब असली परीक्षा यह है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ 'दिखावा' बनकर रह जाएगी या लगातार अभियान चलाकर पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाएगा। अगर सख्ती जारी रही तो ही मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

बाल विवाह एक सामाजिक कुरीतिः जिलाधिकारी

सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विवाह हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। यदि लड़के-लड़की की आयु इससे कम है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आयेगा। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष व्यस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास या 01 लाख रूपये जुर्माने या दोनों का प्राविधान है। ऐसी रूढ़िवादी परम्परा है ह्यिह्यक अक्षय तृतीया (आखा तीज) का दिन इस प्रकार के आयोजन हेतु बहुत ही शुभ होता है तथा प्रायः इस प्रकार के विवाह सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने वैवाहिक आयोजन कराने वाले बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल, टैण्ट व्यवसायी, बैण्ड बाजा, फोटो ग्राफर, प्रिंटींग प्रेस, पुरोहित, मौलवी, कैटर्स आदि को निर्देशित किया कि जिसका भी विवाह कराएं उसकी आयु के बारे में स्पष्ट जानकारी कर लें अन्यथा की स्थिति में बाल विवाह के आयोजन में किसी तरह से सम्मिलित, सहयोग करने वाले भी दण्ड के भागी हो सकते हैं। मनीष बंसल ने स्वयं सेवी संगठनों तथा सभ्यजनों से अपील की है कि बाल विवाह को हतोत्साहित करें तथा बाल विवाह की किसी भी घटना के सम्बन्ध में सूचना कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, कलेक्ट्रेट, 100 नम्बर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर, 181 महिला हेल्प लाइन, अपने नजदीकी थाने व चौकी पर तत्काल देने का कष्ट करें ताकि बाल विवाह को तत्काल रोका जा सकें।

सभी नामित पार्षदों को महापौर ने दिलायी शपथ

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। महापौर डॉ अजय कुमार ने आज नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में शासन द्वारा मनोनीत नामित दस पार्षदों को शपथ दिलायी और उनसे परस्पर समन्वय बनाते हुए महानगर के विकास में सहयोग देने की अपील की। शपथ ग्रहण करने वाले नामित पार्षदों में धनपाल कश्यप, मुरारी खेतवाल, मनीष सचदेवा, शिवमंगल सिंह, राजेश वालिया, जसवीर मोगा, प्रवीण रोहिला, राहुल झाम, निशांत वर्मा व अरुण गुप्ता शामिल रहे। सभी नामित पार्षदों को एक सादे समारोह में महापौर डॉ. अजय कुमार ने शपथ दिलायी और महानगर के विकास में योगदान की अपील करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शपथ के पश्चात महापौर डॉ. अजय कुमार, निगर विधायक राजीव गुबर व रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम व महानगर भाजपा अध्यक्ष शीतल विश्नोई गोयल, उपसभापति मयंक गर्ग तथा पार्षद दिग्विजय चौहान और मुकेश गक्खड़ आदि अन्य पार्षदों ने सभी नामित पार्षदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने नामित पार्षदों को मंगल कामनाएं देते हुए कहा कि सभी नामित पार्षद नगर निगम बोर्ड की बैठकों में तो सहभागिता करेंगे ही साथ ही शहर के विकास, जनहित तथा सुशासन को भी एक नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके आने से निगम को नयी ऊर्जा और नयी ताकत मिलेगी।

कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। ग्राम प्रधान संगठनों ने आगामी पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने तथा प्रशासक नियुक्त न किए जाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए समस्या का निस्तारण किए जाने की मांग की। विभिन्न ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधि हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी प्रधान नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल आगामी 26 मई एवं 19 जुलाई 2026 को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए समय पर पंचायत चुनाव कराना संभव प्रतीत नहीं होता। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में हो रही देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की लंबित प्रक्रिया तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया पूरी न होना प्रमुख कारण बताए गए हैं। प्रधान संगठन का कहना है कि यदि इन परिस्थितियों में निर्वाचित पंचायतों को हटाकर प्रशासकों की नियुक्ति की जाती है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत होगा। उन्होंने पूर्व के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि प्रशासकों की नियुक्ति के दौरान कई स्थानों पर पारदर्शिता की कमी, जवाबदेही का अभाव और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिससे ग्रामीण जनता का विश्वास प्रभावित हुआ। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि वर्तमान पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखा जाए और प्रशासक नियुक्त न कर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाये।

अब पीएनजी से बनेगा अन्नपूर्णा रसोई में भोग प्रसाद

गेल की एक और उपलब्धि

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आपूर्ति की सफल शुरुआत आज शुक्रवार से की है। यह काशी विश्वनाथ क्षेत्र में किसी रसोई को प्रदान किया गया पहला पीएनजी कनेक्शन है, जो क्षेत्र में स्वच्छ, सुरक्षित और सतत ऊर्जा के उपयोग की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह उपलब्धि गेल वाराणसी सीजीडी परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। पीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ मंदिर प्रशासन की ओर से शंभु लाल, एसडीएम बनारस, तथा सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम), जो वाराणसी सीजीडी परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं, की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर गेल की ओर से गौरी शंकर मिश्र (महाप्रबंधक), सुरेश तिवारी (महाप्रबंधक),कालाधर नारायण, उदित सिन्हा,नवाज़िश अली अंसारी, मुख्य रहो।इन्हीं के द्वारा वाराणसी में पाइपलाइन बिछाने के कार्य तेजी के साथ चल रहा है और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है। इस मौके पर चंदन कुमार, प्रवीण सिंह तथा देबाशीष साहू उपस्थित रहे। गेल ने बताया कि,इस चुनौती पूरा कार्य को मात्र 9 दिन में पूरा किया गया और सफलता भी पाया गया।

बताया कि,काशी विश्वनाथ मंदिर तक पहुँचने वाली गलियाँ अत्यंत संकरी,भीड़भाड़ वाली और उच्च पैदल यात्री आवागमन वाली हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में अनेक भूमिगत उपयोगिताएँ, सीमित कार्यस्थल, तथा सुरक्षा के कड़े मानक कार्य के प्रमुख अवरोध थे। गेल की टीम ने निरंतर दिन- रात कार्य करते हुए, सूक्ष्म योजना, मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से,सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पाइपलाइन बिछाने एवं पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ करने का कार्य समय से पहले पूरा किया। यह गेल टीम की तकनीकी दक्षता, प्रतिबद्धता और टीमवर्क का सशक्त उदाहरण है। गेल ने बताया कि, अन्नपूर्णा रसोई में इससे बड़ा लाभ मिलेगा और यहां प्रतिदिन लगभग 15 वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी, जो प्रतिमाह लगभग 450 सिलेंडर होती थी।

पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद इन एलपीजी सिलेंडरों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकेगा, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा और ईंधन संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। इस पहल से न केवल अन्नपूर्णा रसोई की परिचालन दक्षता, सुरक्षा और लागत प्रभावशीलता में सुधार होगा, बल्कि इसके माध्यम से आसपास के आवासीय एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तक पीएनजी नेटवर्क के विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। के साथ ही स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति उपलब्ध होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

बाबा साहेब अम्बेडकर के विचार राष्ट्र निर्माण के मूल आधार हैं : मुख्य अतिथि

महोबा। नगर पालिका सभागार महोबा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत विलास शिवहरे जी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्र निर्माण के मूल आधार हैं। भारतीय जनता पार्टी उन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा सरकार ने वंचित, शोषित और अनुसूचित समाज के सम्मान और उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जो बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र बाबा साहब के विचारों से प्रेरित है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के सम्मान और उत्थान का संकल्प निहित है।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन की संयुक्त बैठक सम्पन्न

25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी होमगार्ड परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

महोबा। होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया को अत्यंत गंभीरता एवं सतर्कता के साथ संपादित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे।

बैठक दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, विद्युत एवं इंटरनेट की सुचारु व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने एवं चेकिंग, फ्रिस्किंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री की सुरक्षा, परिवहन एवं वितरण की प्रक्रिया को पूर्णतः मानकों के अनुरूप एवं कड़ी निगरानी में संपन्न कराए पर जोर दिया साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया कि परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिले में कुल 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक पाली में 2064 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग ने समन्वय स्थापित करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। अंत में अधिकारियों ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

ग्रीन पैलेस होटल में 'लव जिहाद' का खेल

15 दिनों तक बंधक बनाकर युवती से दुष्कर्म

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। थाना गांधीपार्क क्षेत्र के बोनेर तिराहे पर स्थित 'ग्रीन पैलेस ओयो होटल' में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक युवती को पिछले 15 दिनों से बंधक बनाकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। शुक्रवार को होटल के कमरे में युवती संदिग्ध और मरणासन्न हालत में मिली, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ-साथ मौके से एक तथाकथित पत्रकार को भी आपत्तिजनक अवस्था में गिरफ्तार किया है।

पीड़िता के परिजनों और पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर युवती को प्रेम जाल में फंसाया और उसे होटल में ले आया। आरोप है कि पिछले दो हफ्तों से युवती को कमरे में बंद रखा गया और उसे नशीला पदार्थ देकर लगातार शारीरिक शोषण किया गया। शुक्रवार को जब युवती की चीखें बाहर आईं और उसकी हालत बिगड़ी, तब मामला उजागर हुआ। जैसे ही घटना की जानकारी फैली, विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बोनेर तिराहे और थाने पर जमा हो गए। कार्यकर्ताओं ने इसे 'लव जिहाद' का स्पष्ट मामला बताते हुए होटल को सील करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

मौके से तथाकथित पत्रकार गिरफ्तार

होटल में छापेमारी के दौरान पुलिस उस समय दंग रह गई जब कमरे से एक तथाकथित पत्रकार लवकुश को भी नग्न अवस्था में पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, होटल में अनैतिक गतिविधियों का खेल लंबे समय से चल रहा था, जिसमें रसूखदार और कथित मीडियाकर्मियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है। गांधीपार्क पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई प्रभात फेरी

टांडा, अंबेडकर नगर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाने के लिए सत्र 2026- 27 में 1 अप्रैल से चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के अंतिम दिन प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर, शिक्षा क्षेत्र-बसखारी के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता प्रभात फेरी एआर पी प्रमोद विश्वकर्मा एवं रणविजय सिंह यादव तथा प्रधानाध्यापक दिनेश नारायण सिंह के नेतृत्व में ग्राम सभा रामपुर बेनीपुर में निकाली गई। छात्र-छात्रा द्वारा स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे पढ़ी-लिखी नारी, घर की उजियारी ,सब पढ़े सब बढ़ें, लड़का - लड़की एक समान, यही संकल्प यही अभियान,मत करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल , पापा हमें प्यार दो ,पढ़ने का अधिकार दो आदि लगाते हुए चल रहे थे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष नवीन सत्र के पहले पक्ष में विद्यालय से संबंधित प्रधानाध्यापक, शिक्षामित्र आदि अपने कार्यरत विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर संपर्क करते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में हुई अभियोजन की बैठक, अपराधियों पर सख्ती के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की। जिलाधिकारी नें सभी उपजिलाधिकारीयों को 107/16 में अपराधियों को पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालय के वादों को टेक अप कराने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की।

फिजिक्सवाला के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में दर्ज की शानदार सफलता

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। काशी धाम की राजधानी के अलावा शिक्षा की भी बहुत बड़ा हब बनता जा रहा है। भारत के सभी प्रति के बच्चे यहां पर शिक्षा पाने के लिए आते हैं । यहा गुरुवार का दिन शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के लिए जश्न का अवसर बन गया, जब इसके कई छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक हासिल किए। इनमें कुछ छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान मोहापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देशभर में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, फिजिक्स वाला के टेक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र 'पीडब्लू विद्यापीठ' द्वारा वाराणसी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के उन पीडब्लू छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में शाल्वी दुबे (98.60%), आर्यन अनिल (98.20%) और अक्षय प्रताप सिंह (97.60%) शामिल रहे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा, 'निरंतर तैयारी, नियमित अभ्यास और स्कूल व पीडब्लू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे परफेक्ट स्कोर हासिल करने में मदद की। 'इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 25 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों का प्रदर्शन शैक्षणिक सफलता में संरचित ऑनलाइन और हाइब्रिड लर्निंग की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है।

इस अवसर पर विशेष रूप से उन छात्रों को बधाई, जिन्होंने परफेक्ट स्कोर हासिल किया। ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं। '

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की माह मार्च 2026 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में जनपद को विकास कार्यों में 17वां स्थान प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान 29 विभागों की कुल 78 योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में कुछ योजनाओं का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया– डी श्रेणी में चिकित्सा विभाग की जननी सुरक्षा योजना को 63वीं रैंक तथा 10 में से 2 अंक प्राप्त हुए। सी श्रेणी में

महिला एवं बाल विकास विभाग की आईसीडीएस पोषण अभियान को 49वीं रैंक एवं 3 अंक, समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को 58वीं रैंक एवं 5 अंक प्राप्त हुए। उद्योग विभाग की ओडीओपी वित्त पोषण योजना को 73वीं रैंक एवं 6 अंक, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को 54वीं रैंक एवं 6 अंक प्राप्त हुए। जल निगम (ग्रामीण) की जल जीवन मिशन योजना को 41वीं रैंक एवं 8 अंक मिले। पर्यटन विभाग की राज्य योजना को 55वीं रैंक एवं 7 अंक प्राप्त हुए। वहीं, ग्राम्य विकास विभाग की डीएनआरएलएम आरएफसी आईएफ योजना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11वीं रैंक एवं 10 में से 10 अंक प्राप्त किए। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार लाते हुए आगामी माह में रैंकिंग बेहतर करें।

नारी शक्ति वंदना अधिनियम के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। आज कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिला वक्ताओं ने सहभागिता करते हुए अधिनियम के प्रावधानों, महत्व एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ0 शशि किरन (शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य, एन0ए0के0पी0 डिग्री कॉलेज) ने अधिनियम को महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। डॉ0 सुनीता यादव (चिकित्सक) ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से समाज के समग्र स्वास्थ्य एवं विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही।

श्रीमती उमा मिश्रा (अधिवक्ता) ने अधिनियम के विधिक पहलुओं की जानकारी देते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीमती गुंजा जैन (पर्यावरणविद) ने महिलाओं की भागीदारी को सतत विकास से जोड़ते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण बताया।

इसके अतिरिक्त, श्रीमती गुंजन एवं सुश्री नम्रता (स्वयं सहायता समूह) तथा श्रीमती पूनम पाल (एफ0पी0ओ0) ने ग्रामीण एवं आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अधिक सशक्त बनाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा तथा देश के समग्र विकास में उनकी भागीदारी को और सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी,जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

पत्नी के ससुराल नहीं आने पर युवक ने खुद पर डीजल छिड़क कर लगाई आग

महोबा। चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम सालट में पत्नी ने कुछ दिन माता पिता के साथ घर में रहने की बात से आहत पति ने अपनी ससुराल के बाहर डीजल डालकर खुद को आग लगा ली। आग लगते ही शोर शराब होने पर ग्रामीणों ने आग बुझाई और गंभीर हालत से घायल युवक को ससुरालीजन जिला अस्पताल ले गए। युवक का करीब 80 फीसदी शरीर जल जाने के कारण डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

कुलपहाड़ निवासी विकास कुशवाहा (23) की शादी 14 महीने पहले चरखारी क्षेत्र के सालट गांव निवासी राजकुमारी से हुई थी। राजकुमारी करीब 10 दिन पहले अपने माता पिता से मिलने के लिए मायके आई थी। कई दिन रुक जाने के बाद विकास अपनी पत्नी को वापस घर ले जाना चाहता था और उसे लेने के लिए वह अपनी ससुराल पहुंच गया। पत्नी ने कुछ दिन और मायके में रुकने की बात कही, जिससे विकास आहत हो गया।

श्री बलदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण के साथ आटा प्लांट का अवलोकन

वाराणसी। श्री बलदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़ागांव, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस भ्रमण में विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विख्यात कोहिनूर आटा प्लांट का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आटा, मैदा, सूजी आदि उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया एवं उनकी गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर फर्म के चेयरमैन बृजेश गुप्ता ने विस्तारपूर्वक दिया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नंदिनी ग्रुप के पशु आहार प्लांट का भी अवलोकन किया, जहां उन्हें कृषि आधारित उत्पादों के निर्माण एवं उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। भ्रमण के उपरांत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा कोहिनूर आटा के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती के महामंत्री बृजेश गुप्ता को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रोफेसर) विश्वनाथ कुमार, डॉ. (श्रीमती) अर्चना गुप्ता, डॉ. (श्रीमती) शिवा दुबे, डॉ. पंकज सिंह एवं डॉ. राकेश्वरी प्रसाद उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. (श्रीमती) अर्चना गुप्ता द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

मिशन शक्ति के तहत छात्र छात्राओं ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर नारी जागरूकता का दिया परिचय

महोबा। शासन के निर्देशन में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय महोबा में छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाते हुए बोर्ड पर हस्ताक्षर कर नारी जागरूकता का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य डॉ. आरिफ राईन ने नारी शक्ति के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उधर स्व. पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय बेलाताल में नारी सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया, जिसके तहत क्षेत्र में नारी शक्ति पदयात्रा निकाली गई। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाई और छात्र छात्राओं ने बोर्ड पर अपने अपने हस्ताक्षर करके नारी जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर प्राचार्य डॉ. आरिफ राईन ने इस अधिनियम को आजाद भारत के इतिहास में महिलाओं के अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के जागरण से ही समाज प्रगति कर सकता है और महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी ही लोकतंत्र को सफल बनाने में सहायक होगी।कहा कि ने आधी आबादी अर्थात नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस समाज परिवार और देश में अपने कर्तव्य और अधिकारों के प्रति जागरूक नारियां होगी वह समाज के अलावा आने वाली पीढी सुशिक्षित, सुसभ्य और परिश्रमशील होगी तभी देश सुविकसित होगा। इस मौके पर प्रोफेसर संतोष शर्मा, क्रांति देवी, विकास वर्मा, रामशरण यादव, प्रशांत शुक्ल, संदीप खरे सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। उधर स्व. पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय बेलाताल के प्राचार्य भूपेंद्र पांडेय के देखरेख में स्टाफ व छात्र छात्राओं नारी शक्ति पदयात्रा निकाली, जो प्रमुख मार्ग से होते हुए पुनः महाविद्यालय में आकर संपन्न हुई।

भैरव मंदिर में भाजपा द्वारा भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दहेलिया के अमृत सरोवर के पास स्थित भैरव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमृतपुर विधानसभा का डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सलेमपुर मंडल अध्यक्ष लालू राजपूत ने की। पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य जिला उपाध्यक्ष अभिषेक बाथम जिला मंत्री पंकज पाल जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर एक सामान्य पुरुष नहीं बल्कि महामानव थे उन्होंने गरीब पिछड़े दलित वंचित और शोषित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय संविधान की रचना की उन्होंने कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही बढ़ेगा। शिक्षा व्यक्ति को कितने ऊंचे स्तर पर ले जा सकती है यह डॉ अंबेडकर ने साबित कर दिया उनका उद्देश्य था समाज के प्रत्येक गरीब वर्ग को अच्छी शिक्षा मिले। एक लंबे समय तक देश में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था वह कांग्रेस ने नहीं दिया बल्कि वह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। उनसे जुड़े हुए स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में स्थापित किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर अंबेडकर की विचारधारा को आत्मसात करके भारत के गरीब वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। सपा और कांग्रेस संविधान की प्रक्रिया लेकर गली-गली घूम रहे थे लेकिन उनकी सरकारों में सबसे ज्यादा दलित समाज का उत्पीड़न किया गया डॉ साहब को भारत रत्न देने में भी देरी की गई। भाजपा ने डॉक्टर अंबेडकर के सम्मान के लिए सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाया है। सपा के लोग पीडीए के नाम पर दलित समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। सपा जब-जब सत्ता में आती है तब-तब दलित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर हमले होते हैं। डॉ आंबेडकर एक वर्ग के नहीं बल्कि पूरे समाज के नेता थे उन्होंने संविधान देकर सभी को न्याय देने की व्यवस्था सुनिश्चित की। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला है जो डॉक्टर अंबेडकर की विचारधारा से प्रेरित है कांग्रेस सपा जैसे दल इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं वह महिलाओं को 33% आरक्षण के पक्ष में नहीं है।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा डॉ आंबेडकर के विचार सामाजिक समानता शिक्षा न्याय और स्वतंत्रता पर आधारित है उन्होंने जाति व्यवस्था छुआछूत और महिलाओं के उत्पीड़न का पुरजोर विरोध किया तथा संवैधानिक अधिकारों बंधुत्व और शिक्षा के माध्यम से दलित व वंचितों वर्ग के उत्थान पर जोर दिया था उनका उद्देश्य था शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो भाजपा सरकार उनके विचारों को लेकर आगे बढ़ रही है।

श्रीमद्भावगत कथा के समापन पर उमड़ा आस्था का सैलाब, प्रसाद का हुआ वितरण

अवधनामा संवाददाता

महोबा। नगर के मां बाघ बिराजन धाम के वैभव शाली ऑडिटोरियम में चल रही श्रीमद्भावगत कथा के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला में पूर्ण आहुति देकर सम्पन्न हुआ। कथा व्यास ने कथा में भागवत कथा से जीवन में मिलने वाले प्रतिफल व महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। अंत में आयोजक मंडल ने कन्याभोज व प्रसाद वितरण किया, जिसमें भारी संख्या ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

पंडित नरेंद्र दुबे जी महाराज के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन विधि विधान से यज्ञशाला में पूर्णाहुति दी गई। सात दिनों तक चले कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डालकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर भजन कीर्तन, भगवान कृष्ण की आरती और कन्या व प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित अभय कृष्ण महाराज ने कहा कि नित्य भगवान नाम का स्मरण करना चाहिए, क्योंकि कलयुग में भगवान नाम का स्मरण ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का महत्व समझाते हुए कहा कि भगवत गीता में मनुष्य के जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सार समाहित है।

राम महल मंदिर की स्थापना 29 अप्रैल को, स्किल डेवलपमेंट सेंटर व 'सीता रसोई' का भी शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में 29 अप्रैल को भव्य धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन के तहत राम महल मंदिर की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्किल डेवलपमेंट सेंटर और 'सीता रसोई' का भी शुभारंभ किया जाएगा, जिसे समाज सेवा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।इस आयोजन की विशेषता यह है कि मंदिर में प्रज्ज्वलित होने वाली अखंड ज्योति अयोध्या स्थित राम मंदिर से लाई जाएगी। यह ज्योति धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है, जो सिलीगुड़ी के इस नए मंदिर को अयोध्या से जोड़ने का कार्य करेगी।मंदिर स्थापना कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी कई योजनाओं की शुरुआत करेगा।मंदिर परिसर में स्थापित होने वाला स्किल डेवलपमेंट सेंटर युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। वहीं 'सीता रसोई' के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जो सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करेगा।आयोजकों का कहना है कि यह पहल सिलीगुड़ी में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का एक नया मॉडल प्रस्तुत करेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

हस्ताक्षर अभियान चलाकर और कुल सचिव को ज्ञापन देकर जताया विरोध

अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता) नेगेटिव मार्किंग सेमेस्टर प्रणाली के विरोध में आज अवध विश्वविद्यालय में छात्र नेता राणा आशुतोष सिंह नेहा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया।

छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया सुबह से ही विश्वविद्यालय मुख्य परिसर और आईटी मुख्य परिसर गेट पर बैनर लगाकर सभी विभागों के छात्राएं हस्ताक्षर अभियान कर रहे हैं पिछले 5 दिनों से विश्वविद्यालय में इस नए सेमेस्टर प्रणाली को लेकर प्रत्येक छात्रों में विरोध देखने को मिल रहा है।

हस्ताक्षर अभियान के बाद छात्रों ने कुल सचिव के पास पहुंचकर ज्ञापन सोपा और एक हफ्ते के अंदर इस निर्णय को बदलने का चेतावनी दिया अन्यथा विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन का चेतावनी दिया। राणा स्तोत्र ने बताया कि पिछले 4 दिनों से हम लोग इसको लेकर विरोध जाता रहे हैं प्रत्येक विभागों में जाकर हम लोगों ने काला पट्टी बात कर विरोध जताया तथा 1106 छात्राओं ने एप्लीकेशन के माध्यम से अपना विरोध जताया और आज हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से करीब 1500 छात्र ने हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज कराया।

छात्रों ने बताया कि कुलपति की रवैया बिल्कुल तानाशाही जैसा है अगर उनके इस रवैया में बदलाव नहीं आता है तो आगे की परिणाम के लिए कुलपति तैयार रहें जब युवा कलम छोड़कर विश्वविद्यालय के सड़कों पर आंदोलन करने निकलेगा तो कुलपति को कुर्सी छोड़कर लखनऊ राज भवन भागना पड़ेगा।

विश्वविद्यालय के छात्राओं का कहना है कि जल्द से जल्द नेगेटिव मार्किंग प्रक्रिया को वापस लिया जाए अन्यथा सभी छात्र कुलपति के विरोध में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से योगेश सिंह,दीपदंशु, राज सिंह हर्षवर्धन सिंह रवींद्र वर्मा रितिक सिंह बृजेश तिवारी उपस्थित रहे।

नाला साफ होगा, गहराई भी बढ़ेगी: ऋषि टोला से सब्जी मंडी तक जलभराव खत्म करने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। शहर के बीचों-बीच ऋषि टोला से सब्जी मंडी तक जाने वाले नाले की अब विशेष सफाई कराई जाएगी। बरसात से पहले नाले को पूरी तरह साफ करने के साथ जरूरत के अनुसार उसकी गहराई भी बढ़ाई जाएगी, ताकि जल निकासी बाधित न हो। इसके लिए नाले पर हुए अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे। यह निर्देश महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत निरीक्षण के दौरान दिए।सुबह करीब 7 बजे महापौर के ऋषि टोला पहुंचने पर पार्षद अनिल सिंह ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण में पार्षद हरिश्चंद्र अग्रहरि और सपा पार्षद दल के नेता विशाल पाल भी मौजूद रहे। महापौर ने जलभराव की समस्या को देखते हुए नाले की ऊंचाई व गहराई बढ़ाने की आवश्यकता जताई और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार को स्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले की गहराई कम होने से अक्सर जलभराव हो जाता है। कई स्थानों पर अतिक्रमण भी किया गया है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि नाले पर रखी गई पटिया वाहनों के दबाव से टूट चुकी है। नगर आयुक्त ने इन्हें बदलवाने का आश्वासन दिया और किनारे जमा कचरा तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एंटी लार्वा का छिड़काव और सफाई कार्य भी चलता मिला। नागरिकों ने शिकायत की कि बारिश के समय बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में लापरवाही की शिकायत पर महापौर ने कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पुरानी सब्जी मंडी के पहले नाला खुलवाने के आदेश दिए। निरीक्षण का समापन फतेहगंज चौराहे पर हुआ, जहां सुंदरीकरण कराने का आश्वासन दिया गया।इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, सहायक अभियंता राजपति यादव, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही से पीड़ितों के खाते मे एक लाख पचास हजार वापस कराया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। एपीके फाइल डाउनलोड व फर्जी अधिकारी बनकर डरा-धमकाकर आवेदकों से पैसे ट्रांसफर करा लेने के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस बाराबंकी द्वारा पीड़ितों के कुल 1,50,198 रुपये को वापस कराया गया। जनपद बाराबंकी में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय निर्देशन पर साइबर सेल प्रभारी ब्रजेश कुमार यादव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में पीड़ितों की धोखाधड़ी की गई संपूर्ण धनराशि वापस कराई गई। थाना बड़ुपुर के ग्राम गोंडिया के रहने वाले पीड़ित संजय गुप्ता पुत्र ओमकरण गुप्ता ने थाने मे प्रार्थना पत्र जिसमें अज्ञात साइबर ठगों ने पीड़ित के मोबाइल में एक संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड कराकर उनका फोन हैक कर लिया और खाते से 99,998.98 रुपये की धोखाधड़ी निकाल लिया गया। वही नाका पैसार कोतवाली नगर निवासी बलराम श्रीवास्तव पुत्र गोविन्द प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को अधिकारी बताकर और भय दिखाकर 50,200 हजार रुपये की धोखाधड़ी का उल्लेख किया गया।

चन्द्रशेखर की सोच ने राजनीति को नई दिशा दी: राजनाथ शर्मा

युवा तुर्क नेता चन्द्रशेखर के भव्य स्मारक को बनाने की पहल करेगा समता ट्रस्ट

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री युवा तुर्क नेता स्वर्गीय चंद्रशेखर की 100वीं जयंती शुक्रवार को देवा रोड स्थित में मनाई गई। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के सहयोगी रहे समता ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर इकलौते नेता थे जिन्होंने प्रधानमंत्री की कुर्सी पर आसीन होने के बाद बहुत कम समय में देश की तमाम समस्याओं का निराकरण कराया। चन्द्रशेखर केवल एक महान नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा और युग के प्रतीक थे। उनके राष्ट्रप्रेम, दूरदर्शिता और सुशासन की सोच ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। आज उनकी जन्मशताब्दी पर जिले में एक भव्य स्मारक बनाने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री शर्मा ने बताया कि चन्द्रशेखर जी की भले ही जन्मभूमि बलिया रही हो लेकिन उनकी कर्मभूमि बाराबंकी भी थी। उनका राजनीति के साथ-साथ कृषि के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। शहर के निकटतम सफेदाबाद स्थित भुहेरा गांव में उन्होंने चौधरी अजीमुद्दीन अशरफ की जमीन को किराए पर लेकर लगभग 50 सालों तक खेती की। पहले उनके मामा और मित्र श्याम जी त्यागी इसे देखते थे। जब चन्द्रशेखर जी राजनीतिक दायरा बढ़ गया तब उनके मित्र पतित पावन अवस्थी यह काम देखने लगे। चन्द्रशेखर जी का बाराबंकी लगातार आना जाना लगा रहा। उन्होंने कई राते भुहेरा गांव में गुजारी। मुझे लगता है इसी के प्रेरणा से उन्होंने हरियाणा स्थित भौंडसी गांव में एक आश्रम बनवाया।

जहां हर साल चन्द्रशेखर जी अपना जन्मदिन मनाते थे, जब तक वह जीवित रहे मैं भी वहां जाता था। चन्द्रशेखर जी जब जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए तब वह सै. सगीर अहमद और राजनारायण जी के साथ मेरे घर आए। श्री शर्मा ने कहा कि हम लोगों की राय है कि बाराबंकी में चन्द्रशेखर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए राज्य सरकार एक खेल-कूद का मैदान और चन्द्रशेखर की प्रतिमा के साथ-साथ उनका स्मारक बनवाया जाए। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर का जन्मशताब्दी वर्ष 17 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इस विशेष वर्ष के अवसर पर समता ट्रस्ट 'जननायक चन्द्रशेखर जन्मशती समारोह समिति' के माध्यम से प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। राजधानी लखनऊ, बाराबंकी, बलिया और बदायूं सहित विभिन्न शहरों में संगोष्ठियां, स्मृति कार्यक्रम, संवाद और विचार गोष्ठियों का आयोजन होगा। जिसका उद्घाटन सत्र बाराबंकी में होगा। जिसके के लिए चन्द्रशेखर जी के अभिन्न मित्र एवं उनके सहयात्री रहे राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय को आमंत्रित किया गया है।

सेंट ज़ेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया

सिद्धौर बाराबंकी।(अवधनामा सवाददाता) क्षेत्र के हैदरगढ़ भिटरिया रोड गढी सतरही स्थित सेंट ज़ेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए। इस वर्ष का सर्वाधिक अंक 96त्न रहा, जिसे देव प्रताप सिंह ने हासिल किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। देव प्रताप सिंह की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन प्रमुख रहा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एंड्रयू रमेश एवं प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही समस्त शिक्षकों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की गई, जिनके संयुक्त प्रयास से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो सका। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि आने वाले वर्षों में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार मेहनत और लगन से सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

एनटीपीसी टांडा को मिला नया चेहरा: यश सोनकर बने जनसंपर्क अधिकारी

अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता) एनटीपीसी टांडा में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर श्री यश सोनकर ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके आगमन से परियोजना की जनसंपर्क एवं संचार गतिविधियों को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। श्री सोनकर इससे पूर्व TOI.com, नई दिल्ली में कंसल्टेंट (एडिटोरियल) के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मीडिया और संचार क्षेत्र में उनके समृद्ध अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने उनका स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके अनुभव और कार्यकुशलता से संस्थान की छवि और अधिक सुदृढ़ होगी तथा जनसंपर्क कार्यों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

स्कूल चलो अभियान रैली पूरे उत्साह के साथ निकली

सिसवा बाजार (महराजगंज) (अवधनामा संवाददाता)। सिसवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन शुक्रवार को पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। रैली का नेतृत्व प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नंदू गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और रैली में सहभागिता की। रैली के माध्यम से बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया तथा शिक्षा के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

ग्रामीणों ने रैली का स्वागत करते हुए शिक्षा के इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता से जुड़े नारे लगाकर माहौल को ऊर्जावान बना दिया।

बालहित में संचालित सरकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

सोशल वर्कर प्रियंका ने छात्राओं को दिलायी कानून का पालन करने व बाल विवाह न करने की शपथ

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह पर रोकथाम एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन व जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त सहयोग से जनपद के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देवा में जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल अधिकार व सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बच्चों के हितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती प्रियंका रावत द्वारा सभी बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने व कानून का पालन करने तथा बाल विवाह न करने की शपथ दिलायी गई। प्रियंका रावत ने छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि बच्चों की कम उम्र में शादी कर दी जाती है, तो उनके जीवन में काफी दुष्परिणाम सामने आते हैं।

बालिकाओं का शारीरिक व मानसिक विकास पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से अंजली जायसवाल द्वारा बालिकाओं को संकल्प लेकर अपने भविष्य के प्रति सजक रहने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि लड़की मन में ठान ले तो बहुत कुछ हासिल कर सकती है, वह अपनी पढ़ाई व मेहनत से ऊंचाइयों को छू सकती हैं, पुलिस को बिना किसी भय के ऐसे मामलों की सूचना देना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय देवा के प्रधानाचार्य, चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से रोहित वर्मा, जैल सिंह सहित विद्यालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर कार्रवाई, दो डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली सीज

महराजगंज। थाना घुघली पुलिस ने अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने 16 अप्रैल को चेकिंग के दौरान तीन वाहनों को ओवरलोड लाल मिट्टी का परिवहन करते हुए पकड़ा। सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया।

पकड़े गए वाहनों के चालकों में शेषनाथ, अरविंद पटेल और सुदामा यादव शामिल हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मामले की सूचना खनन विभाग को देकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनीत कुमार राय सहित पुलिस टीम के अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नारी शक्ति वंदन' पद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, महिलाओं का जोश चरम पर

अयोध्या। गोशाईगंज में महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ 'नारी शक्ति वंदन' भव्य पद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी से पूरा क्षेत्र नारी शक्ति के जयघोष से गूंज उठा।पदयात्रा की शुरुआत गोशाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। हाथों में सशक्तिकरण के संदेश वाली तख्तियां और 'नारी शक्ति' के नारों के साथ महिलाओं ने समाज में अपनी बढ़ती भागीदारी का संदेश दिया।यात्रा में गृहिणियों, कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन केवल एक कानून नहीं, बल्कि आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है। 33 प्रतिशत आरक्षण से अब नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे लोकतंत्र और मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि यह पद यात्रा बदलते भारत की तस्वीर है, जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं।

इंडो-नेपाल बॉर्डर मार्ग परियोजना में विलंब पर डीएम नाराज

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कार्यदाई संस्थाओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और कहा कि सभी कार्यदाई संस्थाएं सुनिश्चित करें कि भवन निर्माण परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन, पेयजल, जल निकासी, बाह्य परिसर विकास और अन्य आवश्यक इंतजामों को सुनिश्चित करे। आवासीय विद्यालयों में परिसर की साफ-सफाई का निर्देश दिया। उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निर्मित शौचालयों की उपयोगिता जांच पंचायतीराज विभाग और नगर निकाय के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इंडो-नेपाल बॉर्डर मार्ग परियोजना में विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए परियोजना में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पर्यटन परियोजनाओं में पूर्ण परियोजनाओं के हैंडओवर के लिए जरूरी औपचारिकताओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जो परियोजनाएं तकनीकी वजहों से विलंबित हैं उनमें कार्यदाई संस्था प्रशासकीय विभाग के साथ समन्वय करते हुए समाप्ति तिथि में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, अधिशासी अभियंता जल निगम श्री आतिफ हुसैन सहित कार्यदाई संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी व विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अंबेडकर सम्मान अभियान-2026 के तहत निचलौल में संगोष्ठी सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

निचलौल (महराजगंज)। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान-2026' के अंतर्गत 317 सिसवा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला, निचलौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके ऐतिहासिक योगदान को विस्तार से स्मरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष परदेशी रविदास तथा मुख्य वक्ता कन्हैया प्रसाद रहे। मुख्य वक्ता ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से प्रेरित रहा। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने बाबा साहेब के बचपन से लेकर महापरिनिर्वाण तक की जीवन यात्रा, उनके साहित्यिक योगदान तथा महिलाओं एवं श्रमिकों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से प्रत्येक वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। संगोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष संतोष, गौतम चौधरी एवं सरोज पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सरोज पाण्डेय ने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण हेतु डॉ. अंबेडकर द्वारा किए गए संवैधानिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

दो सिलेंडर में कैसे निपटेगी शादी? 400 आवेदन लंबित

शादी के कार्ड सहित विभाग में जमाकर कर रहे आवेदन

जिला पूर्ति विभाग में लगभग 400 से अधिक आवेदन शादी के कार्ड के साथ अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडर के लिए जमा हो चुके हैं

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। शादी विवाह वाले घरों को गैस सिलेंडर की नजर लग गई हैं। लोगों को शादी कार्ड वितरण करने के साथ साथ गैस सिलेंडर भी दिलाने की बात बोलना पड़ रहा हैं। शादी-विवाह के चरम सीजन में जिले के सैकड़ों परिवार रसोई गैस की कमी से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि जिला पूर्ति विभाग में लगभग 400 से अधिक आवेदन शादी के कार्ड के साथ अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडर के लिए जमा हो चुके हैं, लेकिन आपूर्ति की सीमित उपलब्धता के कारण अधिकांश आवेदन अब तक लंबित हैं।

जिले में सामान्यतः एक उपभोक्ता को घरेलू उपयोग के लिए दो सिलेंडर की ही व्यवस्था मिलती है, जो रोजमर्रा के कामों के लिए तो पर्याप्त है, लेकिन शादी जैसे बड़े आयोजनों में यह व्यवस्था पूरी तरह नाकाफी साबित हो रही है। एक औसत शादी में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों के भोजन की व्यवस्था करनी होती है, जिसमें लगातार गैस की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में अतिरिक्त सिलेंडर न मिलने से आयोजन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगर इलाकों से भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। कई परिवारों ने बताया कि गैस की अनुपलब्धता के कारण उन्हें बाजार से महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने या लकड़ी, कोयला जैसे पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल खर्च बढ़ रहा है बल्कि समय और श्रम भी अधिक लग रहा है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, एलपीजी की आपूर्ति तय कोटे और स्टॉक पर निर्भर है, जिसके चलते अचानक बढ़ी मांग को पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि शादी वाले आवेदनों को प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण सभी को तत्काल राहत देना संभव नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि गैस वितरण की पूरी व्यवस्था की समीक्षा नियमित की जा रही है। किसी प्रकार की कोई समस्या ना उत्पन्न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं। वही जिलापूर्ति अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि आवेदनों की जांच कर संबधित गैस एजेंसी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

ढेबरुआ थाना क्षेत्र में खनन माफिया सक्रिय, बिना नंबर प्लेट के दौड़ रही दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां

जिम्मेदारों की मिली भगत से थाना क्षेत्र के पिकौरा, बरगदवा, धनौरा बुजुर्ग, घोरही उर्फ रोनिहवा नदी व राम नगर मुहवुरवा नदी के आसपास हो रहा खनन

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी, बालू खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदारों की मिली भगत से खनन माफिया जगह जगह जेसीबी व रीपर से मिट्टी भरकर दिन रात ईंट भट्ठे वालों को बेचकर मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि ढेबरुआ थाना क्षेत्र के मानपुर, तुलसियापुर, पिकौरा घोरही नदी बरगदवा ,रामनगर मुहचोरवा नदी के आसपास खाली पड़ी जमीनों पर रिपर व जेसीबी लगाकर खनन माफिया मिट्टी भरकर क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर चल रहे ईंट भट्ठे व अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन ब्रिकी करने वाले भू माफियाओं को महंगे दामों पर बेच कर माला माल हो रहे हैं। वहीं अगर कोई किसान या आम आदमी अपने निजी कार्य के लिए खेत से मिट्टी निकालना चाहे तो उसे दुनिया भर का नियम कानून का पाठ पढ़ाया जाता है। और उल्लंघन करने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। लेकिन खनन माफियाओं द्वारा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती है तो प्रशासनिक अमले को सांप सूंघ जाता है। जबकि बिना नंबर प्लेट वाली अवैध खनन में संलिप्त गाड़ियों द्वारा सड़क पर कई राहगीर चोटहिल हो चुकें हैं। लेकिन सब कुछ दवा इलाज के नाम पर मैनेज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

बताया जाता है कि लोग खनन अधिकारी या राजस्व विभाग के जिम्मेदारों से फोन कर सीयूजी या पर्सनल नंबर पर कोई जानकारी या बात करना चाहें तो इन लोगों का काल रिसीव नही होता है। और ना ही कोई जानकारी दी जाती है कि जो खनन होता है वह किसके परमीशन से होता है। लोगों का कहना है कि मिट्टी ढोने वाली गाड़ियां जब पुलिस के सामने से बिना नंबर प्लेट के गुजरती है। तो स्थानीय पुलिस प्रशासन को कुछ दिखता नहीं है या फिर जानबूझकर नजर अंदाज किया जाता है। शायद सारे नियम कानून सिर्फ छोटी गाड़ियों को चलाने वाले गरीब तबके लोगों के लिए बनाया गया है।

धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

बांसी सिद्धार्थनगर। स्थान सियाराम विवाह वाटिका रोडवेज के बगल तिथिः 19 अप्रैल 2026, रविवार (अक्षय तृतीया) मुख्य समाचारः आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सनातन धर्म के संवाहकों द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर-राजनीतिक और द्वेषरहित होगा, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता और धार्मिक चेतना जागृत करना है।आयोजन की शुरुआत सुबह दीप प्रज्ज्वलन और शंखनाद के साथ होगी। पूर्वाह्न 11:00 बजेः दीप प्रज्ज्वलन एवं मुख्य अतिथि सम्मान।अपराह्न 12:00 बजेः विद्वत जनों द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन।अपराह्न 02:30 बजेः विशेष सम्मान समारोह।अपराह्न 03:00 बजेः भगवान परशुराम जी की आरती।अपराह्न 03:30 बजेः नगर भ्रमण हेतु भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ।

गोंडा में आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। जनपद के जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को आठवें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों एवं जिला कार्यक्रम विभाग की ओर से पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण विषयक स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए।

पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। इस दौरान महिलाओं को पोषण किट वितरित कर स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि पोषण पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनजागरूकता का प्रभावी अभियान है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का नियमित वजन और स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके लिए विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक करें, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूल चलो अभियान तेज़ सम्मान समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता

आलापुर अम्बेडकर नगर। राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में कक्षा 9 उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं तथा स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्रवेश उत्सव के अवसर पर पहली अप्रैल को विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले प्रथम 10 छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा स्वयं की ओर से पुस्तकों एवं कापियों का पूरा सेट प्रदान किया गया।

प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प-माला अर्पित करते हुए प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ किया गया।अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि निर्धन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए ही उनके द्वारा वर्ष के कई आयोजनों के साथ प्रतिभा प्रोत्सान पुरस्कार योजना की शुरुआत की गई।इसी क्रम में आज आयोजित सम्मान समारोह में चयनित छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।इस वर्ष कक्षा 9 उत्तीर्ण प्रथम पांच स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं क्रमशः उजाला, प्रिया सहाय, अंशिका, शनी कुमार एवं स्वतन्त्र कुमार तथा स्कूल चलो अभियान के प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस एक अप्रैल को विद्यालय में कक्षा 9 में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं अथकेश्वर वर्मा, सत्यम, महिमा, लक्ष्मी, प्रीती,आदित्य, रागिनी अनन्या,अंकिता एवं अनुराग को पुस्तकों एवं कापियों का पूरा सेट,पेन आदि के साथ देते हुए सम्मानित किया गया।समारोह अवसर पर नारी शक्ति वन्दना के तहत महान नारी विभूतियों के जीवन विषय पर आधारित लघु नाटिका, लोकगीत एवं लोक नृत्य का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार, राम जतन वर्मा, प्रदीप कुमार के अलावा अभिभावक तारकेश्वर, शिव प्रसाद, दिलीप, प्रेम सहाय व शिवम, शुभम, विकास आदि मौजूद रहे।

नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए मिट्टी पटाई का काम किसानों ने रोका

बांसी सिद्धार्थनगर। खलीलाबाद से बहराइच नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए मिट्टी पटाई का काम चल रहा था जिसे छितौना गांव के कुछ किसानों ने शुक्रवार को रोक दिया। इनका कहना था कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला है, मुआवजा देने के बाद मिट्टी पटाई आदि कार्य किया जाए। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार महबूब आलम की टीम ने किसानों और ठेकेदार की समस्या को सुनकर समाधान कर दिया।

बताते चले कि छितौना गांव के किसान श्रीराम उर्फ मूसे, रामरूप यादव सहित कई किसानों का कहना है कि खलीलाबाद से बहराइच को जाने वाली नई रेलवे लाइन के लिए उनके खेत का अधिग्रहण किया गया है परंतु अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है जिसकी शिकायत इन लोगों ने कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर किया है।

महिलाएं समाज के निर्माण में भागीदारी निभाएं : पूर्व मंत्री

इटवा में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित, महिलाओं को सशक्त बनने का दिया गया संदेश

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। विधानसभा क्षेत्र इटवा के नगर स्थित वेलकम मैरिज हाल में नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुनियाव ब्लॉक प्रमुख रीता दूबे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता डॉ द्विवेदी ने कहा कि सम्मेलन में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी जागरूकता एवं उत्साह का परिचय दिया। डॉ द्विवेदी ने अपने संबोधन में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन और व्यवसाय जैसे हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। नारी शक्ति वंदन जैसे कार्यक्रम महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों को पहचानें और समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया। नारी शक्ति के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा के क्षेत्र में मजबूत बनाया जा रहा है। नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। महिलाओं ने यह भी कहा कि उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में अधिक जानकारी मिलती है, जिससे वे समाज में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभा पाती हैं।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान और उपलब्धियों के लिए दिया गया। सम्मानित महिलाओं ने इस पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन्हें आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

भारत से 100 रुपये से अधिक की खरीदारी पर देना होगा शुल्क, व्यापारियों की बढ़ी चिंता

कैलाश नाथ द्विवेदी

सिद्धार्थनगर। नेपाल सरकार ने भारत से खरीदारी करने वालों के लिए नियम सख्त करते हुए 100 रुपये से अधिक के सामान पर भंसार (कस्टम ड्यूटी) अनिवार्य कर दिया है। नेपाल में घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इसे लागू किया गया है। इस पर पांच से 80 प्रतिशत तक शुल्क लग सकता है।

नेपाल और भारत के बीच सीमा पार व्यापार हमेशा से ही आम जिंदगी से जुड़ा रहा है। नये नियम का सीमावर्ती इलाकों में खरीदारी और छोटे व्यापार पर सीधा असर पड़ सकता है। इससे भारत के स्थानीय व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। नेपाल में बालेंद्र शाह मंत्रिमंडल के नए फरमान के बाद भारत-नेपाल सीमा से जुड़े इलाकों में हड़कंप मच गया है। इस आदेश में किसी एनजीओ या सरकारी संस्था को भी कोई छूट नहीं दी गई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस नियम की जानकारी लाउडस्पीकर के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाई जा रही है। सीमा क्षेत्र के अधिसंख्य लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारत और नेपाल के बाजार पर निर्भर रहते हैं। यहां से वे सस्ता सामान खरीदते हैं। सीमावर्ती दुकानदारों के व्यवसाय पर भी इस निर्णय का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों के संचालन को लेकर सख्त कानूनी प्रविधान : नेपाल में भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों के संचालन को लेकर सख्त कानूनी प्रविधान लागू कर दिए गए हैं। अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना और वाहन जब्त होने तक की कार्रवाई की जा सकती है। नेपाल सरकार द्वारा लागू भंसार (कस्टम) महाशुल्क ऐन 2071 के तहत भारतीय सवारी साधनों को नेपाल में प्रवेश के लिए भंसार (कस्टम) अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने के साथ ही अन्य कठोर कार्रवाई की जा सकती है।

भारतीय बाजार सस्ते और सुविधाजनक

नेपाल के लोगों का कहना है कि यह निर्णय सीधे तौर पर गरीब, मजदूर और दिहाड़ी पर निर्भर परिवारों को प्रभावित करता है। जो लोग रोजाना 200-300 रुपये का सामान खरीदकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, उनके बारे में सरकार को सोचना चाहिए। बताया कि सीमा से सटे क्षेत्र के लोगों के लिए भारतीय बाजार में सस्ते और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध हैं। यहां से लोग दाल, तेल, नमक, चीनी, सब्जी, औषधि और अन्य खाने की चीजें खरीदकर अपने घर की जरूरतें पूरी करते हैं। नया नियम लागू होने से छोटी खरीदारियों पर भी असर पड़ेगा। विशेषज्ञ का मानना है कि सरकार का उद्देश्य भले ही राजस्व बढ़ाना और अवैध व्यापार पर रोक लगाना हो, लेकिन इसका प्रभाव आम निवेशकों पर ज्यादा पड़ेगा। बड़ी कंपनियों के बजाय छोटी खरीदारी इस नीति की मार झेलेंगी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगी नई पहचान : डॉ. अनीता मिश्रा

शिक्षा और सोच में बदलाव के बिना नहीं मिलेगा योजनाओं का पूरा लाभ

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनीता मिश्रा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से देश की आधी आबादी को मजबूत आवाज मिलेगी और उनके सपनों को नई दिशा प्राप्त होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे उनका सशक्तिकरण हुआ है, लेकिन यदि महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी तो वे इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगी। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और महिलाओं के प्रति अपनी सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अब तक यह धारणा रही है कि महिलाएं राजनीति में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकतीं, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। महिलाएं जब राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएंगी तो वे अधिक संवेदनशील और जनहितकारी नीतियां एवं कानून बनाएंगी, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने से महिलाओं की जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। जो महिलाएं अब तक केवल परिवार और घर तक सीमित थीं, वे अब जिले, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों की जिम्मेदारी भी निभाएंगी। ऐसे में महिलाओं को इस अवसर का स्वागत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब एक महिला, जो परिवार की जिम्मेदारियों को संभालती है, देश और प्रदेश के लिए निर्णय लेगी, तो उसमें संवेदनशीलता और सभी के हितों का समावेश होगा। प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला आरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इसके प्रति जागरूक होने की अपील की।

दिव्या जायसवाल ने 96,2 प्रतिशत अंक हासिल कर नाम किया रौशन

अम्बेडकरनगर, टांडा। डीएवी पब्लिक स्कूल आसोपुर टांडा दसवीं की छात्रा, दिव्या जायसवाल 96.2 प्रतिशत अंक पाकर माता-पिता व जिले का नाम किया रोशन।यह परिणाम विद्यालय में आधुनिक शिक्षा पद्धति और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग को भी दर्शाता है।इस वर्ष दिव्या जायसवाल (96.2) प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ,परिवार व जनपद का नाम किया रोशन।डीएवी पब्लिक स्कूल आसोपुर टांडा के प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षकों के कठोर परिश्रम और समर्पण के कारण ही यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस सफलता को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का विश्वास व्यक्त किया।दिव्या जायसवाल पुत्री पंकज जायसवाल उर्फ़ लालचंद जायसवाल माता शिवकुमारी आशा बहू ग्राम व पोस्ट मखदूम नगर तहसील टाण्डा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।दिव्या जायसवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया है।दिव्या जायसवाल की इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने उनकी इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है।

शोहरतगढ़ में ई-रिक्शा व टेम्पू चालकों की मनमानी से बिगड़ी यातायात व्यवस्था, रोज़ लग रहा जाम

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ कस्बे में ई-रिक्शा और टेम्पू चालकों की मनमानी के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य सड़कों पर प्रतिदिन जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि ई-रिक्शा व टेम्पू चालक बीच सड़क पर ही वाहन मोड़ देते हैं और जहां-तहां खड़ा कर देते हैं जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विरोध करने पर कई बार चालक समूह बनाकर विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।स्थिति खासकर बानगंगा और खुनुवा रोड जो पुलिस पिकेट के पास स्टेशन रोड के पास कुछ ही दूरी पर ई-रिक्शा खड़े कर दिए जाते हैं जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर तैनात पुलिस और होमगार्ड भी इस समस्या को नियंत्रित करने में असहाय नजर आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चालकों में न तो नियमों का भय है और न ही किसी कार्रवाई का डर। उन्हें केवल सवारी भरने और कमाई से मतलब है।

भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोल तस्करी का भंडाफोड़, 57 लीटर पेट्रोल के साथ दो गिरफ्तार

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (स्सक्) और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त गश्ती दल ने सीमा चौकी बजहा पोखरभीटवा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 57 लीटर पेट्रोल के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या 552 के पास एक मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान उनके पास से 6 जरीकेन में भरा कुल 57 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान मनोज कुमार और दिपेन्द्र कुमार पाण्डेय, निवासी ग्राम भरवांलिया, थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे पेट्रोल को भारत से नेपाल अवैध रूप से बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न

डीएम ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का कराया अन्नप्राशन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर-7 ग्राम रमवापुर के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनकर गांव में ही उसका समाधान कराया जाये। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया के सभी गांवो में बेहतर नेटवर्क कनेक्टीविटी, सड़क आदि मुहैया कराया जाये। किसानों के गेंहू की खरीद सरकारी एमएसपी की दर पर हो। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले जिससे खाद, बीज व अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। जनपद स्तर एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये। आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

विश्व हिन्दू परिषद- बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

असामाजिक तत्वों पर करें नकेल ताकि देश में शांति सद्भाव बना रहे : ब्रजेश पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद- बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से विहिप ने मांग किया है कि ऐसी राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए, लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए, जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए, विश्व हिंदू परिषद राष्ट्र की एकता के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञापन के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने अवगत कराया है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली 'विकृत जिहादी मानसिकता' वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। उत्तर प्रदेश के जिहादी छंगुर उर्फ जमालुद्दीन ओर उसकी महिला सहयोगी नसरीन ने अनेकों हिन्दू कन्याओं का शारीरक शोषण कर ब्लैकमेल ओर जबरन धर्मान्तरण करवाया। दिल्ली लाल किले ब्लास्ट में भी अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े जिहादी मानसिकता के मुस्लिम डॉक्टरों ने बम ब्लास्ट किया जिसमे महिला डॉक्टर शाहीन भी शामिल है। देश के विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, रेल विभाग एवं सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती है।

संसद का विशेष सत्र

बुलाये गये सत्र में परिसीमन को लेकर सरकार और विपक्ष में तगड़ा जोर आजमाइश होगा। विपक्ष इसे लेकर एक जुट है। संसद में धरे गये बिल है संशोधन 131वां सशोधन इसके जरिये लोकसभा में 850 सीटों को प्रस्ताव है। जबकि डीलिमिटेशन बिल 2026 से 2011 की जनगणना के आधार पर बनाया जा सकेगा। इसे लेकर दक्षिण के राज्यों का चिन्ता है अगर जनसंख्या के आधार पर लोक सभा की सीटे बढ़ाई गई तो उत्तर भारत की तुलना में उनके यहां सीटें कम पड़ जायेगी। इससे केन्द्र स्तर पर फैसले लेने में दक्षिण राज्यों की भूमिका कमजोर पड़ जायेगी। हालाकि केन्द्र सरकार ने इसके आशंका को खारिज किया है। परन्तु इसका विरोध बहुत तेज है क्योकि यह विरोध बहुत पुराना है। दक्षिण के राज्यों ने उत्तर के तुलना में शिक्षा, स्वास्थ्य उद्योग और जागरूकता में ज्यादा निवेश किया है। जिसका असर जनसंख्या से लेकर बाकी क्षेत्रों में भी दिखता है। केरल, तामिलनाडु और आन्ध्र जैसे प्रदेशों फर्टीलिटी रेट राष्ट्रीय औसत 1.9 से भी कम है। 1971 में भारत की आबादी में दक्षिण राज्यों का प्रतिशत करीब 24 था। जो अब 20 के आस-पास है। देश की प्रगति में इनकी हिस्सेदारी बढ़ी है। आज कम आबादी के बावजूद दक्षिण के राज्य करीब-करीब उत्तर के बराबर योगदान दे रहे है। उन्होने प्रडक्टीविटी बढ़ाई और मजबूत उद्योग खड़े कर रहे है। दक्षिण ने उत्तर की तुलना में दमदार योजनाओं का योगदान तो है ही उनका क्रियन्वयन भी सही ढ़ग से हो रहा है। स्वाभाविक है ऐसे में प्रश्न उठता है। कि क्या उन्हें बेहतर प्रदर्शन की सजा मिल रही है। इसी सवाल की वजह से 1976 और 2001 में भी तत्कालीन सरकारों ने सीटे नहीं बढ़ाई थी। पिछले साल मार्च में दक्षिण राज्यों के ज्वाइन्ट कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें प्रस्ताव पारित हुआ किस परीसीमन पर लगी रोक को 25 साल और बढ़ा कर 2050 कर दिया जाये।

दक्षिण के राज्य जो सवाल उठा रहे है वह राजनीतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व के है। अगर किसी समाज में अपने त्याग के बल पर जागरूरता दिखाई है अपनी मेहनत को सही दिशा में संचालित किया है तो उसके मेहनत का फल मिलना चाहिये। उसे यह नहीं लगे कि उसके साथ गैरइन्सापी हो रहा है। सीटे किस तरह से बढ़ाई जायेगी अभी यह साफनहीं है। परिसीमन आयोग इसे जब अन्तिम रूप देगा तब हालात स्पष्ट होगे। लाजिमी है कि इसमें दक्षिण के चिन्ताओं का ध्यान रक्खा जाये। नागरिक सरकार और आयोग के वादों से सन्तुष्ट रहे।

तुम्ही भविष्य हो भारत विशाल के
इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के

जिनके लिये हम सारे कार्य कर रहे है उनका भविष्य अपने कामों और नीतियों से सुरक्षित बनाना चाहिये।

भगवान परशुराम और उनका क्रोध

ओमप्रकाश 'सुमन'

भगवान परशुराम जी को विष्णु के 10 अवतारों में से छठा अवतार 'आवेश अवतार' माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म सतयुग और त्रेता के संधि काल में 5142 वि .पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन प्रथम प्रहर प्रदोषकाल में हुआ था। परशुराम के पिता जमदग्नि ऋचीक-सत्यवती के पुत्र थे ऋषि की पत्नी सत्यवती राजा गाधि (प्रसेन जित) की पुत्री और विश्वामित्र (ऋषि विश्वामित्र) की बहन थी। परशुराम जमदग्नि के पांचवें पुत्र थे। जमदग्नि ऋषि थे पर रेणुका जो क्षत्रिय कुल से थीं इन के पुत्र परशुराम एक ब्राह्मण कुल में पैदा हुए थे पर उनका स्वभाव क्षत्रियों जैसा था और वह शस्त्र विद्या में निपुण थे। उन्हें भगवान शिव से परशु फरसा/ कुल्हाड़ी नामक एक शस्त्र प्राप्त हुआ था जिससे उनका नाम परशुराम पड़ गया।

परशुराम के जन्म स्थान पर विद्वान साहित्यकारों में कुछ मतभेद है साहित्यकार शिवकुमार कौशिकेय के अनुसार परशुराम का जन्म उप्र में वर्तमान बलिया के खैराडीह स्थान पर हुआ था अपनी शोध व खोज में उन्होंने साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं। एक अन्य किंवदंती के अनुसार मध्य प्रदेश के इंदौर के पास महू से कुछ दूरी पर स्थित जनापाव पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। तीसरी मान्यता के अनुसार छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में परशुराम का जन्महआ था।

चौथी मान्यता है कि उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर- जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से लगभग 2 किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मंदिर के अवशेष मिले हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। प्राचीन काल में गुरुओं का सबसे अधिक महत्व था अतः प्रश्न उठता है कि परशुराम जी के गुरु कौन थे। परशुराम को शास्त्रों की शिक्षा के दादा ऋचीक, पिता जमदग्नि तथा शस्त्र चलाने की शिक्षा पिता के मामा राजर्षि विश्वामित्र और भगवान शंकर से प्राप्त की थी। वह योग विद्या और नीति में पारंगत थे विभिन्न विद्यायों के संचालन में भी पारंगत थे। उन्होंने ऋषि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की। अब हम भगवान परशुराम के शिष्यों पर भी चर्चा करते हैं क्योंकि गुरु के बाद शिष्यों की परंपरा आती है। त्रेता से द्वापर युग तक परशुराम के लाखों शिष्य थे। महाभारत काल के वीर योद्धाओं में भीष्म, द्रोणाचार्य कर्ण आदि थे। अस्त्र शस्त्रों की शिक्षा देने वाले गुरु एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा के धनी परशुराम का जीवन संघर्ष व विवादों से भरा रहा। श्रीमद्भागवत में दृष्टांत है कि गंधर्व चित्ररथ को अप्सराओं के साथ बिहार देख कर हवन हेतु गंगा तट पर जल लेने गई रेणुका आसक्त हो गई और कुछ देर वहां रुक गई हवन काल व्यतीत हो जाने से क्रोधित जमदग्नि ने अपनी पत्नी के आर्य मर्यादा विरोधी आचरण एवं मानसिक व्यभिचार करने के दंड स्वरूप सभी पुत्रों को रेणुका का वध करने की आज्ञा दी। उनके चारों पुत्रों ने मोह बस ऐसा नहीं किया। जमदग्नि ने चारों पुत्रों कोश्राप दे दिया जिससे उनकी विचार शक्ति नष्ट हो गई । फिर वहां परशुराम आ गए और उन्होंने पिता का आदेश पाकर तुरंत अपनी माता रेणुका का वध कर दिया। महर्षि उनके कार्य से बहुत प्रसन्न हुए और परशुराम से वर मांगने के लिए कहा परशुराम ने अपने पिता से माता रेणुका को जीवित करने और चारों भाइयों की विचार शक्ति ठीक करने के लिए कहा। यह भी कहा कि इस घटना की किसी को स्मृति न रहे तथा अजेय होने का वरदान भी मांगा । महर्षि जमदग्नि ने उनकी सभी कामनाएं पूरी कर दीं।

कहा जाता है कि है हैहयवंशी राजाओं से युद्ध करके 21 बार धरती को क्षत्रियों से विहीन कर दिया था। पर यह आम धारणा सत्नय नहीं प्रतीत होती है। यह सच है कि जिन राजाओं के साथ इनका युद्ध हआ था उनमें से हैहयवंशी राजासहस्त्रार्जुन उनके सगे मौसा थे। जिनके साथ उनके पिता जमदग्नि का कई बातों का विवाद था जिनमें दो बड़े कारण थे जिनमें पहले कामधेनु और दूसरा रेणुका। परशुराम के समय हैहयबंशी राजाओं का अत्याचार था भार्गव और है हयवंशी राजाओं की पुरानी दुश्मनी चली आ रही थी। सहस्त्रबाहु भार्गव आश्रमों के ऋषियों को सताया करते थे। एक समय सहस्त्रबाहु के पुत्रों ने जमदग्नि के आश्रम की कामधेनु गाय को लेने की भावना से परशुराम के पिता का वध कर दिया था परशुराम की मां रेणुका पति की हत्या से विचलित हो कर चिता अग्नि में प्रविष्ट हो गई थीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

महिला आरक्षण कानून संविधान के 106 वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा और राज्यसभा में यह बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसकी लागू होने की तारीख केंद्र सरकार अधिसूचना के जरिए तय करेगी और जरूरत पड़ने पर संसद इसमें संशोधन कर सकती है। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए।

महिला आरक्षण बिल पर राजनीतिक तूफान

रोहित माहेश्वरी

संसद के विशेष सत्र में 16 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किये गये। इन प्रस्तावों के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। संशोधन विधेयक में लोकसभा की कुल सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि वर्तमान में यह संख्या 543 है।

जो विधेयक पेश किये गये हैं वो हैं, केंद्र शासित प्रदेश क़ानून (संशोधन) विधेयक 2026, संविधान (131 वां संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 । प्रस्ताव के अनुसार, राज्यों में अधिकतम 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें निर्धारित की जा सकती हैं। सीटों के अंतिम निर्धारण के लिए परिसीमन प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। नए प्रावधानों के तहत लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन विधेयकों पर संसद में 18 अप्रैल तक विस्तृत चर्चा होने की संभावना है, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

इन बिलों का कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, टीएमसी, एआईएमआईएम, सीपीआई एम समेत विपक्षी दलों ने विरोध किया है। विपक्ष इसको बीजेपी की चुनावी रणनीति के तौर पर देख रहा है। हालांकि पीएम मोदी के दिशा निर्देशन में गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठकें भी की हैं। इस दौरान सीट बढ़ाने के 'स्ट्रेट जैकेट फॉर्मूला' पर चर्चा हुई, जिसमें मौजूदा सीटों को बढ़ाकर नए ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें तय की जाएंगी। इससे लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर करीब 800 से ज्यादा हो सकती हैं। इस बीच दक्षिण भारत के कुछ राज्यों ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन पर ऐतराज किया है। इसलिए सरकार अब ऐसा फॉर्मूला लाने की कोशिश कर रही है, जिससे सभी राज्यों के हितों का संतुलन बना रहे।

दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106 वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा और राज्यसभा में यह बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसकी लागू होने की तारीख केंद्र सरकार अधिसूचना के जरिए तय करेगी और जरूरत पड़ने पर संसद इसमें संशोधन कर सकती है। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू

किया जा सकेगा। इसके लिए दो बिल लाए जा सकते हैं। एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

महिला आरक्षण प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान फिलहाल शामिल नहीं है। इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए कई नेताओं से बैठकें की हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई है, जबकि कांग्रेस से चर्चा बाकी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

साल 1931 में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा हुई थी। तब प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वर्ष 1971 में भारत में महिलाओं की स्थिति पर समिति का गठन किया गया। इसके कई सदस्यों ने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध किया। तीन साल बाद वर्ष 1974 में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए महिलाओं की स्थिति पर एक समिति ने शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने की सिफारिश की गई थी।

साल 1988 में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना ने पंचायत स्तर से संसद तक महिलाओं को आरक्षण देने की सिफारिश की। वर्ष 1993 में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गई। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित कई राज्यों ने स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण लागू किया है। 13 जुलाई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार ने लोकसभा में बिल पेश करने की कोशिश की, लेकिन आरजेडी सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बिल की कॉपी फाड़ दी। 11 दिसंबर 1998 को लोकसभा में बिल पेश करने की कोशिश हुई, लेकिन सपा सांसद दरोगा प्रसाद स्पीकर पोडियम तक पहुंच गए। वर्ष 2000 में अटल सरकार ने पेश करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 2002 में अटल सरकार ने पेश करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 2003 में जुलाई में बीजेपी नेता मुरली मनोहर जोशी ने सर्वदलीय बैठक में आम सहमति बनाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। साल 2008 में मनमोहन सरकार ने 6 मई को राज्यसभा में विधेयक पेश किया। खूब हंगामा हुआ। स्टैंडिंग कमेटी को भेजा गया। 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में विधेयक पेश किया गया और दो तिहाई बहुमत से पारित हो गया।

नए भारत की एमएसएमई क्रांति के केंद्र में है नारी शक्ति

महिला उद्यमियों के लिए सबसे प्रभावशाली सुधारों में से एक 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना है। पूरी तरह से ऑनलाइन, कागज रहित और स्व-घोषणा पर आधारित इस व्यवस्था ने उस नौकरशाही बाधा को समाप्त कर दिया, जो महिलाओं के लिए एक बड़ी रुकावट बनी हुई थी। जनवरी 2023 में शुरू किए गए 'उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म' ने अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत उन महिलाओं तक पहुँच बनाकर इस दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया।

शोभा करंदलाजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का सितंबर 2023 में संसद में समर्थन करते हुए विश्वास व्यक्त किया था कि भारत तभी आगे बढ़ सकता जब देश की नारियां भी इसके साथ ही उन्नति करें। उनका यह विश्वास एमएसएमई क्षेत्र (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) में सरकार के काम में हर रोज दिखाई देता है।

एमएसएमई क्षेत्र को अक्सर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है। लेकिन अगर गहराई से देखें तो इसके दिल में महिला उद्यमियों का मूक बल बसता है। आखिरकार आज इस मूक बल को वह राष्ट्रीय मान्यता, संस्थागत समर्थन और नीतिगत गति मिल रही है जिसका वह हमेशा से हकदार है।

आँकड़े बयां करते हैं कहानी : भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम में महिलाओं की भागीदारी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत तक, 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' और 'उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म' पर 3.11 करोड़ से अधिक महिला-नेतृत्व वाले उद्यम पंजीकृत हुए हैं। वास्तव में, 'उद्यम' और 'उद्यम असिस्ट' पंजीकरण के अनुसार, देश के कुल पंजीकृत एमएसएमई में महिला-स्वामित्व वाले उद्यमों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है और ये रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए सबसे प्रभावशाली सुधारों में से एक 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना है। पूरी तरह से ऑनलाइन, कागज रहित और स्व-घोषणा पर आधारित इस व्यवस्था ने उस नौकरशाही बाधा को समाप्त कर दिया, जो महिलाओं के लिए एक बड़ी रुकावट बनी हुई थी। जनवरी 2023 में शुरू किए गए 'उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म' ने अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत उन महिलाओं तक पहुँच बनाकर इस दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया, जिनके पास 'पैन' नंबर या 'जीएसटीएन' नहीं था। इसने उन्हें प्राथमिकता क्षेत्र में दिए जाने वाले ऋण और सरकारी योजनाओं के लाभों के दायरे में लाने का काम किया। सरकार ने महिलाओं को विकास वाहक के रूप में अपने आर्थिक एजेंडे के केंद्र में रखने का निर्णय लिया है।

आर्थिक शक्ति के रूप में 'नारी शक्ति' : प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार इस बात पर ज़ोर दिया है कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय रणनीति है। उन्होंने ही कहा था कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो परिवार सशक्त होते हैं और जब परिवार सशक्त होते हैं, तो राष्ट्र निरंतर मज़बूत होता जाता है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' राजनीतिक क्षेत्र में इस दर्शन की सबसे स्पष्ट

अभिव्यक्ति है। लेकिन आर्थिक क्षेत्र में, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता एक व्यापक और बहुआयामी नीतिगत ढांचे के रूप में सामने आई है, जो ऋण, कौशल, बाज़ार तक पहुंच, पहचान और गरिमा जैसे पहलुओं को समाहित करती है।

महिलाओं के लिए तैयार की गई एक नीतिगत संरचना : एमएसएमई मंत्रालय ने अपने हर बड़े कार्यक्रम और योजना में महिलाओं के सशक्तिकरण को व्यवस्थित रूप से शामिल किया है। ये सभी मिलकर, आपूर्ति पक्ष पर आठ मुख्य श्रेणियों के माध्यम से उद्यमियों को सहायता प्रदान करते हैं: तकनीक तक पहुँच, ऋण और वित्त तक पहुँच, डिजिटलीकरण को बढ़ावा, अवसरंचना सहायता, औपचारिकीकरण और समावेशन, बाज़ार तक पहुँच, और उद्योग-स्तरीय कौशल विकास। पिछले पाँच वर्षों में, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 3.2 लाख से ज़्यादा महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को सहायता दी गई है। हाल के आँकड़ों के अनुसार, पीएमईजीपी के कुल लाभार्थियों में से 39% महिलाएँ हैं जो इस योजना की रूपरेखा और महिलाओं की कुछ कर दिखाने की ललक, दोनों को दर्शाता है।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट महिला ऋणदाताओं को 90 प्रतिशत तक का बढ़ा हुआ गारंटी कवर प्रदान करता है। इससे बैंक बिना कुछ गिरवी रखे महिलाओं को ऋण देने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक खरीद नीति में संशोधन कर यह अनिवार्य किया गया कि केंद्रीय मंत्रालय, विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपनी वार्षिक खरीद का कम से कम 3 प्रतिशत हिस्सा महिला-स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से ही खरीदें। इससे महिला उद्यमियों के लिए एक सुनिश्चित और अनुमानित बाज़ार तैयार होता है, जिससे सरकारी खर्च को महिलाओं के व्यवसाय की वृद्धि में बदला जा रहा है। यह देखकर खुशी होती है कि वित्त वर्ष 2025-26 में, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा की गई कुल खरीद का 3.5 प्रतिशत हिस्सा महिला एमएसएमई से ही खरीदा गया था।

'जेडइडी' (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) प्रमाणन योजना के तहत, महिला-स्वामित्व वाले एमएसएमई को प्रमाणन शुल्क पर सौ प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। ये विस्तृत विवरण काफी महत्वपूर्ण हैं और ये मंत्रालय के प्रयासों को दर्शाते हैं। मंत्रालय ने इस बारे में गहराई से विचार किया है कि महिलाओं को कहाँ कहाँ बाधाओं का सामना करना पड़ता है और ठीक उन्हीं बाधाओं को दूर करने के लक्ष्य के साथ सहायता दी गई। 'महिला कॉयर योजना', के तहत कॉयर क्षेत्र में काम करने वाली महिला कारीगरों को विशेष कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। 'एमएसएमई- व्यापार सशक्तिकरण और विपणन' के तहत महिलाओं को मार्केटिंग के लिए मदद करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 5 लाख लाभार्थियों में से 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। 'यशस्विनी अभियान' में, एमएसएमई योजनाओं और पंजीकरण से मिलने वाले लाभों के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए पूरे देश में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए आयोजित 'एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन' 3.0 के तहत 18,888 से अधिक आइडिया प्राप्त हुए, जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि महिलाओं में रचनात्मक और उद्यमशीलता की ऊर्जा का भंडार मौजूद है, जो बस बाहर आने का इंतज़ार कर रहा है। इसके अलावा, मंत्रालय के पास एक समर्पित महिला उद्यमिता प्रकोष्ठ है, जो विभिन्न योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करके, महिलाओं के लिए प्राप्त परिणामों की निगरानी और मूल्यांकन करके, तथा इकोसिस्टम के हितधारकों के साथ जुड़कर महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करता है।

लव जिहाद: एक साजिश या सांस्कृतिक उपेक्षा?

युवा अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं को लेकर अत्यंत सजग और संगठित रहते हैं। इसके विपरीत, हिंदू युवा वर्ग को भी अब अपनी सांस्कृतिक विरासत और जड़ों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। केवल आधुनिकता की दौड़ में शामिल होकर अपनी पहचान को भुला देना किसी भी समाज के लिए हितकारी नहीं है। ठीक है भारत सर्व धर्म समभाव वाला देश है। सबको अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने और पालन करने की पूरी आजादी है।

विनीता झा

आज के दौर में समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलों पर 'लव जिहाद' एक निरंतर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रश्न यह उठता है कि इस सोच की उत्पत्ति आखिर हुई कैसे? प्रेम के मार्ग से सब कुछ संभव है–यह धारणा रातों-रात पैदा नहीं हुई। सत्य तो यह है कि यह कोई तात्कालिक घटना नहीं, बल्कि वर्षों से नियोजित एक सुविचारित योजना है, जिसे हम समय रहते समझ नहीं पाए।

इस योजना का सूत्रपात फिल्मों के माध्यम से हुआ। यदि हम अतीत पर दृष्टि डालें, तो एक वह समय था जब हिंदी फिल्म जगत में हिंदू कलाकारों का वर्चस्व था। उस काल में सामाजिक और सांस्कृतिक स्थितियाँ भिन्न थीं। किंतु, जैसे ही सिनेमा जगत में एक विशेष समुदाय के कलाकारों–शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान और सैफ अली खान–का युग आया, दर्शकों की मानसिकता बदलने लगी।

इन कलाकारों को परदे पर अत्यंत 'चॉकलेटी' और रोमांटिक प्रेमी के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके विपरीत, अजय देवगन और अक्षय कुमार जैसे कलाकारों की छवि केवल मारधाड़ और 'एक्शन हीरो' तक सीमित कर दी गई। परिणाम स्वरूप, युवा मन में यह धारणा घर कर गई कि वे कलाकार अधिक संवेदनशील और प्रेम करने वाले हैं। फिल्मों के इसी काल्पनिक चित्रण का सहारा लेकर वास्तविक जीवन में भी 'प्रेम' को एक जाल की तरह बिछाया गया, जिसमें युवतियां सरलता से उलझती चली गईं। इस समस्या की जड़ें केवल बाहरी आक्रमण में नहीं, बल्कि हमारे अपने सांस्कृतिक कटाव में भी हैं। आज से 25-30 वर्ष पूर्व, हिंदू परिवारों में रामायण, महाभारत और शिव-पार्वती जैसे पौराणिक धारावाहिकों को देखने और उन पर चर्चा करने की परंपरा थी। बुजुर्गों के अनुभवों और धर्म चर्चा से बच्चों के मन में अपने मूल्यों के प्रति एक रक्षा कवच बना रहता था। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में आज के हिंदू बच्चे अपने धर्म और संस्कृति के बारे में सुनना भी पसंद नहीं करते। जब उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, तो वे इसे 'पुराने विचार थोपना' मानकर अपनों को ही भला-बुरा कहना शुरू कर देते हैं। धर्म का ज्ञान न होने के कारण, अन्य मतों के लोग उन्हें आसानी से भ्रमित कर लेते हैं। यहाँ तक कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोग भी अपनी ही मूल संस्कृति के विरुद्ध दुष्प्रचार करने लगते हैं।

वर्तमान सामाजिक परिवेश और मीडिया की भूमिका : आज सार्वजनिक स्थानों जैसे मेट्रो और बाजारों में यह अंतर स्पष्ट दिखता है। जहाँ अन्य समुदायों के बच्चे अपने धार्मिक प्रतीकों और ग्रंथों के प्रति समर्पित रहते हैं, वहीं हमारे युवा 'अत्यधिक उदारवाद' के भ्रम में वास्तविकता से आँखें मूँदे हुए हैं। समाचारों और सोशल मीडिया

पर निरंतर चेतावनियाँ दी जा रही हैं, किंतु एक बड़ा वर्ग तब तक सचेत नहीं होता जब तक वह स्वयं संकट में न फँस जाए।

'पीके' जैसी फिल्मों का उदाहरण हमारे सामने है, जहाँ हिंदू आस्थाओं का उपहास उड़ाया जाता है और पड़ोसी देशों या अन्य समुदायों के प्रेम को महिमामंडित किया जाता है। विडंबना यह है कि आज डिजिटल मंच और सर्च इंजन भी इन संवेदनशील विषयों को 'काल्पनिक' या 'मनगढ़ंत' बताकर प्रस्तुत करते हैं, जो सत्य की खोज करने वालों को और अधिक भ्रमित करता है। वर्तमान में जिस प्रकार की घटनाएँ समाज के सामने आ रही हैं, वे चिंता का विषय हैं। हाल ही में टीसीएस (TCS) जैसे बड़े संस्थानों से जुड़े मामलों ने समाज को झकझोर कर रख दिया है, फिर भी यह देखने में आ रहा है कि युवा वर्ग अभी भी पूरी तरह जागरूक नहीं हो रहा है। आज का युवा अक्सर वास्तविकता से दूर एक काल्पनिक दुनिया में जी रहा है, जहाँ वह ठोस तथ्यों के बजाय भावनाओं के आधार पर निर्णय लेता है।

सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव : आज के दौर में सोशल मीडिया और रील्स का प्रभाव युवाओं पर बहुत गहरा है। कई प्रभावशाली व्यक्ति (Influencers) अपनी प्रस्तुति के माध्यम से एक ऐसा नैरेटिव पक्ष खड़ा करते हैं, जो युवाओं को भ्रमित कर सकता है। अक्सर 'मेरा वाला अलग है' जैसी मानसिकता को बढ़ावा दिया जाता है, जो कई बार कड़वी वास्तविकता की अनदेखी करने जैसा होता है। इस तरह के उदाहरण समाज के सामने एक गलत मिसाल पेश करते हैं और युवाओं को तर्कसंगत होने के बजाय भावुक बना देते हैं।

सांस्कृतिक और धार्मिक जागरूकता की आवश्यकता : समाज में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि अन्य समुदायों के युवा अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं को लेकर अत्यंत सजग और संगठित रहते हैं। इसके विपरीत, हिंदू युवा वर्ग को भी अब अपनी सांस्कृतिक विरासत और जड़ों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। केवल आधुनिकता की दौड़ में शामिल होकर अपनी पहचान को भुला देना किसी भी समाज के लिए हितकारी नहीं है। ठीक है भारत सर्व धर्म समभाव वाला देश है। सबको अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने और पालन करने की पूरी आजादी है। लेकिन यह भी उतना ही कटु सत्य है कि कुछ अवांछित व शरारती तबकों द्वारा अन्य सर्वमान्य धर्म के विरुद्ध अवांछित टीका टिप्पणी की जाती है। जिस पर नितांत अंकुश आवश्यक है। लव जिहाद केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जब तक संपूर्ण हिंदू समाज वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से संगठित नहीं होगा, तब तक ऐसी योजनाएँ सफल होती रहेंगी। शत्

एफआरएस से पोषाहार का वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें : डीएम

■ लापरवाही पर 4 सीडीपीओ का वेतन रोका जाएगा

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पोषण कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं बच्चों को एफआरएस के माध्यम से पोषाहार का वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। विजयीपुर और खजुहा में पोषाहार वितरण की धीमी प्रगति पर संबंधित सीडीपीओ को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी मानकों से संतृप्त किया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर समय से कराई जाए। मलवां, विजयीपुर, धाता और हंसवा में पीएमएफएस पोर्टल पर फीडिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 4 सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही 2 अन्य को चेतावनी जारी करने को कहा गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि जब तक फीडिंग शत-प्रतिशत पूर्ण न हो, तब तक वेतन आहरित न किया जाए और देरी का कारण भी स्पष्ट किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को चरणबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें समय से पोषाहार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा निरंतर निगरानी रखने को कहा। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अभियान चलाकर आगामी 15 दिनों के भीतर सभी परियोजनाओं में बच्चों की हाइट और वेट की माप सुनिश्चित कराई जाए और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 (फेज-2) के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जिले के समस्त थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी-रोमियो टीमों द्वारा संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आमजन को जागरूक किया। इस दौरान ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित व विधिपूर्ण निस्तारण के लिए संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रमों में महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों तथा महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना है।

मौलाना आसिम बिहारी के यौम-ए-पैदाइश पर कार्यक्रम आयोजित

पसमांदा समाज के विकास में शिक्षा पर विशेष जोर

■ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल में शिक्षा प्रेरणा कार्यक्रम

■ मुख्य अतिथि मुहम्मद युनुस ने शिक्षा को बताया प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता

मिहीनपुरवा (बहराइच) मौलाना आसिम बिहारी की जन्मदिन (यौम-ए-पैदाइश) के अवसर पर खिराज-ए-अकीदत व शिक्षा प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन आज शाम 7 बजे ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल (मिहीनपुरवा यूनिट - ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़) में किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व, पसमांदा समाज के सर्वांगीण विकास तथा आधुनिक व धार्मिक शिक्षा के समन्वय पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य उद्देश्य समाज के बच्चों को दीन व दुनिया की संतुलित शिक्षा देकर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना था। वक्ताओं ने कहा कि यह स्कूल दीन और दुनिया के सुंदर संगम का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ कुरान, हदीस, अकीदा और दीनियात की शिक्षा के साथ-साथ गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कंप्यूटर एवं अन्य आधुनिक विषयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस पहल के माध्यम से विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज के उत्थान और सशक्तिकरण का सबसे मजबूत माध्यम है। मुख्य अतिथि मुहम्मद युनुस (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़) ने अपने संबोधन में कहा, 'पसमांदा समाज की तरक्की के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।' उन्होंने इस पहल को समाज के लिए मील का पत्थर बताते हुए इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि पसमांदा आंदोलन के जनक मौलाना आसिम बिहारी ने अपने जीवनकाल में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। उन्हीं के नक्शे-कदम पर चलते हुए संगठन ने गुजरहना, मोतीपुर (जिला बहराइच) में मदरसे को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर स्कूल का रूप देकर बच्चों को आधुनिक शिक्षा भी प्रदान करने का प्रयास शुरू किया है।

मातृ शक्ति के लिए संसद में गूंजी देवरिया लोकसभा की आवाज

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। 131 संविधान संशोधन विधेयक के तहत, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सदन में कार्यवाही के दौरान, देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने दमदार अभिभाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन के बीच कई बार देवरिया और कुशीनगर का नाम लिया, खासकर देवरिया और कुशीनगर की महिला उद्यमियों का नाम लेकर महिला सशक्तिकरण के लिए इस विधेयक को मील का पत्थर बताया। पार्टी की ओर से इस अधिनियम पर बोलने के लिए बीजेपी ने तीन सांसदों को दायित्व दिया, जिसमें देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि भी रहे।

शशांक मणि ने अपने संबोधन में कहा कि, यह विधेयक केवल भारत की 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त नहीं करेगा, बल्कि यह विकसित भारत की एक नई दिशा भी निर्धारित करेगा। यह विधेयक ऐसा भारत बनाएगा जहां महिलाएं और पुरुष साथ-साथ चलेंगे और समाज में संतुलन बनाए रखते हुए विकास को गति देंगी। सांसद ने इस अधिनियम का समर्थन करते हुए पांच बिंदुओं को रखा, जिसमें उन्होने बताया कि यह विधेयक महिलाओं की शक्ति को पुनः स्थापित करेगा। यह विधेयक अन्य विधानसभाओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता को बदलेगी। यह विधेयक सामूहिक बुद्धिमत्ता के माद्यम से विकसित भारत को नई दिशा देगी। यह देवरिया और कुशीनगर जैसे जिलों को सशक्त बनाएगी और अंततः यह नया विकास मॉडल, भारत को विश्वबंधु के रूप में स्थापित करेगा। इन पांच बिन्दुओं को सदन के पटल पर रखते हुए उन्होने सदन में बिना आरक्षण के उपस्थित 74 महिला सदस्यों को नमन किया। इसके साथ ही अपनी लोकसभा देवरिया की 15 लाख महिलाओं का भी आभार व्यक्त किया।

उन्होने कहा कि, देवरिया में महिलाओं के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है, जहां पहले से ही महिलाओं की शक्ति का उपयोग करते हुए 'अमृत प्रयास' नामक 10-वर्षीय विकास रणनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। हम स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोड़ रहे हैं, जिससे एक नई जागरूकता उत्पन्न हो रही है।

इसके अलावा उन्होने कहा कि हमारी प्राचीन ऋषिकाएं जैसे गार्गी, मैत्रेयी और कात्यायनी ने हमारे ऋषियों के साथ मिलकर एक जीवंत दर्शन प्रणाली का निर्माण किया, जिसने वास्तविकता को एक समग्र रूप में देखा, जिसमें प्रकृति भी शामिल थी। यह नारी शक्ति, शक्ति और भक्ति तथा सृजन के रूप में प्रकट हुई। शक्ति और शिव हमारी सभ्यता के दो समानांतर आधार थे, जिसे लंबे समय तक हमने उनमें से एक को अनदेखा किया। शक्ति केवल दुर्गा और काली के रूप में शारीरिक बल द्वारा नहीं, बल्कि लक्ष्मी के रूप में धन, सरस्वती के रूप में ज्ञान, पार्वती और राधा के रूप में भक्ति तथा प्रेम व अन्नपूर्णा के रूप में पोषण द्वारा भी प्रकट हुई।

सांसद शशांक मणि ने मातृ शक्ति को रानी लक्ष्मीबाई का स्वरुप मानते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान जी की कविता भी पढ़ी और कहा कि हर महिला रानी लक्ष्मीबाई हैं जो विकसित भारत के संकल्पों में साथ दे रही हैं। उन्होने कहा कि महिलाएं संतुलित व आर्थिक दृष्टिकोण रखने वाली होती हैं, जबकि पुरुष लाभ-हानि पर अधिक केंद्रित रहते हैं।

महिलाओं ने दिया मोदी को धन्यवाद

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को टाउन हॉल से जिला पंचायत तक महिलाओं ने पैदल यात्रा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस दौरान नारी शक्ति जिंदाबाद, मोदी जी धन्यवाद जैसे स्लोगन लिखी दफ्तियों को हाथ में लेकर मोदी जी जिंदाबाद के नारे लगाए । जिला पंचायत परिसर में पहुंचने के बाद महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति जिंदाबाद कहा के नारे लगाए। इस दौरान शक्ति दौड़ भी लगाई गई तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में दीवार लेखन भी किया गया । जिला पंचायत परिसर में सभा को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल आश्वासन ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें । जिला मंत्री निर्मला गौतम ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है । इस दौरान सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, अजय कुमार दुबे, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, सीमा जायसवाल, शोभा यादव, ममता जायसवाल, अजय शाही, प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अजय सिंह, मारकंडे गिरी, संतोष चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

एमएल कॉन्वेंट के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। एम.एल. कॉन्वेंट द स्पेस साइंस लैब स्कूल के छात्रों ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एमएल कांवेंट स्कूल में 10 बच्चों ने 80 से 90 फीसदी के बीच अंक अर्जित किये। सात बच्चों ने 75 से 80 फीसदी के बीच अंक हासिल किए। इसी के साथ 60 से 70 फीसदी के बीच 19 बच्चे रहे। सभी सफल विद्यार्थियों और अभिभावकों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें दर्शिका पटेल 86.2, प्रगति गुप्ता 85.8, सौम्या वर्मा 85.8, अक्षरा गुप्ता 83.8, श्रष्ठी पाटकर 83.6, कृष्णा पटेल 83, अलीशा बरकाती 81.2, गौरी सिंह राजावत 80, अलशिफा बरकाती 80, कृष्णा वर्मा 79.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। दर्शिका पटेल ने तीन विषयों अंग्रेज़ी, विज्ञान, हिंदी में टॉप किया।

अवैध निर्माण पर शोरूम व होटल सील

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। उरई विकास प्राधिकरण ने अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंशापूर्ण मंदिर के पास स्थित चन्द्रकांता विला गेस्टहाउस सहित ऐलन सॉली शोरूम एवं बजरंग होटल को सील कर दिया। यह कार्रवाई उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अंतर्गत की गई, जिसके तहत पूर्व में नोटिस जारी कर कई बार चुनवाई के अवसर दिए गए थे, लेकिन निर्माणकर्ताओं द्वारा न तो शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया और न ही अवैध निर्माण को हटाया गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए

अवधनामा संवाददाता

उई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त शासनादेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, उनकी भूमिका को सशक्त करना तथा समाज में लैंगिक समानता स्थापित करना है। इसे केवल औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित न रखकर जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

■ आंगनबाड़ी से लेकर जनपद स्तर तक संगोष्ठी, रैली, प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं होंगी आयोजित

आंगनबाड़ी स्तर पर मानव श्रृंखला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, लोकगीत, लोकनृत्य एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया जाए। साथ ही पोस्टर, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से अधिनियम के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि 17 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर कार्यशालाएं, वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिनियम के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान से जुड़ी गतिविधियों को भी इसमें समाहित किया जाए, जिससे अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का विधिवत दस्तावेजीकरण किया जाए तथा प्रत्येक गतिविधि की रिपोर्ट समयबद्ध रूप से शासन को प्रेषित की जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

'नारायणी स्वरूप' के संकल्प के साथ नारी हुआ शक्ति वंदन सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

उई (जालौन)। कलेक्ट्रेट स्थित वन स्टॉप सेंटर में आज आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान में महिलाओं के उत्साह और सहभागिता से एक सशक्त संदेश देने वाला आयोजन बन गया। तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखाई, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण को केवल एक विचार नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 'नारी शक्ति वंदन अभियान' को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों, स्कूल-कॉलेजों और वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबन, स्वाभिमान और उनके अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने नारी शक्ति बंदनअभियान विधेयक के बारे में बताया कि देश की नारी शक्ति को नीति निर्धारण की मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी देने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहल वास्तव में ऐतिहासिक है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए बनेगा मिल का पत्थर: डॉ ऋचा

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के स्थित रायफल क्लब के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने प्रतिभाग किय। प्रेस वार्ता के दौरान इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कदम बताया। डॉ ऋचा राय (साहित्कार) ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है, जिसे संतुलित करने के लिए यह अधिनियम अत्यंत आवश्यक था। यह कानून महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा।

■ अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान व पहचान मिलेगी : डॉ बीती सिंह

डॉ बीती सिंह (चिकित्सक) ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तो स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी। शिक्षा क्षेत्र से विभा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आएगी, जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। अधिवक्ता एडवोकेट ज्योत्सना श्रीवास्तव ने अधिनियम के कानूनी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिष्ठित महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्व केवल 33 प्रतिशत आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज में लैंगिक समानता की दिशा में एक सशक्त संदेश भी देता है।

मंदिर से चोरी हुए सामान को पुलिस ने किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निर्देशानुसार थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा रात्रि में ग्राम चौरहट स्थित माँ दुर्गा मंदिर से घण्टा, हण्डा व त्रिशूल की चोरी की घटना का सफल अनावरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पड़ाव रामनगर रोड स्थित रेलवे पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हिमांशु कुमार खरवार पुत्र अरुण कुमार खरवार निवासी खोजवा, थाना भेलूपुर, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 29 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से मंदिर का घण्टा, हण्डा व त्रिशूल (पीली धातु) बरामद किया गया। मौके पर वादी मुकदमा (मंदिर पुजारी) को बुलाकर

■ रेलवे पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बरामद सामान की शिनाख्त कराई गई, जिन्होंने उक्त सामान को अपने मंदिर का बताया। इस आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

थाना स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

छात्राओं ने चलाया वृहद हस्ताक्षर अभियान

उई (जालौन)। नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर समर्थन जताया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस अभियान में में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि वे महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी का अधिकार दिए जाने के पक्ष में हैं। इस दौरान छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सरकार द्वारा जारी मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर भी अपना समर्थन दर्ज कराया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष नितिन मित्तल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लिए एक ऐतिहासिक पहल है।

चुनावी जंग के लिए सपा की सेना तैयार : इकबाल

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर संगठन को विस्तार देते हुए महानगर के विभिन्न वार्डों के लिए नवमनोनीत अध्यक्षों को पत्र प्रदान करते हुए चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया।

महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान उबैद हुसैन को वार्ड संख्या 27, वसीम अनवर को वार्ड संख्या 45, अहमद अली को वार्ड संख्या 48, रेहान खान को वार्ड संख्या 63, मौहम्मद अलमान को वार्ड संख्या 69 का अध्यक्ष मनोनीत करते हुए मनोनय पत्र भी वितरित किए गए। महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी ने अध्यक्षों से संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का

■ सपा महानगर कमेटी ने वार्डों तक कमेटी बनाकर अध्यक्षों को सौंपे मनोनयन पत्र

आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड अध्यक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाएं और उनके त्वरित समाधान के लिए संघर्ष करें। उन्होंने कहा है कि पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश् की जनता बदलाव को तैयार है इसका पूरा फायदा उंठाने के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराएं और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा और ऊजार्वान कार्यकताओं के जुड़ने से महानगर में समाजवादी पार्टी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी और आगामी चुनाव में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष सलीम वारसी, नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी, लालू परवेज, शमशाद आदि मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर करे निस्तारण : एसपी

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही चन्दौली पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान आने वाले नागरिकों, आवेदकों, फरियादियों के साथ शिष्ट एवं विनम्र व्यवहार किया जाए व प्रत्येक आवेदक की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनकर गुण दोष के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाए।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी,यूपी ने मथुरा में लॉन्च किया अपना एडमीशन व स्कॉलरशिप पोर्टल सीयूसीईटी 2026

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भारत, जो विश्व की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है, अब एआई के क्षेत्र में भी तेजी से उभर रहा है। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में देश की पहली एआई सिटी विकसित करने की तैयारी चल रही है। इस क्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उन्नाव के एससीआर क्षेत्र, कानपुर-लखनऊ रोड पर लगभग 2500 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक एआई-समर्थित कैंपस स्थापित किया है। इसके साथ ही यह देश की पहला निजी एआई सपोर्टेड कैंपस बन गया है। यहां विद्यार्थियों को केवल तकनीकी रूप से उन्नत शिक्षा ही नहीं दी जा रही, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार भी किया जा रहा है। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश प्रो वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने मथुरा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर मथुरा में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने अपने स्कॉलरशिप व एडमिशन पोर्टल 'सीयूसीईटी 2026' की आधिकारिक शुरुआत करते हुए छात्र-छात्राओं को

■ मथुरा से सीयू यूपी ने लॉन्च किया सीयूसीईटी का फेज-2; 50 करोड़ रुपये तक की स्कालरशिप का लाभ ले सकेंगे छात्र-छात्राएं

50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की। इस मौके पर आयोजित विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के प्रो वाइस चांसलर डॉ थिपेंद्र पी सिंह, ने बताया कि सीयूसीईटी 2026 स्कॉलरशिप योजना ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। यूनिवर्सिटी के इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप फोकस को रेखांकित करते हुए डॉ थिपेंद्र पी सिंह, ने कहा कि 'कैम्पस टैंक' और 'सीयू एआई स्पेस' जैसी पहलें स्टार्टअप्स और युवा इनोवेटर्स को सीड फंडिंग, इनक्यूबेशन और पेटेंट फाइलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' द्वारा लॉन्च किए गए कैम्पस टैंक के माध्यम से अब तक 1,000 से अधिक स्टार्टअप्स को 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि गवर्नर आनंदीबेन पटेल द्वारा शुरू की गई नारी योजना टेक्नोलॉजी आधारित रिसर्च और इनोवेशन में महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही है।

इंटरनेशनल एमओयू और ग्लोबल इंडस्ट्री कोलैबोरेशनः डॉ सिंह ने बताया कि स्टूडेंट एक्सचेंज, जॉइंट रिसर्च और ग्लोबल इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी ने कई प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किए हैं।

2026-27 में 68 एआई-एनहैंस्ड एकेडमिक प्रोग्रामः उन्होंने जानकारी दी कि एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी ने कुल 68 एआई-एनहैंस्ड और इंडस्ट्री-अलाइनड प्रोग्राम लॉन्च किए हैं, जिनमें 40 अंडरग्रेजुएट, 16 पोस्टग्रेजुएट और 12 लेटरल एंट्री प्रोग्राम शामिल हैं। पहले ही वर्ष में नेशनल लेवल पर मजबूत पहचानः यूनिवर्सिटी की तेज़ प्रगति का जिक्र करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि पहला वर्ष उपलब्धियों और राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान का रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन के बाद चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने देश की पहली प्राइवेट एआई-बेस्ड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एआई कन्वर्जेंस समिट और नेशनल इनिशिएटिव्सः डॉ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से हाल ही में आयोजित एआई कन्वर्जेंस समिट 2026, भारत सरकार के इंडिया एआई इम्पैक्ट ग्लोबल समिट 2026 का ऑफिशियल प्री-इवेंट रहा।

'क्वांटम फॉर भारत' मिशन और एआई हेल्थकेयर हैकाथॉनः समिट के दौरान यूनिवर्सिटी ने 'क्वांटम फॉर भारत' मिशन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य भारत को एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बनाना है।

नगर मजिस्ट्रेट ने किया मंडी का औचक निरीक्षण , गेहूं खरीद केंद्रों की जांच

मथुरा। नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं रसद विभाग के 2, खाद्य निगम का 1 तथा कृषि उत्पादन मंडी का 1–कुल 4 गेहूं क्रय केंद्रों की जांच की गई। नगर मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को गेहूं खरीद में तेजी लाने, फार्मर रजिस्ट्री के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देने तथा भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि उत्पादन मंडी की सुश्री रेनू वर्मा, जिला विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, क्रय केंद्र प्रभारी अजय पवार, कन्हैया तौमर एवं पुष्पेंद्र सिंह को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय कर्मवीर सिंह, हरवीर सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे। इसके पश्चात नगर मजिस्ट्रेट ने जनगणना-2027 के प्रशिक्षण हेतु निर्धारित बीएसए कॉलेज, मथुरा स्थित प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया।

'मुस्लिम महिला आरक्षण' की मांग पर एआइपीएमएम ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

- अमित शाह के बयान का महाज़ ने किया स्वागत
- पसमांदा महिलाओं के अधिकारों पर उठाई आवाज
- आरक्षण का आधार धर्म नहीं, पिछड़ापन: एआइपीएमएम

नई दिल्ली/आगरा। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर दिए गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन होना चाहिए। महाज़ ने समाजवादी पार्टी द्वारा 'मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग आरक्षण' की मांग को राजनीतिक तुष्टिकरण करार देते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है।

महाज़ के अनुसार पसमांदा (ओबीसी) मुस्लिम महिलाएं पहले से ही ओबीसी श्रेणी में आरक्षण के दायरे में आती हैं और उन्हें इसका पूरा अधिकार प्राप्त है। संगठन का कहना है कि जब भी सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को संवैधानिक अधिकार देने की बात उठती है, तब कुछ राजनीतिक दल 'मुस्लिम' नाम से अलग आरक्षण की मांग कर समाज को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। यह न केवल पसमांदा समाज के हितों के खिलाफ है, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी कमजोर करता है।

महाज़ ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि वर्ष 1950 में अनुच्छेद 341 से जुड़े निर्णयों के समय डॉ. भीमराव अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं की सोच को पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाया, जिसके कारण मुस्लिम समाज की दलित और पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। संगठन का कहना है कि इसका खामियाजा आज भी पसमांदा समाज को भुगतना पड़ रहा है।

महाज़ ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान में आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन है। इसी क्रम में केंद्र सरकार द्वारा गठित के. जी. बालाकृष्णन आयोग (2022) के कॉन्सेप्ट नोट का हवाला देते हुए कहा गया कि आरक्षण की नीति का उद्देश्य केवल पिछड़े वर्गों को आगे लाना होना चाहिए, न कि धार्मिक आधार पर विभाजन करना।

संगठन ने समाजवादी पार्टी के नेताओं अखिलेश यादव एवं धर्मेंद्र यादव के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग आरक्षण' की मांग या तो विषय की समझ के अभाव में की गई है या फिर यह एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है। महाज़ के अनुसार जब महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को स्थान मिलेगा, तो पसमांदा मुस्लिम समाज की बड़ी आबादी स्वतः ही इसके दायरे में आ जाएगी।

महाज़ ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे को धार्मिक पहचान के बजाय वास्तविक सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। धर्म के नाम पर आरक्षण की मांग न केवल संविधान की भावना के विरुद्ध है, बल्कि यह समाज में अनावश्यक विभाजन भी उत्पन्न करती है। संगठन ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे पसमांदा समाज के वास्तविक मुद्दों को समझें और उनके अधिकारों के लिए ठोस एवं न्यायसंगत कदम उठाएं।

जयसिंहपुरा से बिरला मंदिर तक अतिक्रमण से सिकुर्ती सड़क

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। मथुरा-वृंदावन मुख्य मार्ग पर जयसिंहपुर से लेकर बिरला मंदिर तक सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से खड़ी चाट-पकौड़ी की धकेलों के कारण प्रतिदिन गंभीर जाम की स्थिति बनी रहती है। यह मार्ग अत्यंत संवेदनशील एवं व्यस्त मार्ग है, जहां से लगातार वीआईपी वाहनों तथा एम्बुलेंस का आवागमन होता रहता है, लेकिन इसके बावजूद यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित बनी हुई है। विशेष रूप से बिरला मंदिर के सामने चाट की धकेलों के पास लोग अपनी मोटरसाइकिल और कारें सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं और वहीं खड़े होकर खान-पान करते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो जाती है। इस लापरवाही के कारण राहगीरों, श्रद्धालुओं तथा वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब भी किसी वीआईपी का आगमन होता है, तब अस्थायी रूप से अतिक्रमण हटवा दिया जाता है, लेकिन वीआईपी मूवमेंट समाप्त होते ही पुनः वही स्थिति बन जाती है। इससे साफ प्रतीत होता है कि समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन से मांग की जाती है कि सड़क किनारे खड़ी इन धकेलों को तत्काल नियमानुसार निर्धारित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित कराया जाए तथा सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और संभावित दुर्घटनाओं से आमजन को बचाया जा सके।

बी.एस.ए. में नारी शक्ति वंदन अधिनियम थीम पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं विद्यार्थियों में महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और सामाजिक जागरूकता के संदेश को रचनात्मक माध्यम से प्रसारित करना रहा। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियां बनाई। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से महिला सम्मान, शिक्षा, आत्मनिर्भरता, समान अवसर तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोलियों में 'सशक्त नारी - सशक्त समाज ', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'नारी सम्मान, राष्ट्र का अभिमान' जैसे प्रेरक संदेश विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व एवं सहभागिता के नए अवसर प्रदान करने वाला ऐतिहासिक कदम है। विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक संदेश देना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय सदैव शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित प्राध्यापकगण डॉ. एस. के. राय, डॉ. बी. पी. राय, डॉ. बी. के. गोस्वामी, डॉ. यू. के. त्रिपाठी, डॉ. अनु गर्ग, डॉ. रूचि अग्रवाल एवं डॉ. रेखा राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

अधिवक्ताओं का बायोमेट्रिक कार्ड से होगा न्यायालय में प्रवेश

मथुरा। हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा जिला जज मथुरा को पत्र लिखकर भेज गया है कि वह मथुरा बार के अंतर्गत जो अधिवक्ता वकालत कर रहे हैं उन सभी अधिवक्ताओं के बायोमेट्रिक कार्ड बनाए जाए भविष्य में उस कार्ड के आधार पर ही अधिवक्ता न्यायालयों में जा सकेंगे। उक्त आदेश मिलते ही जनपद जिला जज ने मथुरा बार एसोसिएशन को को सूचित कर दिया है। बार एसोसिएशन मथुरा ने जिला जज मथुरा का पत्र मिलते ही कार्यवाही शुरू कर दी है बार सचिव ने पत्र निर्गत करते हुए लिखा है कि जिला अदालत में वकालत का कार्य करने वाले सभी अधिवक्ता सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस एवं बार काउंसिलिंग ऑफ यू पी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छाया प्रति 23 अप्रैल तक बार कार्यालय में जमा करवा दे जिससे वकालत का व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं के बायोमेट्रिक कार्ड बन सके। बार अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि भविष्य में वही अधिवक्ता न्यायालयों में जाकर प्रैक्टिस कर सकेंगे जिनके पास बायोमेट्रिक कार्ड होगा।

सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी आहूत की गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार समस्त क्षेत्राधिकारियों, समस्त थाना प्रभारियों एवं जनपद के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना एवं अपराधों पर नियंत्रण रखना था। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में आयोजित मीटिंग में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर चर्चा की गई, जिनमें विशेष रूप से गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे विवेचना में तेजी लाएं और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, और विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए। इस क्राइम मीटिंग का मुख्य उद्देश्य जनपद कन्नौज को अपराध मुक्त बनाना और आमजन के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था।

उन्होनें देश को संविधान देकर समान अधिकार दिलाने का कार्य किया

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला आजादनगर अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया तथा फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने संबोधित किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरूषों के के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय

■ डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 की विधानसभा संगोष्ठी को विद्यायिका व नेताओं ने संबोधित किया

ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान देकर सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया एवं फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया जा रहा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और विकास की भावना पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मंयक गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को मजबूत बनाना चाहिए। वहीं संगोष्ठी के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। अंत में व्यापारी नेता/भाजपा जिला मंत्री संजीव गुप्ता संजू, राजीव ठाकुर, रामवीर कठेरिया, नीरज मिश्रा, दीपू शर्मा, राकेश कौशल, परशुराम देवल, अमन कठेरिया, गंगा सिंह कुशवाहा, अनुराग गुप्ता, शुगम दुबे, दीपक चक, कुलदीप बाथम, रमन कठेरिया सहित उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में दीक्षांत समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

संभल। मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में यूकेजी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े ही भव्य और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

समारोह में यूकेजी के बच्चों को पारंपरिक गाउन पहनाकर मंच पर सम्मानित किया गया तथा उन्हें मोमेंटो प्रदान किए गए। नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें नृत्य, गीत और लघु प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने

बच्चों ने विभिन्न थीम और गतिविधियों पर आधारित रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां देकर पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने अलग-अलग शैक्षिक एवं रचनात्मक विषयों पर आधारित शिल्पकृतियों (क्राफ्ट एक्टिविटीज) के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

किसी ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया, तो किसी ने देशभक्ति गीतों और नृत्य के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मासूम अदाएं और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

नृत्य, समूह गीत, लघु नाटिकाओं और शिल्प प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और टीमवर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनकी प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि पूरा हॉल तालियों की गूंज से बार-बार भर उठता रहा।

अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं छोड़ी और हर प्रस्तुति पर जोरदार तालियों के साथ उनका हौसला बढ़ाया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन नन्हे बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

डिजिटल संसाधन फ़ारसी व अरबी अनुवाद को अधिक प्रामाणिक बना रहे हैं : प्रो. सौबान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविधालय के फ़ारसी विभाग ने उर्दू विभाग के सहयोग से आज 'फ़ारसी और अरबी अनुवाद के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों का महत्व' विषय पर एक महत्वपूर्ण विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत फ़ारसी विभाग के इंचार्ज डॉ. आरिफ़ अब्बास ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता, शिक्षकों और छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय ज्ञान और साहित्य की दुनिया में तीव्र डिजिटल परिवर्तन का युग है, जहाँ क्लासिकी भाषाओं के दुर्लभ ग्रंथ, पांडुलिपियाँ, शब्दकोश, तफ़सीर और अन्य विद्वतापूर्ण सामग्री को डिजिटल रूप में संरक्षित कर व्यापक स्तर पर सुलभ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ़ारसी और अरबी जैसी महान सांस्कृतिक और विद्वतापूर्ण भाषाओं के अनुवाद में डिजिटल संसाधन न केवल अनुवादकों को नई सुविधाएँ प्रदान कर रहे हैं, बल्कि शोध और तुलनात्मक अध्ययन के अनेक अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं। इन संसाधनों की सहायता से विभिन्न संस्करणों तक त्वरित पहुँच, शब्दावली के सटीक चयन, अर्थ की गहराई को समझने और सांस्कृतिक संदर्भों के सही संप्रेषण में उल्लेखनीय सुविधा हुई है। विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. सौबान सईद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शैक्षणिक, साहित्यिक और भाषाई संसाधनों के नए आयाम सामने आए हैं। फ़ारसी और अरबी के अनुवाद में डिजिटल साधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

मथुरा-वृन्दावन में नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन संपन्न, महिला सशक्तिकरण पर जोर

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सशक्त नारी, सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी, मथुरा महानगर द्वारा मथुरा-वृन्दावन विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मसानी स्थित आर.सी.ए. गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हुआ, जिसका शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या अंजू बाला खंडेलवाल ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य रेणू गौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि नेतृत्व करने और देश की दिशा तय करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

इस अवसर पर मथुरा-वृन्दावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इससे संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी और नीति निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर महिला एवं बालिका से जुड़े मुद्दों पर अधिक संवेदनशील निर्णय लिए जा सकेंगे।

वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया सम्मेलन के पश्चात कॉलेज एक रैली निकाली गई जिसको मुख्यअतिथि रेणू गौर एवं विधायक श्री कांत शर्मा भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का संचालन भारती वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपा अग्रवाल, पूजा चौधरी, ममता भारद्वाज, नीलम गोयल (पार्षद), सुनीता उपाध्याय, कल्पना गर्ग, नीलम पांडे, पूनम वाल्मीकि, परमार वंदना अरोड़ा, भावना रावत, ज्योति चतुर्वेदी, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, सुरेंद्र ठाकुर, प्रधान ललित गौतम, मलय राठौर, मनोज ठाकुर, अंकुर अग्रवाल (पार्षद), महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, प्रणय पाराशर, अमित पाठक, यज्ञदत्त कौशिक, लोकेश तायल, नितिन चतुर्वेदी, नितिन कौशिक, राजू चौधरी, राजेश माहौर, नरेश शर्मा, बब्बू, धर्मेंद्र चौधरी, राकेश तोमर, मोहन भारद्वाज, कुलदीप पाठक (पार्षद) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सैय्यद अली खामेनई की याद में मजलिस आयोजित

अवधनामा संवाददाता

संभल। सैय्यद अली खामेनई और शोहदा ए राहे हंक की याद में मजलिस आयोजित की गयी। शहर के मौहल्ला नूरियो सराय स्थित शिया जामा मस्जिद में शुक्रवार को बाद नमाज के सैय्यद अली खामेनई और शोहदा ईरान की याद में मजलिस आयोजित की गयी मजलिस को मौलाना मीसम अब्बास ने खिताब किया मौलाना ने कहा कि राहे हंक और इंसानियत की रक्षा करते हुए शहीद हुए सैय्यद अली खामेनई और शोहदा ए ईरान की याद दुनिया में हमेशा बाकी रहेगी। मौलाना ने कहा कि ईरान ने अमेरिका और इजराइल के सामने सर नहीं झुकाया बल्कि दुनिया की सुपर पावर को झुकने पर मजबूर कर दिया। ईरान के लोगों को शहादत देना मंजूर है अमेरिकी और इजरायल द्वारा इंसानियत का कत्लेआम मंजूर नहीं है। कर्बला की घटना का जिक्र करते हुए मौलाना ने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ सर नहीं झुकाया और सर को कटा कर इंसानियत को बचाया था मजलिस के अन्त में मौलाना ने ईरान के शहीदों की आत्मा शांति के लिए दुआ करायी। इस दौरान मौलाना ने मुल्क के अमन-चैन और खुशीहाली के लिए भी दुआ करायी। इस दौरान डॉ आबिद हुसैन हैदरी नैय्यर अब्बास पैकर संभली गुफरान हुसैन कैंसर बाकरी नईम हुसैन शब्बू साजिद कमब्बर अब्बास अली सादिक शहा आलम आदि शामिल रहे।

आलू की खास डिश करें आप भी ट्राई

आलू एक ऐसी सब्जी है, जिसका इस्तेमाल हर भारतीय किचन में किया जाता है। आलू को हम अलग-अलग तरह की डिश में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये हर मसाले, हर स्टाइल और हर राज्य के स्वाद में आसानी से ढल जाता है। यही वजह है कि आलू को भारत के अलग-अलग हिस्सों में कई डिफरेंट तरीकों से बनाया जाता है और जिसकी वजह से हर डिश का अपना अलग ही फ्लेवर और पहचान बन जाती है। कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, बंगाल से लेकर पंजाब तक, हर जगह आलू ने अपनी एक खास जगह बना ली है। अगर आप भी खाने के शौकीन हैं और भारत के राज्यों के नए-नए स्वाद को चखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको आलू की इन डिशेज को एक बार जरूर बनाना चाहिए-

दम आलू (उत्तर प्रदेश)

उत्तर प्रदेश में दम आलू बहुत ही फेमस है। इसे बनाते समय छोटे-छोटे आलू को डीप फ्राई करके मसालेदार ग्रेवी में पकाया जाता है। इसमें दही, टमाटर और खास मसालों का इस्तेमाल होता है, जो इसे रिच और

स्पाइसी बनाता है। आप दम आलू को पराठा या पूरी के साथ बनाकर खा सकते हैं।पाक कला और व्यंजन

कश्मीरी दम आलू (कश्मीर)

कश्मीर में लोग कश्मीरी दम आलू खाना काफी पसंद करते हैं। यह दिखने में लाल और खाने में बेहद लजीजदार होता है। इसमें कश्मीरी लाल मिर्च, सौंफ और दही का इस्तेमाल किया जाता है। इसका फ्लेवर थोड़ा अलग होता है, ना ज्यादा तीखा, ना मीठा, बस परफेक्ट बैलेंस। इस पारंपरिक कश्मीरी रेसिपी में छोटे आलू इस्तेमाल होते हैं। धीमी दम कुकिंग प्रोसेस की वजह से आलू ग्रेवी के सभी खट्टे और हल्के स्मोकी फ्लेवर को अच्छी तरह सोख लेते हैं।

बटाटा भाजी (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र में बटाटा भाजी काफी पसंद की जाती है। यह बहुत सिंपल लेकिन स्वादिष्ट होती है। वड़ा पाव के अंदर जो गोल आलू की भरावन आप देखते हैं, वही असल में बटाटा भाजी है। इस डिश को बनाने के लिए उबले और मसले हुए आलूओं को राई, हल्दी, कढ़ी पत्ता और हरी मिर्च के साथ भूनकर तैयार किया जाता है। इसकी बनावट नरम और हल्की-सी मसली हुई होती है, जो इसे नाश्ते के लिए भरावन के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए एकदम सही बनाती है।

आलू पराठा (पंजाब)

आलू पराठा लगभग हर घर में बनाया जाता है। खासतौर से, बच्चों को तो यह बहुत ही पसंद आता है। लेकिन यह पंजाब की सिग्नेचर डिश है। इसमें आलू को उबालकर व छीलकर उसमें मसाले डालकर एक भरावन तैयार की जाती है। रोटी में मसालेदार आलू भरकर तवे पर घी या मक्खन में सेकते हैं।

स्किन केयर

पार्लर जैसा ग्लो अब घर पर, किचन की चीजों से पाएं बेदाग चेहरा

आज हम आपको घर पर ही मौजूद कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो किसी महंगी क्रीम या फेस पैक की तरह काम करती है। ऐसे में अगर आप इन चीजों का इस्तेमाल फेस पर करेंगी तो आपकी स्किन निखरी, नेचुरली हेल्दी और मॉइस्चराइज्ड बन जाएगी।

शहद का इस्तेमाल

शहद हमारी स्किन के लिए नेचुरल मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। शहद में एंटी-बैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग प्रॉपर्टीज पाए जाते हैं। शहद का इस्तेमाल करने से स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग होती है। थोड़े से दही में शहद मिलाकर लगाने से स्किन को अंदर से नमी मिलती है और एयर डलनेस और ड्राइनेस की समस्या भी खत्म होती है।

हल्दी का इस्तेमाल

सर्दियों में स्किन केयर रूटीन में हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाए जाते हैं। जब हल्दी का फेस पर इस्तेमाल करते हैं, तो चेहरे की रंगत निखरती है। वहीं हल्की आपके फेस पर मौजूद पिंपल्स और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए दही में हल्दी मिलाकर सप्ताह में 2 से 3 बार फेस पर लगाएं।

नींबू का इस्तेमाल

स्किन के लिए नींबू को काफी फायदेमंद माना जाता है। नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। यह आपकी स्किन को साफ करता है और फ्रेश बनाता है। फेस पर नींबू का इस्तेमाल करने से दाग-धब्बे और डार्क स्पॉट्स कम होने लगते हैं। लेकिन चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल करने के बाद धूप में न निकलें।

आलू का इस्तेमाल

अगर आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हैं या सूजन की समस्या से

जूझ रहे हैं। तो आपको आलू का इस्तेमाल करना चाहिए। डार्क सर्कल्स और सूजन से छुटकारा पाने के लिए सबसे पहले आलू का रस निकाल लें। या फिर इसके पतले स्लाइस काटकर अपनी आंखों पर करीब 15 मिनट के लिए रखें। इससे आंखों की थकान दूर होती है और डार्क सर्कल्स भी कम होते हैं।

ओट्स का इस्तेमाल

अगर आप भी अपनी त्वचा की डीप क्लीनिंग करना चाहती हैं और फेस पर मौजूद डेड स्किन सेल्स से छुटकारा पाना चाहती हैं। तो आपको ओट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। ओट्स को फेस पर हल्के हाथों से रगड़ने पर डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ हो जाते हैं। किचन में मौजूद ओट्स आपकी स्किन को फ्रेश और सॉफ्ट बनाने में मदद करता है। आप चाहें तो ओट्स में शहद या दही मिलाकर असरदार फेस पैक बना सकते हैं।

फ्रिज में खाना स्टोर करने की गलतियां पड़ सकती हैं भारी

फ्रिज में खाना खराब होने की समस्या आम है, जिसका मुख्य कारण उसे सही तरीके से स्टोर न करना है। कुछ आसान किचन हैक्स जैसे गर्म खाने को ठंडा करके रखना और एयरटाइट कंटेनर का उपयोग करना, जिससे भोजन की ताजगी लंबे समय तक बनी रहेगी। आज के समय में ज्यादातर घरों में फ्रिज जरुर होते हैं। बिना इसके कोई काम नहीं आता है। बचा हुआ खाना हम सभी फ्रिज में रखते हैं। फ्रिज में दूध को स्टोर करते हैं या सब्जियों को जरुर रखते हैं। वैसे हर चीज के लिए फ्रिज की जरुरत होती है। कुछ लोग तो यह सोचते हैं कि अगर खाना फ्रिज में रखते हैं तो यह कई दिनों तक चलता है, लेकिन ऐसा जरुरी नहीं हैं, कई बार फ्रिज में खाना रखने से खराब हो जाता है। इसके साथ ही खाने का स्वाद बदल जाता है और फ्रेशनेस भी खत्म हो जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण खाना रखने का तरीका

खराब

ठंडी हवा सही तरीके से हर जगह नहीं पहुंच पाती है। इस कारण से खाना खराब हो जाता है।

होता है। यदि आप खाने को सही ढंग से स्टोर करते हैं, तो ये जल्दी खराब नहीं होता। आइए आपको कुछ ट्रिक्स बताते हैं, जिससे आपका खाना फ्रेश बना रहेगा।

गर्म खाना सीधे फ्रिज में न रखेंआहार

अक्सर होता है कि लोग जल्दी-जल्दी में गरम खाना फ्रिज में रख देते हैं। जिससे खाना जल्दी खराब होने लगता है। जब आप फ्रिज में गरम खाना रखते हैं तो उसके टेंपरेचर पर भी असर पड़ता है। बेहतर है कि खाना पहले थोड़ा ठंडा होने दें और इसे फ्रिज में रख दें।

एयरटाइट डिब्बों में रखें खाना

अगर आप फ्रिज में खाना खुला रखते हैं, तो इससे खाना जल्दी खराब होता है। क्योंकि नमी से स्वाद बदल जाता है। इसलिए कोशिश करें कि खाने को ऐसे डिब्बों में रखें जिनमें हवा न जा सके। इससे खाना फ्रेश भी रहता है और बाकी दूसरी चीजें भी नहीं खराब होती हैं।

खाने को छोटे हिस्सों में रखें

अगर भोजन ज्यादा बच जाए, तो उसे एक ही बड़े कंटेनर में रखने के बजाय अलग-अलग छोटे हिस्सों में स्टोर करना बेहतर होता है। इससे जितनी जरूरत हो उतना ही खाना निकालना आसान रहता है और बाकी बचा हुआ भोजन भी लंबे समय तक सुरक्षित बना रहता है।

फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरेंकिचेन और डाइनिंग

अगर आप फ्रिज में बहुत ज्यादा सामान भर देते हैं, तो ठंडी हवा सही तरीके से हर जगह नहीं पहुंच पाती है। इस कारण से खाना खराब हो जाता है। इसलिए ध्यान रखे कि फ्रिज में थोड़ा जगह खाली भी रखें। इससे फ्रिज में ठंडक बनीं रहती है।

ज़्यादा जानें
अखबार
ताज़ा खबरें
ऑनलाइन पाठ्यक्रम

खाना स्टोर करते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हमेशा बचा हुआ खाना ढककर रखें।
- बहुत पुराने खाने को ज्यादा दिनों तक फ्रिज में न रखें।
- पके हुए खाने और कच्ची चीजों को एकदम अलग रखें।

पौष्टिक और आसान रेसिपी

बच्चों के लिए नाश्ते में क्या बनाएं? उनके टिफिन में क्या पैक करके दें? यह सवाल हर मां के लिए एक बड़ी सिरदर्दी है। सिर्फ मां ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए भी यह सवाल एक बड़ी उलझन है कि रोज सुबह नाश्ते में क्या बनाया जाए, जो खाने में टेस्टी और सेहत के लिए अच्छा हो। चलिए आपकी इस सिरदर्द को खत्म कर देते हैं। आज हम आपके लिए नाश्ते के पांच ऐसे बेहतरीन विकल्प लेकर आए हैं, जो स्वाद और सेहत से भरपूर हैं।

बेसन चीला

सब्जियों से भरपूर यह चीला स्वाद और सेहत का मेल है। इसे बनाने के लिए एक कटोरे में कद्दूकस की हुई लौकी, गाजर, हरा धनिया, अजवाइन, नमक, दही, बेसन और छाछ (या दही-पानी का मिश्रण) डालकर एक चिकना घोल तैयार कर लें। अब एक गर्म तवे पर इस घोल को फैलाएं और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक अच्छी तरह सेक लें।नाश्ते के आहार

रागी के चॉकलेटी पैनकेक

अगर बच्चों को मीठा पसंद है, तो रागी पैनकेक एक शानदार विकल्प है। रागी के आटे में कोको पाउडर, बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर, मैश किए हुए केले, घी, दूध और वनीला एसेंस मिलाकर एक गाढ़ा घोल बना लें। तवे पर थोड़ा घी लगाकर छोटे-छोटे पैनकेक तैयार करें। इसे मेपल सिरप और केले के टुकड़ों के साथ परोसें।

प्रोटीन से भरपूर मसूर दाल वेफल्स

मसूर दाल को दूध और खजूर के साथ रात भर भिगोकर रखें। सुबह इसे पीस लें और इसमें थोड़ा बेकिंग पाउडर और नमक मिलाएं। वेफल मेकर को मक्खन से ग्रीस करें और इस घोल को डालकर कुरकुरे वेफल्स तैयार करें। ताजे फलों और मेपल सिरप के साथ यह नाश्ता बच्चों को खूब पसंद आएगा।

पालक और सत्तू का ढोकला

पालक, धनिया, अदरक और मिर्च का पेस्ट तैयार करें। अब सूजी, सत्तू, दही, नमक और इस पेस्ट को पानी के साथ मिलाकर घोल बना लें। अंत में थोड़ा ईनो डालकर अच्छी तरह मिलाएं और 20 मिनट तक भाप में पकाएं। ऊपर से राई और कढ़ी पत्ते का तड़का लगाकर इसे और भी स्वादिष्ट बनाएं।

अंकुरित मूंग की इडली

अंकुरित हरी मूंग को अदरक, धनिया, सूजी, दही और नमक के साथ मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण में ईनो और थोड़ा पानी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। अब इडली स्टैंड में थोड़ा तेल लगाएं और इस घोल को डालकर 15 मिनट तक स्टीम करें। यह हल्का और प्रोटीन युक्त नाश्ता दिन की शुरुआत के लिए बेहतरीन है।

घर पर बनाएं दिल्ली जैसी चटपटी आलू चाट

आपने आलू की नॉर्मल चाट और छोले वाली चाट को जरूर खाई होगी। लेकिन क्या आपने झटपट बनने वाली चटपटी क्रिस्पी आलू चाट खाई है। यह टेस्टी होने के साथ परफेक्ट ऐपेटाइजर भी है। चटपटी चाट खाने के शौकीन लोगों की कमी नहीं है। लोग अलग-अलग वैरायटी की चटपटी चाट बनाते हैं। वहीं चाट का नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। क्योंकि चाट होती ही इतनी टेस्टी है। यह खाने में स्वाद होने के साथ दिल और दिमाग को भी खुश कर देती है। आपने आलू की नॉर्मल चाट और छोले वाली चाट को जरूर खाई होगी। लेकिन क्या आपने झटपट बनने वाली चटपटी क्रिस्पी आलू चाट खाई है। यह टेस्टी होने के साथ परफेक्ट ऐपेटाइजर भी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चटपटी क्रिस्पी आलू चाट की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सामग्री

उबले हुए छोटे आलू- 400 ग्राम
उबला हुआ चना- 1 कप
मीठा दही, फेंटा हुआ- 2 कप
हरी चटनी- 1 कप
मीठी इमली की चटनी- 1 कप
कटा हुआ प्याज
कटा हुआ धनिया
चाट मसाला

चटपटी क्रिस्पी आलू चाट

आपको सबसे पहले बेकिंग ट्रे को ऑयल की सहायता से चिकना कर लेना है। फिर आसान तरीके से आलू को उबालने के बाद गिलास की मदद से दबाना है। गिलास से दबे हुए आलू पर भी ऑयलिंग कर लें। अब 180 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर 10-12 मिनट तक बेक करने के लिए छोड़ दें।

जब आलू क्रिस्पी हो जाएं, तो चाट बनाना है। इसके लिए आलू को प्लेट में डालकर इसके ऊपर चना, चाट मसाला, दही, मीठी चटनी, हरी चटनी, प्याज और धनिया डाल दें। आप कुछ मनपसंद मसाले डालकर चाट को टेस्टी बना सकती हैं। इस आसान तरीके से आप चटपटी क्रिस्पी आलू चाट बनकर तैयार हो जाएगी।

घर पर बनी कुल्फी की रेसिपी

गर्मी में क्रीमी और टेस्टी कुल्फी बनाने के लिए फॉलो करें टिप्स

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की। ठंडी-ठंडी और मीठी-मीठी कुल्फी खाकर बेहद मजा आ जाता है। अमूमन हम सभी बाजार से कुल्फी लाकर खाते हैं, लेकिन अगर आप चाहो तो इसे घर पर भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। हो सकता है कि आपने भी घर पर कुल्फी बनाई हो, लेकिन घर पर कुल्फी बनाने का एक नुकसान यह है कि वह बाजार जैसी क्रीमी और टेस्टी नहीं बनती है। कभी उसमें

ठंडा खाना

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की।

बर्फ जम जाती है, तो कभी वो बहुत सख्त हो जाती है।

अगर आपने भी अक्सर इस समस्या का सामना किया है और आपको लगता है कि आप परफेक्ट कुल्फी नहीं बना सकते तो आप गलत है। दरअसल, कुछ ऐसे आसान व छोटे-छोटे हैक्स हैं, जो आपकी कुल्फी को टेस्टी व क्रीमी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हैक्स के बारे में बता रहे हैं-

दूध को करें गाढ़ा

अगर आप घर पर कुल्फी बना रहे हैं तो ऐसे में दूध को अच्छी तरह गाढ़ा करें और कुल्फी बनाने के लिए फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। आप दूध को धीमी आंच पर 30-40 मिनट तक उबालो। साथ ही, दूध को बीच-बीच में चलाते रहो, वरना वह नीचे लग जाएगा।

चीनी और फ्लेवर सही तरह से करें इस्तेमाल

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो। जड़ी-बूटियां और मसाले

ड्राई फ्रूट्स को ना भूलें

कुल्फी बनाते समय ड्राई फ्रूट्स डालना ना भूलें। आप काजू, बादाम, पिस्ता बारीक कट करके डालो। साथ ही, अगर आप थोड़ा सा पेस्ट बनाकर डालोगे तो और इससे क्रीमी टेक्सचर मिलेगा।

मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

अगर आपको क्रीमी कुल्फी खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में कुल्फी तैयार करते समय मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करने से कुल्फी स्मूथ बनती है और इससे आइस क्रिस्टल्स नहीं बनते हैं।

कूलिंग चटनी की रेसिपी

गर्मियों में डाइट में लगाएं स्वाद का तड़का

आप गर्मियों में परिवार की सेहत का ध्यान रखते हुए 5 तरह की कूलिंग चटनियां बना सकती हैं। यह न सिर्फ शरीर को ठंडा रखती हैं, बल्कि खाने के स्वाद को भी दोगुना कर देती हैं। तो आइए जानते हैं इन चटनी रेसिपी के बारे में।

गर्मियों के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम में खाने-पीने का बहुत ख्याल रखना पड़ता है। इसलिए गर्मियों में ऐसी डाइट लेने की सलाह दी जाती है, जिससे पेट को ठंडक मिल सके। ऐसे में अधिकतर लोग कूलिंग ड्रिंक्स लेते हैं। जो हमारे पेट के साथ-साथ ओवर ऑल हेल्थ के लिए भी काफी अच्छे होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ स्पेशल रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप भी ट्राई कर सकती हैं।

आप गर्मियों में परिवार की सेहत का ध्यान रखते हुए 5 तरह की

कूलिंग ड्रिंक्स

गर्मियों के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम में खाने-पीने का बहुत ख्याल रखना पड़ता है। इसलिए गर्मियों में ऐसी डाइट लेने की सलाह दी जाती है, जिससे पेट को ठंडक मिल सके। ऐसे में अधिकतर लोग कूलिंग ड्रिंक्स लेते हैं।

कूलिंग चटनियां बना सकती हैं। यह न सिर्फ शरीर को ठंडा रखती हैं, बल्कि खाने के स्वाद को भी दोगुना कर देती हैं।

पुदीना चटनी

गर्मियों में पुदीने का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। पुदीने की

तासीर ठंडी होती है। पुदीने की चटनी बनाने के लिए पुदीना, हरी मिर्च, धनिया, नींबू का रस और नमक मिलाकर पीस लें। फिर आप इस चटनी को दाल-चावल, पराठा और पूड़ी के साथ सर्व कर सकती हैं। वहीं तहरी और खिचड़ी के साथ भी यह चटनी काफी अच्छी लगती है।पौधे और प्राणी

दही-पुदीने की चटनी

आप चाहें तो दही-पुदीने की चटनी भी बना सकती हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि दही खाने से हमारे शरीर को ठंडक मिलती है। पुदीना स्वाद बढ़ाता है। इसको बनाने में दही में पुदीना, थोड़ा भुना जीरा और नमक मिलाकर इसको ग्राइंड कर लें। इस आसान तरीके से दही-पुदीने की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी।

आम की चटनी

गर्मियों में आम तो खूब खाए जाते हैं। कच्चे आम को तो लोग खाने में भी इस्तेमाल करते हैं। वहीं कच्चे आम से बनी चटनी हमारे शरीर को ठंडक पहुंचाती है और स्वाद में भी लाजवाब होती है। इसको बनाने के लिए कच्चे आम में पुदीना, गुड़, जीरा और काला नमक डालकर पीस लें। आम की चटनी खाने में काफी स्वादिष्ट होती है।

नारियल की चटनी

हमारे शरीर को नारियल ठंडक पहुंचाने का काम करता है। ऐसे में आप गर्मियों में नारियल की चटनी बनाकर खा सकती हैं। आमतौर पर लोग नारियल की चटनी को साउथ इंडियन डिशेज के साथ खाना पसंद करते हैं। लेकिन आप रोज नारियल की चटनी खा सकती हैं। इसको बनाने के लिए नारियल, दही, हरी मिर्च और नमक को पीस लें। फिर ऊपर से चना, राई और उड़द दाल का तड़का लगा सकती हैं।

गर्मी में कच्चे आम से बनाएं फ्रेश अमचूर पाउडर

क्या आप जानती हैं कि आप घर पर ही बड़े आराम से आम से अमचूर पाउडर बना सकती हैं? बाजार में जो अमचूर मिलता है, उसमें अक्सर मिलावट होती है और उसका रंग भी काला सा दिखता है। लेकिन घर पर बना पाउडर एकदम शुद्ध होता है और इसकी खुशबू और खटास भी बहुत जबरदस्त होती है। सबसे अच्छी बात यह है कि सिर्फ थोड़े से कच्चे आम से आप साल भर का अमचूर तैयार कर सकती हैं। एक बार इसे बनाने का तरीका जान लिया, तो आप बाजार से महंगा पाउडर लाना भूल जाएंगी।

सही आम का चुनाव कैसे करें?

घर पर बढ़िया अमचूर बनाने के लिए सही आम चुनना बहुत जरूरी है। हमेशा ऐसे कच्चे आम लें जो एकदम सख्त हों और जिनमें गुठली अच्छे से बन गई हो। अगर आम मुलायम या हल्के पके होंगे, तो अमचूर अच्छा नहीं बनेगा। सबसे पहले आमों को धोकर सुखा लें, फिर इनका छिलका उतार लें। अब इन्हें पतले-पतले टुकड़ों में काट लें। आप चाहें तो इन्हें कद्दूकस भी कर

सकती हैं, क्योंकि जितने पतले टुकड़े होंगे, वे उतनी ही जल्दी सूखेंगे।

आम सुखाने का सही तरीका

कटे हुए टुकड़ों को किसी सूती कपड़े या बड़ी थाली पर फैला दें। ध्यान रखें कि टुकड़े एक-दूसरे के ऊपर न हों, वरना उनमें फफूंद लग सकती है। इन्हें 2 से 3 दिनों तक तेज धूप में सुखाएं। जब टुकड़े इतने सूख जाएं कि हाथ से दबाते ही टूट जाएं, तब समझिए कि ये तैयार हैं। अगर थोड़ी भी नमी रह गई, तो पाउडर जल्दी खराब हो सकता है। सुखाते समय इसे किसी पतले कपड़े से ढक देना बेहतर रहता है।

ऐसे बनाएं अमचूर पाउडर

जब आम के टुकड़े पूरी तरह सूख जाएं, तो उन्हें मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें। पीसने के बाद इस पाउडर को एक बारीक छलनी से छान लें ताकि आपको एकदम महीन पाउडर मिले। बस, आपका शुद्ध अमचूर पाउडर तैयार है!

साल भर तक स्टोर करने का नुस्खा

इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए हमेशा कांच के एयरटाइट जार का इस्तेमाल करें। पाउडर को जार में भरने के बाद इसमें आधा चम्मच नमक मिला दें, इससे यह साल भर तक खराब नहीं होगा। यकीन मानिए, घर का बना यह अमचूर बाजार वाले से कहीं ज्यादा खट्टा और ताज़ा होता है।

टायर फटने के बाद बस से टकराई कार, जिंदा जल गए तीन मासूम समेत 6 लोग

बंगलूरू। कर्नाटक के यादगिरि में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने छह जिंदगियां लील लीं। चलती कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बस में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में तुरंत आग लग गई, जिससे उसमें सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कर्नाटक के यादगिरि जिले में शुक्रवार को मौत का एक ऐसा तांडव देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल दहला दिया है। दरअसल, सुरपुर तालुक के शांतापुरा क्रॉस के पास एक कार और निजी बस की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार छह लोगों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई है। मरने वालों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार कॉम्पैक्ट यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) का टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर की दूसरी तरफ से आ रही निजी बस से जा टकराई। भिड़ंत होते ही कार आग का गोला बन गई। हादसे के वक्त कार में कुल आठ लोग सवार थे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने का अवसर ही नहीं मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। दो घायलों को बेहद नाजुक स्थिति में यादगिरि आयुर्विज्ञान संस्थान (आईएमएस) में भर्ती कराया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक पृथ्वीक शंकर ने छह मौतों की पुष्टि करते हुए बताया कि बाकी दो की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, कार सवार सभी लोग रायचूर जिले के सिरवार तालुक के रहने वाले थे। सभी लोग यादगिरि से अपने घर लौट रहे थे। वहीं, निजी बस बेंगलुरु से कलबुर्गी की ओर जा रही थी। गनीमत यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें समय रहते वाहन से बाहर निकाल लिया गया।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान रूट से बढ़ रही नशीले पदार्थ की तस्करी

नई दिल्ली। भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। ताजा इनपुट के अनुसार, पाकिस्तान-अफगानिस्तान क्षेत्र यानी गोल्डन क्रिसेंट से होने वाली तस्करी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसे आतंकवादी गतिविधियों की फंडिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। गोल्डन क्रिसेंट से आने वाले ड्रग्स का नेटवर्क भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, देश में आने वाले कुल नशीले पदार्थों में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी क्षेत्र की है। इस इलाके से मुख्य रूप से चरस और मेथामफेटामाइन जैसे ड्रग्स भारत में तस्करी के जरिए पहुंचाए जा रहे हैं। पाकिस्तान स्थित नेटवर्क इन गतिविधियों को तेज कर रहे हैं, ताकि भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाया जा सके।

आसाराम आश्रम को झटका: अवैध कब्जे वाली जमीन पर अब सरकार करेगी कब्जा

गांधीनगर। गुजरात हाई कोर्ट ने आसाराम आश्रम ट्रस्ट की याचिका खारिज कर दी है। आश्रम पर सरकारी शर्तों के उल्लंघन और साबरमती नदी की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप है। गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में स्थित आसाराम आश्रम ट्रस्ट को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जमीन विवाद से जुड़ी आश्रम की याचिका को खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद अब राज्य सरकार 45,000 वर्ग मीटर से ज्यादा की जमीन पर फिर से कब्जा कर सकेगी। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति डीएन रे की बेंच ने यह आदेश सुनाया। बेंच ने सिंगल जज के उस पुराने फैसले को सही माना, जिसमें अहमदाबाद कलेक्टर के आदेश को बरकरार रखा गया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आश्रम ने बार-बार सरकारी शर्तों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अवैध कब्जे को वैध बनाने का कोई आधार नहीं बनता है। यह जमीन दशकों पहले केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए आश्रम को दी गई थी। उस समय लगभग 33,980 वर्ग मीटर जमीन आवंटित हुई थी। लेकिन सरकार ने कोर्ट को बताया कि आश्रम ने धीरे-धीरे करीब 50,000 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। सरकार ने जीपीएस और सैटेलाइट मैपिंग के जरिए सबूत पेश किए। इन सबूतों से पता चला कि आश्रम ने सरकारी जमीन के साथ-साथ साबरमती नदी के किनारे वाली जमीन पर भी कब्जा किया है। अपनी टिप्पणियों में, कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता लगातार नियमों का उल्लंघन करता रहा है और यह माना कि इस मामले के तथ्यों को देखते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में कोई भी न्यायसंगत आधार नहीं बनता है। सरकारी वकील जीएच विर्क ने कोर्ट को बताया कि जमीन वापस लेने की कार्रवाई पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई है। इसमें कई बार नोटिस दिए गए, निरीक्षण हुआ और 20 से ज्यादा बार सुनवाई की गई। उन्होंने कहा कि आश्रम ने खुद अवैध निर्माण को वैध करने की अर्जी दी थी, जो एक तरह से नियमों के उल्लंघन की स्वीकारोक्ति थी। अब सरकार लैंड रेवेन्यू कोड की धारा 202 के तहत नया नोटिस जारी कर जमीन का कब्जा वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करेगी। आश्रम ने सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए इस आदेश पर चार हफ्ते की रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि अगर आश्रम जमीन खाली करने का लिखित वादा (अंडरटेकिंग) दे, तभी कोई अंतरिम राहत मिल सकती है। यह जमीन नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास स्थित है। सरकार इस जमीन का इस्तेमाल खेल सुविधाओं के विकास के लिए करना चाहती है। यह इलाका 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और भविष्य के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की योजना के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री के बयान पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सीटों का निर्धारण सरकार नहीं, परिसीमन आयोग करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है, जिससे प्रतिनिधित्व संतुलन और 'एक व्यक्ति, एक वोट' सिद्धांत प्रभावित होगा। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि संसदीय सीटों की संख्या तय करना सरकार का नहीं, बल्कि परिसीमन आयोग का काम है। उन्होंने यह टिप्पणी प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास को लेकर चल रही राजनीतिक बहस के बीच की। तिवारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन बयानों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें उन्होंने दक्षिणी राज्यों के लोकसभा प्रतिनिधित्व पर परिसीमन के संभावित प्रभाव को लेकर चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया था। तिवारी ने कहा कि सरकार केवल सीटों की ऊपरी और निचली सीमा निर्धारित कर सकती है। उन्होंने प्रस्तावित 131वें संविधान संशोधन विधेयक का हवाला दिया, जिसमें ऊपरी सीमा 850 सीटें तय की गई है। तिवारी के अनुसार, 2011 की जनगणना के आधार पर प्रत्येक राज्य को कितनी सीटें मिलेंगी, यह तय करना परिसीमन आयोग का काम है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार सच्चाई से काम नहीं ले रही है। उन्होंने कहा, मूल मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 82 (1ए) में निहित है, जो भारतीय लोकतंत्र का मूलभूत सूत्र है: एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य।

जिस हुनर पर मिली थी कभी जिल्लत, उसी ने दुनिया के 100 प्रभावशाली हस्तियों में कराया शुमार

मुंबई। विकास खन्ना ने कुकिंग की दुनिया में अपना काम कमाने के लिए काफी मेहनत की है और आज टाइम्स की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची में शामिल होने के बाद शेफ दोबारा अपनी बीती दुनिया में पहुंच गए हैं। विकास खन्ना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने संघर्ष के दिनों को याद किया है।

जब भी अच्छे खाने की बात की जाती है, तो टीवी पर दिखने वाला विकास खन्ना का मासूम चेहरा याद आता है। शेफ विकास न सिर्फ अपने बेहतरीन खाने के लिए बल्कि अपने संघर्ष भरे सफर के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बहुत कुछ खोकर और कई बार टूटकर खुद को दोबारा मजबूती से खड़ा किया है लेकिन अब वे दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल हो गए हैं। शेफ फिलहाल इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। विकास खन्ना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने संघर्ष के दिनों को याद किया है और बताया कि कैसे 1989 में विवेक पब्लिक स्कूल में भटूरा छोले बेचने से लेकर उन्होंने 8 बार मिशेलिन स्टार तक जीतने तक का सफर पूरा किया है।

उन्होंने लिखा, 1991 में मैंने पाक कला को चुना, एक ऐसा निर्णय जिसने मेरी दादी को छोड़कर लगभग सभी को शर्मिंदा कर दिया। अपमान के कई साल ऐसे थे जिनके बारे में मैं शायद ही कभी बात करता हूं। ऐसे क्षण जिन्होंने मुझे लगभग तोड़ दिया था। 2000 में जब मेरा बैंक्रेट ध्वस्त हो गया, तो मैंने लगभग हार मान ली थी। मैं संयुक्त राज्य अमेरिका चला गया और नए सिरे से शुरुआत की। अमेरिका में भी विकास खन्ना की नई शुरुआत आसान नहीं रही। उनके पास न तो काम करने की कोई जगह थी और न ही रात बिताने के लिए छत। उन्होंने सड़कों पर खाना बनाकर बेचा और लोगों के घरों की सफाई की। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, घरों की सफाई करना, ट्राइबेका की सड़कों पर खाना बेचना, ग्रैंड सेंट्रल में सोना, एनवाईसी रेस्क्यू में बेघर होने का अनुभव करना, नींद न आने वाली रातें और ट्रेन नंबर 7 में करी बॉय कहकर पुकारा जाना और फिर भी, मैं आगे बढ़ता रहा। वहां से ज्आठ मिशेलिन स्टार तक। फिर एक समय आया और टूट गया। अपनी बहन से किए वादे को पूरा करने के लिए फिर उठा और अब साल 2026 में 100 विश्व के सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल हो गया हूं। मैं अभी इसे समझने की कोशिश कर रहा हूं...सफर जारी है।

आठ मिशेलिन स्टार एक अत्यंत प्रतिष्ठित पाक सम्मान है। यह गुणवत्ता का उच्चतम मूल्यांकन है, जो सामग्री, तकनीक, स्वाद और निरंतरता पर आधारित होता है। जब कोई शेफ या रेस्टोरेंट ग्रुप के पास अलग-अलग रेस्टोरेंट्स में मिले स्टार्स को जोड़कर गिना जाता है, तो कुल मिलाकर 8 स्टार हो सकते हैं।

कोलकाता के रियल एस्टेट समूह के खिलाफ ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने कोलकाता के एक रियल एस्टेट समूह के खिलाफ छापेमारी की। इसमें पीएमएलए मामले में नए सिरे कई जगह तलाशी हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन ग्रुप और उससे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत नए सिरे से तलाशी अभियान चलाया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। चुनाव वाले राज्य में की गई यह कार्रवाई, एजेंसी की और से 8 अप्रैल को समूह (मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) और उसके प्रमोटर सुशील मोहता और साकेत मोहता के खिलाफ की गई छापेमारी का अनुवर्ती है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में इस मामले से जुड़े कुछ पक्षों के लगभग 4-5 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तलाशी ली जा रही है। इससे पहले मर्लिन ग्रुप ने एक बयान में कहा था कि वह ईडी के साथ सहयोग कर रहा है और उसके सभी लेनदेन पारदर्शी हैं। ईडी के अधिकारियों ने कहा था कि एजेंसी इस जांच के तहत कंपनी और पश्चिम बंगाल सरकार के कुछ राजनेताओं और अधिकारियों के बीच कथित वित्तीय संबंधों की जांच कर रही है। प्रमोटर और कंपनी पर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके झूठी स्वामित्व श्रृंखला बनाने के आरोप में ईडी की जांच चल रही है, जिसके कारण भूमि हड़पने के आरोप लगे हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने कथित तौर पर हथियाई गई जमीन का व्यावसायिक रूप से शोषण करते हुए बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट परियोजनाएं शुरू कीं। एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके खुद को वैध मालिक के रूप में पेश किया और जनता को अपनी रियल एस्टेट परियोजनाओं में पर्याप्त रकम का निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

फिलीपींस में 2026 की अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़

फिलीपींस। फिलीपींस में सेना ने मुठभेड़ में 10 संदिग्ध मुस्लिम उग्रवादियों को मार गिराया है। यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस एक गांव में एक उग्रवादी कमांडर को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। तभी दौलह इस्लामिया-माउते नाम के समूह से जुड़े संदिग्ध उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

फिलीपींस में इस साल की अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 10 संदिग्ध मुस्लिम उग्रवादियों को मार गिराया। यह कार्रवाई शुक्रवार को देश के दक्षिणी हिस्से में हुई, जहां लंबे समय से अलगाववादी हिंसा होती रही है। अधिकारियों के मुताबिक, यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस एक गांव में एक उग्रवादी कमांडर को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। तभी दौलह इस्लामिया-माउते नाम के समूह से जुड़े संदिग्ध उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद करीब एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी चली। इस ऑपरेशन में कमांडर अमेरोल मंगोरांका समेत कुल 10 उग्रवादी मारे गए, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल थीं। राहत की बात यह रही कि इस मुठभेड़ में किसी भी सरकारी जवान को नुकसान नहीं पहुंचा। सेना के अधिकारियों का कहना है कि मंगोरांका और उसके साथी पहले भी कई हमलों में शामिल रहे थे। जनवरी में हुए एक घात लगाकर हमले में चार सैनिकों की मौत के पीछे भी इसी समूह का हाथ बताया गया था। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार राइफल, एक पिस्टल, एक ग्रेनेड और बम बनाने का सामान बरामद किया। इस दौरान एक शिशु भी घटनास्थल पर मिला, जिसे तुरंत इलाज के लिए भेजा गया। हालांकि, उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। फिलीपींस के दक्षिणी इलाके में दशकों से मुस्लिअलगाववादी आंदोलन म चलता रहा है।

हालांकि, साल 2014 में मोरो इस्लामिक लिबरेशन फ्रंट शांति समझौता के बाद हालात काफी हद तक सुधर गए थे। इस समझौते के तहत बड़े उग्रवादी समूह ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता अपनाया था। लेकिन कुछ छोटे गुट इस समझौते में शामिल नहीं हुए और अब भी समय-समय पर हमले करते रहते हैं। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता है और इससे इलाके में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि जब तक सभी छोटे उग्रवादी समूह पूरी तरह खत्म नहीं होते, तब तक इस क्षेत्र में खतरा बना रहेगा।

यूरोप के पास बचा है महज छह हफ्तों का हवाई ईंधन

पेरिस। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी प्रमुख फातिह बिरोल ने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध के कारण होर्मुज में तेल की आपूर्ति रुकने से यूरोप के पास केवल छह हफ्ते का हवाई ईंधन बचा है। इससे वैश्विक स्तर पर उड़ानों के रद्द होने, बेतहाशा महंगाई और मंदी का खतरा पैदा हो गया है। युद्ध से बुनियादी ढांचे को पहुंचे नुकसान के कारण तेल आपूर्ति बहाल होने में दो साल तक का समय लग सकता है। दुनिया इस वक्त इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट के मुहाने पर खड़ी है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल ने एक बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने दावा किया है कि यूरोप के पास अब सिर्फ छह हफ्ते का हवाई ईंधन बचा है। अगर ईरान युद्ध के चलते तेल की आपूर्ति बाधित रही तो बहुत जल्द दुनिया भर में विमानों के पहिए थम सकते हैं।

अमेरिका ने सैन्य आक्रामकता दिखाई, तो लड़ाई लड़ेगा देश, क्यूबा के राष्ट्रपति की ट्रंप को दो टूक

हवाना। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने कहा कि उनका देश अमेरिका से सैन्य कार्रवाई नहीं चाहता, लेकिन अगर ऐसा होता है तो क्यूबा उसका मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात क्यूबा के समाजवादी ढांचे के लिए बड़ी चुनौती हैं, इसलिए किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहना जरूरी है। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ता नजर आ रहा है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने गुरुवार को कहा कि क्यूबा नहीं चाहता कि अमेरिका उस पर सैन्य कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो उनका देश लड़ने के लिए तैयार है। डियाज-कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे। यह रैली क्यूबा की क्रांति के 65 साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी, जब क्यूबा ने खुद को समाजवादी देश घोषित किया था। डियाज-कैनेल ने कहा, यह बेहद चुनौतीपूर्ण समय है और हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, जैसे 16 अप्रैल 1961 को थे। इन खतरों में (संभावित) सैन्य हमला भी शामिल है। हम यह नहीं चाहते, लेकिन इससे बचने के लिए तैयारी करना हमारा कर्तव्य है और अगर यह टालना संभव न हो, तो हमें इसे हराना होगा।

उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही, जब दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका की ऊर्जा नाकेबंदी के कारण क्यूबा का संकट और गहरा गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि ईरान के साथ जंग खत्म होने के बाद उनका प्रशासन क्यूबा पर फोकस कर सकता है। उन्होंने कहा, हम इसे खत्म करने के बाद क्यूबा की ओर भी जा सकते हैं। उन्होंने क्यूबा को विफल देश बताया और कहा कि यह लंबे समय से खराब तरीके से चलाया जा रहा है।

जनवरी के शुरुआत में ट्रंप ने पहले भी क्यूबा में दखल की धमकी दी थी, जब अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला पर हमला किया और वहां से आने वाले तेल की आपूर्ति रोक दी। कुछ हफ्तों बाद ट्रंप ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी, जो क्यूबा को तेल बेचते हैं या उपलब्ध कराते हैं। ट्रंप और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माता-पिता 1950 के दशक में क्रांति से पहले क्यूबा से प्रवास कर गए थे। दोनों ने क्यूबा की सरकार को अक्षम और दमनकारी बताया है।

डियाज-कैनेल ने उन पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसा कहानी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका कोई आधार नहीं है।

पैसे की ताकत दिखा रहे मस्क: रिकॉर्ड बनाने के लिए नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी

अमेरिका। स्पेसएक्स ने NASDAQ में लिस्टिंग की तैयारी करते हुए आईपीओ से पहले गोपनीय दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी करीब दो ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन के साथ छोटे हिस्से की बिक्री कर 75 अरब डॉलर जुटाना चाहती है, जो इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है।

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेस एक्स ने अमेरिकी शेयर बाजार NASDAQ में लिस्टिंग की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ से पहले गोपनीय दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स करीब दो ट्रिलियन डॉलर के वैल्यूएशन को लक्ष्य बनाते हुए बाजार में उतर सकती है। कंपनी अपने कुल हिस्सेदारी का केवल छोटा भाग बेचकर लगभग 75 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। यह सौदा सफल रहा तो यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है। 2002 में स्थापित स्पेसएक्स का लक्ष्य मानवता को बहुग्रह बनाना है। कंपनी ने रॉकेट और लॉन्च व्हीकल के दोबारा उपयोग की तकनीक विकसित कर अंतरिक्ष प्रक्षेपण की लागत को नाटकीय रूप से कम किया है, जो 2000 के दशक की शुरुआत की तुलना में महज 5% तक रह गई है। कंपनी अब तक करीब 600 सफल रॉकेट लैंडिंग कर चुकी है, जिससे वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्रा को नया आयाम मिला है। हालांकि, स्पेसएक्स की कमाई का बड़ा हिस्सा उसके सैटेलाइट इंटरनेट बिजनेस स्टारलिंक से आता है, जो दुनिया भर में एक करोड़ से अधिक यूजर्स को सेवा दे रहा है। फरवरी 2026 में स्पेसएक्स ने &AI के साथ विलय किया, जो ग्रोक का डेवलपर है। यह अब तक का सबसे बड़ा निजी कॉरपोरेट विलय माना जा रहा है। इस सौदे में &AI का मूल्य 250 अरब डॉलर और स्पेसएक्स का एक ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जिससे संयुक्त इकाई का मूल्य 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इस विलय ने स्पेसएक्स के आईपीओ की जमीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है। मस्क के मुताबिक, आईपीओ से जुटाई गई रकम का उपयोग अंतरिक्ष में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर सैटेलाइट स्थापित करने के लिए किया जाएगा। इन सैटेलाइट्स को सौर ऊर्जा से संचालित करने की योजना है, जिससे पृथ्वी पर बिजली और पानी जैसी सीमाओं से बचा जा सके। स्पेसएक्स की संभावित लिस्टिंग को देखते हुए NASDAQ ने अपने कुछ नियमों में बदलाव किया है। आमतौर पर किसी कंपनी को इंडेक्स में शामिल होने के लिए कम से कम 10% शेयर बाजार में उपलब्ध होना जरूरी होता है, लेकिन स्पेसएक्स के मामले में इस शर्त में ढील दी गई है। साथ ही, नई लिस्टेड कंपनियों के लिए इंडेक्स में शामिल होने की समय सीमा भी तीन महीने से घटाकर 15 ट्रेडिंग दिन कर दी गई है। इससे स्पेसएक्स जल्दी ही NASDAQ 100 जैसे प्रमुख इंडेक्स का हिस्सा बन सकती है। इसका सीधा असर उन निवेशकों पर पड़ेगा, जो इंडेक्स फंड या ईटीएफ में निवेश करते हैं। अनुमान है कि NASDAQ 100 को ट्रैक करने वाले फंड्स में 600 अरब डॉलर से अधिक की रकम लगी हुई है, जो स्पेसएक्स के शामिल होते ही अपने-आप उसमें निवेश करेगी। हालांकि, स्पेसएक्स की ऊंची वैल्यूएशन को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। कंपनी का पिछले साल का राजस्व करीब 15 अरब डॉलर रहा, जबकि दो ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य के हिसाब से यह बहुत अधिक मूल्यांकन माना जा रहा है। तुलना करें तो टेस्ला जैसी महंगी कंपनी के मुकाबले भी स्पेसएक्स का वैल्यूएशन कई गुना ज्यादा आंका जा रहा है। स्पेसएक्स ने संकेत दिया है कि वह अपने शेयरों का करीब 30% हिस्सा रिटेल निवेशकों को भी उपलब्ध कराना चाहती है। मस्क की कंपनियां पहले से ही आम निवेशकों के बीच लोकप्रिय रही हैं, ऐसे में इस आईपीओ को लेकर भी भारी उत्साह की संभावना है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी ऊंची वैल्यूएशन और नियमों में ढील के बीच निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए। बड़े निवेशकों और कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव से बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और जोखिम भी ज्यादा हो सकता है।

लक्ष्य

रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स करीब दो ट्रिलियन डॉलर के वैल्यूएशन को लक्ष्य बनाते हुए बाजार में उतर सकती है।

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को झटका, प्रतिनिधि सभा ने पारित किया हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा बिल

यरूशलम। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा विधेयक पारित किया है। दोनों प्रमुख दलों रिपब्लिकन पार्टी व डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने विधेयक को समर्थन दिया। अब यह विधेयक सीनेट में पेश किया जाएगा। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने गुरुवार को एक ऐसा विधेयक पारित किया, जिसमें दोनों प्रमुख दलों के सांसदों ने मिलकर वोट किया। यह विधेयक हैती के प्रवासियों को मिलने वाली अस्थायी सुरक्षा को बढ़ाने से जुड़ा है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के उस प्रयास के खिलाफ माना जा रहा है, जिसमें इस सुरक्षा कार्यक्रम को खत्म करने की कोशिश की जा रही थी। विधेयक को डेमोक्रेट सांसदों ने कुछ रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से आगे बढ़ाया। जबकि, रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व इसका विरोध कर रहा था। इसमें ट्रंप प्रशासन से मांग की गई है कि हैती के प्रवासियों को मिलने वाली अस्थायी सुरक्षा को तीन साल के लिए बढ़ाया जाए। इससे अमेरिका में रह रहे लाखों योग्य प्रवासी देश से निकाले जाने (निर्वासन) के डर के बिना रह सकेंगे। मतदान में 224 सांसदों ने विधेयक के पक्ष में वोट किया और 204 सांसदों ने इसके खिलाफ वोट किया। सदन में तालियां भी बजीं। यह विधेयक अब सीनेट में जाएगा और यह भी संभावना है कि राष्ट्रपति इसे रोकने के लिए वीटो कर दें।

डेमोक्रेट सांसद अयाना प्रेसली ने कहा, मैं जानती हूं कि हैती से आए हुए हमारे पड़ोसी हमारे समुदायों, हमारी संस्कृति, हमारे काम और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए कितने अहम हैं। उन्होंने बताया कि हैती के प्रवासी स्वास्थ्य सेवा, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे समस्या नहीं हैं, बल्कि समाधान का हिस्सा हैं। प्रेसली ने कहा कि हैती के लोगों को वापस भेजना उनके लिए %मृत्युदंड% जैसा होगा, क्योंकि वहां प्राकृतिक आपदाएं और गिरोहों की हिंसा की गंभीर स्थिति है।

यह विधेयक अमेरिका में रह रहे लगभग 3.5 लाख हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा है, जबकि प्रशासन कई समूहों का यह दर्जा खत्म करने की कोशिश कर रहा है। अगले दो हफ्तों में सुप्रीम कोर्ट भी एक मामले पर विचार करेगा, जो हैती और सीरिया के प्रवासियों की सुरक्षा समाप्त करने से जुड़ा है।

6 से 14 आयु वर्ग का कोई भी बच्चा नामांकन से छूटने न पाए: डॉ. गोरखनाथ

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय रामपुर गजाधर, मुंगराबादशाहपुर के परिसर में वार्षिकोत्सव, प्रवेशोत्सव, सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा मॉ सरस्वती जी एवं डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया गया। प्रवक्ता गिरिजा शंकर इंटर कॉलेज नीभापुर जयकिशन यादव एवं अनुचर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव राम सिंह को अंगवस्त्र एवं बुके देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि विकासखंड मुंगराबादशाहपुर के किसी भी बस्ती/मजरे का 6 से 14 आयु वर्ग का कोई भी बच्चा नामांकन से छूटने न पाए तथा नामांकित सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अध्यापकों का उत्साह वर्धन किया गया। उनके द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया। खंड शिक्षा अधिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगराबादशाहपुर डॉ0 अविनाश सिंह ने अपने संबोधन में प्रत्येक बच्चे का नामांकन करने हेतु अध्यापकों का आह्वान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लोक नृत्य, गायन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी पुष्कर मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड के शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं भारी संख्या में महिला/पुरुष अभिभावक पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री शिव मूरत पटेल, विंध्यवासिनी उपाध्याय, छोटेलाल मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र अजीत प्रताप सिंह, हिमकर पाण्डेय अंकित यादव, अनिल यादव, जय सिंह यादव, प्रवीण सिंह, अनुज कुमार सिंह, संतोष सिंह, संजय कुमार सिंह, संध्या वर्मा, सरिता यादव ,सुनीता पटेल, सावित्री देवी एवं संगीता पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वार विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत पटेल एवं विद्यालय स्टाफ की प्रशंसा की गई।

महिला शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतरकारी कदम: प्रो आभा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कुलभाष्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति एवं मिशन-शक्तिके संयुक्त तत्वावधान में 'महिला शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के समर्थन एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो आभा त्रिपाठी ने महिला शक्ति वंदन अधिनियम 2023 का समर्थन करते हुए इस अधिनियम की आवश्यकता एवं इसके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो त्रिपाठी ने इस अधिनियम को युगांतरकारी कदम बताते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक कानून नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें निर्णायक भूमिका में लाएगा। प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में कहा कि नारी न केवल संतान को जन्म ही देती है बल्कि संस्कारों से उसका निर्माण कर समाज और राष्ट्र का भविष्य गढ़ती है। डॉ मनीष कुमार ने महिलाओं को परिवार, समाज और देश का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। कल्चरल क्लब प्रभारी डॉ मनीष श्रीवास्तव ने छात्राओं को नारी शक्ति को पहचानते हुए आगे आने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बी एस सी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र आर्यन चौधरी ने लोकगीत की भावुक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो सी एस चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक युग में नारी ने न केवल अपनी महत्ता को पहचाना है बल्कि दासता के बंधनों को तोड़ स्वतंत्र व्यक्तित्व को अपनाया है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो एस पी विश्वकर्मा, प्रो पी के पचौरी, डॉ अनुराग त्रिपाठी, डॉ अनिल कुमार, श्री परम प्रकाश सिंह, डॉ मनोज सिंह, डॉ एस पी यादव, डॉ पुनीत, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ उर्मिला, डॉ रेखा तथा अन्य शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन का जताया आभार

जौनपुर जफराबाद। क्षेत्र में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और इस अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्राओं के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने जाफराबाद थाने पर पुलिस प्रशासन के प्रति सम्मान प्रकट किया है। इस उपलक्ष्य में अहमदपुर और नेवादा ग्राम सभा के गणमान्य नागरिकों ने पुलिस अधिकारियों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने आईपीएस सृष्टि जैन को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही, जफराबाद थाना प्रभारी (SHO) श्री प्रकाश शुक्ला को भी ग्रामीणों ने अंगवस्त्र पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। विशिष्ट जनों का कहना था कि क्षेत्र में जितनी भी शोभायात्राएं निकाली गईं, वे पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी के कारण ही शांतिपूर्वक संपन्न हो सकीं। सम्मान ग्रहण करने के पश्चात आईपीएस सृष्टि जैन ने कहा कि महापुरुष पूरे देश की धरोहर होते हैं। 'बाबा साहब की जयंती सकुशल संपन्न होने के लिए जफराबाद थाना क्षेत्र के ग्रामीण भी उतने ही सम्मान के पात्र हैं जितना कि प्रशासन। बिना जनता के सहयोग के ऐसी व्यवस्था बनाना संभव नहीं है।

पट्टे को निरस्त करने हेतु महिलाओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

आजमगढ़। ग्राम उदींयावा तहसील लालगंज थाना बरदह के रहने वाली महिलाओ द्वारा आज जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर आबादी के बीच स्थित पोखरे को किया गया पट्टा रद्द करने की मांग किया है। ग्रामीण महिला ने बताया की आबादी नंबर 504,506 ग्राम उदियावा सम्मिलित खाता है। जिसमें पुरुषोत्तम बेचन आदि लोगों की कृषि पट्टा है और इस पोखरी का भीटा पर 1954 से पहले ही आबादी आबाद है। अर्थात कई पीढ़ियां से आबादी है। खाता संख्या 506 सम्मिलित खाता पोखरी 504 खाता संख्या की पोखरी को नोटिस गजट अगस्त में अंतिम अवसर के साथ प्रकाशित हुआ था। प्रश्नगत पोखरी पर आबादी जो अत्यंत घनी है सभी गृहस्थ का कार्य जैसे जानवरों का देखभाल बर्तन की धुलाई खेती का कार्य धार्मिक कार्य छठ से महत्वपूर्ण कार्य सिंचाई कार्य होता है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए आबाद आबादी के कारण और जन आक्रोश को देखते हुए गलत ढंग से पट्टा कर दिया गया है तथा अब मिट्टी निकालने नलकूप का पानी जाने से और सिंचाई करने से भी रोक रहे हैं। इस संबंध में श्रीमान को 28 फरवरी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने उक्त पट्टे को निरस्त करने की मांग करते हुए पहले जैसे सामाजिक कार्य होता था उसके लिए खुलवा दिया जाने पट्टे को निरस्त करने की मांग किया है। जल खाता पोखरी एक ही आदमी संतोष सरोज ने कर लिया है जिससे 40 घर की आबादी है। पट्टे के कारण सामाजिक कार्य बंद हो गए हैं। तत्काल समस्या का समाधान की मांग किया गया है। इस अवसर पर राम रतन मीरा राजभर अनीता, रेनू,रीमा, माया, यशोदा, रीना, शांति, फिरती सहित दर्जनों पीड़ित महिला उपस्थित थी।

अध्यक्ष गो-सेवा आयोग कल को जनपद भ्रमण पर

मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता) अध्यक्ष गो-सेवा आयोग उ.प्र. श्याम बिहारी गुप्ता, सदस्य रमाकांत उपाध्याय एवं आयोग की संयुक्त टीम दि. 18 अप्रैल को जनपद भ्रमण पर पधार रही है, संयुक्त टीम प्रातः 08.30 बजे जनपद की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण करेगी, अपरान्ह 02 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करेंगे, अपरान्ह 03 बजे गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ गोवंश संरक्षण एवं अनुश्रवण विषयक बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में हब फॉर इम्पावरमेन्ट टीम द्वारा जनपद आजमगढ़ में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत ''व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद व अक्षय तृतीया'' के उपलक्ष्य में कस्तुरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय सठियॉव में बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अन्नू सिंह द्वारा बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में मासिक धर्म स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति नयी चेतना जगाई गई। मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़कर बालिकाओं को आत्मविश्वास और स्वाभिमान की सीख भी दी। साथ ही श्रीमती प्रीति उपाध्याय द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु विभाग द्वारा संचालित समस्त हेल्पलाईन नम्बर 1090, 181, 112, 108 के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त अध्यापिका व हब के कर्मचारी उपस्थित रही।

अशोक पंजाब एंड सिंध बैंक के अधिवक्ता नामित

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह को पंजाब एंड सिंध बैंक ने अपने अधिवक्ता पैनल में शामिल किया है। सृजन विहार, कालिंदीपुरम में रहने वाले अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह उच्च न्यायालय में दाखिल पंजाब एंड सिंध बैंक के मामलों की पैरवी करेंगे। अधिवक्ता श्री सिंह का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। इनका कार्यकाल 17 फरवरी 2029 तक रहेगा। इस आशय का पत्र बैंक के जोनल मैनेजर ने जारी किया है। पैनल अधिवक्ता नामित होने पर बधाई देने वालों में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अजय सिंह, बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य अमित सिंह सेंगर, विपिन सिंह, अभिषेक कृष्णा आदि शामिल रहे।

सीबीएसई दसवीं परीक्षा में महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम के छात्रों ने लहराया परचम

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) सीबीएसई दसवीं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालिंदीपुरम प्रयागराज के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन प्रधान ने इसके लिए सभी शिक्षकों एवं सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिसर में माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य नितिन प्रधान ने बताया कि विद्यालय में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश कुमार पांडेय की बेटी संस्कृति पाण्डेय ने 97 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया है। वहीं अभिजीत सिंह 96.2 प्रतिशत, आर्यन 95.8 फीसद, रिद्धि कुमारी 94.8 प्रतिशत, तन्मय तिवारी 94.2 प्रतिशत, सौम्या पांडेय 94.2 प्रतिशत साक्षी कुमारी 93.8 प्रतिशत, राधिका त्रिपाठी 93 प्रतिशत, शानवी गुप्ता 92.2 प्रतिशत, अग्रिमा सिंह 91.4 प्रतिशत, कीर्ति मिश्रा 91.4 प्रतिशत, वैभव श्रीवास्तव 90.6 प्रतिशत और पृषा निगम ने 90.4 फीसद अंक प्राप्त किया है। नितिन प्रधान ने बताया कि विद्यालय के लगभग दस छात्र छात्राओं 89 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की जयंती पर दी छात्रों ने श्रद्धांजलि

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुरा छात्र श्रद्धेय चंद्रशेखर की जयंती के अवसर पर आज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने उन्हें याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित की। समाजवादी छात्र सभा ने कहा कि हम लोग युवा तुर्क चंद्रशेखर जी के दिखाए रास्ते पर चलकर उनके सपने के भारत को आकर देने में अपनी महती सहभागिता सुनिश्चित करेंगे और सदैव सुचिता और नैतिकता की राजनीति को बढ़ाने का काम करेंगे। श्रद्धेय चंद्रशेखर भारत की युवा पीढ़ी और भारतीय राजनीति के आदर्श हैं। इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता गौरव गोंड, अनुराग यादव, समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु विद्रोही, मयंक पटेल, आशुतोष मौर्य, अमित, रोशन, राकेश, शिवम, समेत बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

गुफ्तगू के अगले अंक में नादिरा बब्बर का इंटरव्यू

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) साहित्यिक पत्रिका 'गुफ्तगू' के अगले अंक में नादिरा जहीर बब्बर का इंटरव्यू प्रकाशित किया जाएगा। अशोक श्रीवास्तव कुमुद ने मुंबई में उनके आवास पर मुलाकात करके इंटरव्यू लिया है। नादिरा के पिता सज्जाद जहीर प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक थे। नादिरा की शादी प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राज बब्बर से हुई है। ये एनएसडी दिल्ली से अभिनय में स्नातक (गोल्ड मेडलिस्ट) हैं। इन्होंने फिल्म 'ब्राइड एंड प्रेजुडिस', 'जय हो', 'मीनाक्षीः ए टेल ऑफ थ्री सिटीज', 'घायल वन्स अगेन' सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। इन्होंने रंगमंच के लिए, 'यहूदी की लड़की', 'संध्या छाया', 'लुक बैक इन एंगर', 'बल्लबपुर की रूपकथा', 'बात लात की हालात कीश्, 'भ्रम के भूत' और 'बेगम जान' जैसे कई प्रसिद्ध नाटकों का सफल निर्देशन और 'दयाशंकर की डायरी', 'शक्कुबाई', 'सुमन और सना', 'जी जैसी आपकी मरजी', 'फुटनोट्स ऑफ लाईफ' आदि नाटकों का लेखन भी किया है।

पीयू परिवार ने देखा नारी शक्ति वंदन का सजीव प्रसारण

नारी शक्ति वंदन के समर्थन में छात्राओं ने बनाई रंगोली

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण संसदीय सत्र का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत चल रहे विमर्श को विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक एक साथ देखा।

कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से आयोजित किया गया, जहाँ उपस्थित सभी लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनते हुए महिलाओं के सशक्त नेतृत्व और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराया। पूरे आयोजन के दौरान सभागार में गंभीरता, जागरूकता और उत्साह का वातावरण बना रहा।

सभी प्रतिभागियों ने सजीव प्रसारण को ध्यानपूर्वक देखा और इसे भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने तथा समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर कुलसचिव केशलाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव सहित प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. रामांशु प्रभाकर सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल एवं अन्य शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके बाद रज्जू भैया संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. प्रमोद यादवा और प्रो. मिथिलेश सिंह थे। दो ग्रुपों में पहले ग्रुप से अंकुर मौर्य, गौतम चौहान, आयुष श्रीवास्तव प्रथम, दूसरे ग्रुप से कुंकुम मौर्य श्रेया मौर्य पूजा खुशबू प्रथम। इसी प्रकार प्रथम ग्रुप से शिवानी चौरसिया, अभिषेक कुमार बिंद, नोमान फजल द्वितीय, दूसरे ग्रुप से गुंजा कश्यप आर्या वैष्णवी, निशा सागर, हिमांशी श्रीवास्तव द्वितीय रहे।

गुरुवार की ढेर शाम विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने एडिशनल चीफ वार्डन डॉ. अन्नू त्यागी के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन' के तहत विशाल पदयात्रा निकाली। इस अवसर पर सभी छात्रावासों की छात्राएं पूरे उत्साह और जोश के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर डॉ. निमिषा यादव, डॉ. कृष्णा सिंह समेत सभी छात्रावासों की छात्राएं शामिल रही।

दिव्यांग छात्रों का हुआ मेडिकल परीक्षण

प्रयागराज। राजकीय दिव्यांग माध्यमिक विद्यालय गेदुराही मेजा प्रयागराज में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के चिकित्सकों द्वारा समस्त दिव्यांग छात्रों की दिव्यांगता मेडिकल परीक्षण नाक, कान, गला, डायरिया, लू से बचाव, सावधानियां तथा ताजा खाना खाने इत्यादि के सम्बन्ध आवश्यक जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई और कीड़े मारने के लिए एलबेंडाजोल की खुराक पिलाई गई। मूक बधिर दिव्यांग शनि कुमार, रेशमा बानो, श्रुति , प्राची जानवी, प्रतिभा, सुमित, सत्यम, उपासना, सौम्या, नेहा, रिया, भावना, राधा, सुमन, प्रियांशु, शुभम, अमूल,विजय, समर, साहिल, सोनू किशन पाण्डेय इत्यादि के साथ ही 59 छात्रों को आरबीएसके के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, कुछ छात्रों को निशुल्क मलहम, आयरन, एलबेंडाजोल आदि दवाएं प्रदान की गई। और कुछ छात्रों को सीएचसी मेजा दिखाने हेतु संदर्भित किया गया। इस अवसर पर सीएचसी मेजा के चिकित्सक डॉक्टर देवेन्द्र प्रताप, डॉक्टर आयशा फातिमा, कविता प्रजापति, स्टाफ नर्स, दीपशिखा शुक्ला इत्यादि द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियां पूर्ण

अवधनामा ब्यूरो

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं नकल-विहीन आयोजन हेतु जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन जनपद आजमगढ़ के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में कुल 5808 अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूर्णतः नकल-विहीन, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जो परीक्षा की समुचित निगरानी करेंगे। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर समय से प्रश्नपत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गंभीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव सहित सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, समस्त केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निर्माण की खराब गुणवत्ता पर शिकायत करना पड़ा भारी

अवधनामा संवाददाता

शिकायतकर्ता के साथ मारपीट व लूट,गांव में रोष

प्रयागराज। नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाटमपुर में एक गंभीर घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने ग्राम पंचायत में बन रहे अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं एवं घटिया गुणवत्ता को लेकर ब्लॉक स्तर पर शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप है कि उक्त शिकायत से नाराज होकर ग्राम प्रधान के कुछ सहयोगियों ने अनिल मौर्य को बीच रास्ते में घेरकर मारपीट की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी अनिल मौर्य ने ग्राम पंचायत में बन रहे अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं एवं घटिया गुणवत्ता को लेकर ब्लॉक स्तर पर शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप है कि उक्त शिकायत से नाराज होकर ग्राम प्रधान के कुछ सहयोगियों ने अनिल मौर्य को बीच रास्ते में घेरकर मारपीट की। इस दौरान सुनील पाल एवं उसके साथियों द्वारा कथित रूप से उनके गले में पहनी सोने की चेन छीन ली गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित का यह भी आरोप है कि घटना के बाद थाना नवाबगंज में उनके खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है। सुनील पाल द्वारा कथित रूप से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है, जिससे पीड़ित एवं उसका परिवार अत्यंत भयभीत है।

घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों में न्याय की मांग को लेकर रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पहले भी कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, जिससे गांव में भय का वातावरण बना हुआ है।

ग्रामीणों एवं पीड़ित पक्ष ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित और उसके परिवार की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाए जाएं।

पार्वती पब्लिक स्कूल हनुमान नगर कुसरना का सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

विद्यालय में लक्ष्य यादव प्रथम स्थान, एंजेल सिंह द्वितीय स्थान, व अभियान मौर्य ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का किया नाम रोशन

जौनपुर (अवधनामा संवाददाता) जनपद के तहसील केराकत के कुसरना हनुमान नगर में स्थित पार्वती पब्लिक स्कूल के छात्र लक्ष्य यादव सीबीएसई 10वीं में 95%,ऐंजल सिंह 90% व अभिज्ञान मौर्य 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आपको बताते चले कि वही 10 वी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में पूरे स्कूल में लक्ष्य यादव प्रथम स्थान,ऐंजल सिंह द्वितीय स्थान व अभिज्ञान मौर्य ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।वही बच्चों की इस सफलता पर उनके परिवार वालो में प्रसन्नता है।और उनके इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। वही ग्रामीणों का मानना है कि बच्चों की यह सफलता ग्रामीण परिवेश में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करती है। वहीं स्कूली बच्चों की सफलता पर पार्वती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुनील कुमार, प्रिंसिपल अरुण कुमार पांडे, वॉइस प्रिंसिपल संतोष तिवारी, शिक्षक राजीव कुमार सिंह व विद्यालय के सभी स्टाफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे ऐसे ही कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। वही आगे भी शिक्षा से संबंधित सहायता के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस 18 अप्रैल को

मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता) जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 18 अप्रैल को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह तहसील करहल में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील करहल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील किशनी में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील घिरोर में जन-समस्याएं सुनेंगी।

मंत्री जयवीर सिंह 18 अप्रैल को मैनपुरी में

मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता) पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 18 अप्रैल को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.30 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01 बजे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के मैनपुरी यात्रा दल को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगे, अपरान्ह 01.20 बजे स्टेशन रोड पर शगुन मैरिज होम में अशोक गुप्ता की सुपुत्री के शुभ विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत अपरान्ह 01.45 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या 9–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी
दिनाँक 03.03.2026 का चतुर्थ शुद्धिपत्र

दिनांक 05.03.2026 का समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 9–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 03.03.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है –

विवरण	पूर्व संशोधित तिथि	संशोधित तिथि
रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि	17.04.2026	02.05.2026
ई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	04.05.2026 समय 11.00 बजे तक	19.05.2026 समय 11.00 बजे तक
क्लॉज संख्या 2.2.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि	03.05.2026 तक	18.05.2026 तक
ई निविदा खुलने की तिथि	04.05.2026 समय 15.00 बजे के बाद	19.05.2026 समय 15.00 बजे के बाद

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

संख्या– 9–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 03.03.2026 का चतुर्थ शुद्धिपत्र दिनाँक 16.04.2026 1284/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 11.05.

ब्लूमबर्ग की सूची में बड़ा बदलाव, मुकेश अंबानी से आगे निकल एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने अदाणी

रैंकिंग

अदाणी और अंबानी के बीच संपत्ति का यह अंतर दर्शाता है कि शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव कितनी तेजी से अरबपतियों की रैंकिंग को बदल सकता है।

मुंबई। गौतम अदाणी ने मुकेश अंबानी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब हासिल कर लिया है। अदाणी की संपत्ति 92.6 अरब डॉलर पहुंची। दोनों दिग्गजों की नेट वर्थ और वैश्विक रैंकिंग का पूरा विश्लेषण यहां पढ़ें। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के ताज को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब फिर से अपने नाम कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अदाणी की संपत्ति में हुए हालिया इजाफे ने उन्हें इस सूची में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। गौतम अदाणीः इनकी कुल संपत्ति बढ़कर 92.6 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह वैश्विक स्तर पर दुनिया के 19वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मुकेश अंबानी लंबे समय तक शीर्ष पर रहने वाले अंबानी अब 90.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया में दूसरे और दुनिया में 20वें स्थान पर आ गए हैं।

अदाणी और अंबानी की रैंकिंग और संपत्ति में आए इस अंतर के पीछे मुख्य रूप से शेयर बाजार का प्रदर्शन जिम्मेदार है अदाणी ग्रुप का शानदार प्रदर्शन- इस साल गौतम अदाणी की संपत्ति में 8.1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। गुरुवार के एक हालिया कारोबारी सत्र में, जब बीएसई सेंसेक्स 123 अंक गिर गया था, तब भी अदाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। अकेले उस दिन अदाणी की संपत्ति में लगभग 3.56 अरब डॉलर जुड़ गए।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का मिला-जुला रुख- दूसरी ओर, मुकेश अंबानी को इस साल अपनी संपत्ति में 16.9 अरब डॉलर की गिरावट का सामना करना पड़ा है, जो रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। हालांकि, उन्हें हाल ही में 7.67 करोड़ (76.7 मिलियन) डॉलर का मामूली फायदा भी हुआ, लेकिन रिलायंस के शेयर मोटे तौर पर सपाट ही रहे, जिससे रैंकिंग में बदलाव आ गया। वैश्विक अरबपतियों का क्या है हाल? दुनिया के शीर्ष 20 अरबपतियों में से सात को इस साल अपनी संपत्ति में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

सबसे बड़ा नुकसान लक्जरी ब्रांड के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट को हुआ है, जिनकी संपत्ति 44 अरब डॉलर घटी है। बिल गेट्स, वारेन बफे, स्टीव बाल्मर, लैरी एलिसन और मुकेश अंबानी जैसे दिग्गज भी इस साल नुकसान उठाने वाली सूची में शामिल हैं।

वहीं, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की बात करें तो टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 656 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर मजबूती से कायम हैं। उनके बाद 286 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ लैरी पेज दूसरे नंबर पर हैं।

अदाणी और अंबानी के बीच संपत्ति का यह अंतर दर्शाता है कि शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव कितनी तेजी से अरबपतियों की रैंकिंग को बदल सकता है। आने वाले समय में भी दुनिया के सबसे अमीर लोगों के बीच यह प्रतिस्पर्धा जारी रहने की उम्मीद है, जो सीधे तौर पर उनकी कंपनियों के बाजार प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार में शानदार वापसी, भारत का फॉरेक्स रिजर्व उछाल के साथ फिर 700 अरब डॉलर पार

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.825 अरब डॉलर बढ़कर फिर से 700 अरब डॉलर के पार हो गया है। पश्चिम एशिया संकट के असर, स्वर्ण भंडार और फॉरेक्स रिजर्व की पूरी बिज़नेस न्यूज पढ़ें। अभी क्लिक करें और ताजा अपडेट जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश के विदेशी मुद्रा भंडार ने एक बार फिर 700 अरब डॉलर का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। 10 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत के फॉरेक्स रिजर्व में 3.825 अरब डॉलर का मजबूत इजाफा हुआ, जिससे कुल भंडार बढ़कर 700.946 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह वृद्धि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बाहरी बफर को दर्शाती है। विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर यह लगातार दूसरे सप्ताह दर्ज की गई तेजी है। ताज़ा वृद्धि से ठीक पहले वाले सप्ताह, यानी

3 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में भी ओवरऑल रिजर्व में 9.063 अरब डॉलर का शानदार उछाल देखा गया था, तब यह आंकड़ा 697.121 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। ज्ञात हो कि इसी साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, इस ऐतिहासिक ऊंचाई को छूने के बाद मध्य पूर्व में संघर्ष शुरू हो गया, जिसके कारण भारतीय रुपये पर काफी दबाव पड़ा। रुपये को सहारा देने और गिरावट को रोकने के लिए रिज़र्व बैंक को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिए हस्तक्षेप करना पड़ा था, जिसके परिणामस्वरूप कई हफ्तों तक फॉरेक्स रिजर्व में लगातार गिरावट देखी गई थी। फॉरेक्स रिजर्व में ताजा वृद्धि मुख्य रूप से इसके विभिन्न घटकों में हुए सुधार के कारण आई है। रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इसका विवरण इस प्रकार हैः

विदेशी मुद्रा संपत्तियांः विदेशी मुद्रा भंडार के इस सबसे प्रमुख हिस्से में 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.127 अरब डॉलर की वृद्धि हुई, जिसके बाद यह 555.983 अरब डॉलर पर पहुंच गया। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली इन संपत्तियों में गैर-अमेरिकी मुद्राओं, जैसे यूरो, पाउंड और येन के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। स्वर्ण भंडारः समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश के सोने के भंडार के मूल्य में भी 601 मिलियन डॉलर का उछाल दर्ज किया गया है, जिससे यह बढ़कर 121.343 अरब डॉलर हो गया है।

क्रोमा की गोल्डन डील्स का लाभ उठाएं, इस अक्षय तृतीया अपने घर को अपग्रेड करें एसी और 55 या उससे बड़े QLED टीवी पर पाएं 50% तक की भारी छूट

नई दिल्ली। इस अक्षय तृतीया, भारत के भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड, क्रोमा आपकी त्यौहार की खरीदारी को गोल्डन अवसर में बदल रहा है। क्रोमा में एयर कंडीशनर, बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन, साउंडबार और अन्य उत्पादों पर 50% तक की भारी छूट मिल रही है। 19 अप्रैल को उपलब्ध इन सीमित अवधि के ऑफर्स में आपको मिलेगी भारी छूट, कैशबैक, एक्सचेंज बेनिफिट्स और आसान EMI भी, इनका लाभ उठाएं और अपने घर को अपग्रेड करने का सबसे सही मौका हाथ से जाने न दें। इतनाही नहीं, अगर आपके पास टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड है तो आपको मिलेगा चुनिंदा एप्पल और गूगल प्रोडक्ट्स पर नेउकॉइन्स के रूप में 10% तक की बचत का आकर्षक अवसर। अगर आप अपने मनोरंजन के अनुभव को और बेहतर बनाना चाहते हैं, तो क्रोमा में मिल रही है LG, Samsung, Sony और Croma जैसे टॉप ब्रांड्स के 55-इंच और उससे बड़े टीवी पर कम से कम 25% की छूट।

त्यौहारों की खुशी होगी दोगुनी क्योंकि क्रोमा में 25,000 से ऊपर के उत्पादों पर 3,200 तक की बचत के साथ फ्लैट 10% की छूट भी मिल रही है। यह ऑफर टॉप ब्रांड्स के एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टेलीविजन और एंड्रॉइड स्मार्टफोन की चुनिंदा रेंज पर लागू है। इसके साथ ही, चुनिंदा कैटेगरी और ब्रांड्स पर 15,000 तक का एक्सचेंज बोनस भी मिल रहा है। साथ ही, छात्रों और शिक्षकों को सभी MacBook पर 10% की विशेष छूट मिल रही है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राहक ऐसी खरीदारी करना चाहते हैं जो उनके लिए दीर्घकालिक मूल्य और समृद्धि लाए। हमारे गोल्डन ऑफर्स के साथ, हम गर्मियों के ज़रूरी उपकरणों और अत्याधुनिक होम एंटरटेनमेंट पर बेहतरीन डील्स लेकर आए हैं। अब हमारे ग्राहकों के लिए बेहतरीन और सार्थक अपग्रेड के साथ इस त्यौहार को मनाना और भी आसान हो जाएगा। ये फेस्टिव ऑफर्स पूरे भारत के सभी क्रोमा स्टोर्स पर सीमित समय के लिए उपलब्ध हैं। हर बजट के ग्राहकों को बेहतरीन कीमतों पर प्रीमियम टेक्नोलॉजी अपनाने का एक शानदार अवसर क्रोमा दे रहा है।

अंतिम कीमतों में लागू बैंक कैशबैक, पुराने उपकरणों की एक्सचेंज वैल्यू और जहां लागू हो, वहां अतिरिक्त एक्सचेंज बोनस शामिल हैं।

2030 तक सड़कों से हटेंगे एलपीजी गैस टैंकर, 12500 करोड़ के निवेश से सरकार बिछाएगी 2500 किमी लंबी पाइपलाइन

नई दिल्ली। पीएनजीआरबी ने भारत में 12,500 करोड़ रुपये के निवेश से 2,500 किमी लंबी एलपीजी पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई है। इसका लक्ष्य 2030 तक सड़कों से गैस टैंकरों को हटाना और सप्लाई सुरक्षित करना है। आम आदमी को होने वाले फायदों के बारे में पूरी न्यूज पढ़ें। अभी क्लिक करें। घरों और कमर्शियल उपयोग के लिए एलपीजी गैस की सप्लाई को अब और अधिक सुरक्षित, सस्ता और भरोसेमंद बनाने की तैयारी हो रही है। देश के ऑयल एंड गैस रेगुलेटर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड% (पीएनजीआरबी) ने बड़े पैमाने पर एलपीजी पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की एक अहम पहल की है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और साल 2030 तक सड़क मार्ग से होने वाले थोक एलपीजी परिवहन को पूरी तरह से खत्म करना है। इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत देश भर में कुल 9 पाइपलाइन परियोजनाओं की पहचान की गई है। वर्तमान में पीएनजीआरबी लगभग 2,500 किलोमीटर लंबी चार प्रमुख पाइपलाइनों के लिए बोली प्रक्रिया पूरी करने के अंतिम चरण में है। जिन चार प्रमुख रूट्स पर काम चल रहा है, उनमें चेरलापल्ली-नागपुर, शिक्रापुर-हुबली-गोवा, पारादीप-रायपुर और झांसी-सितारगंज पाइपलाइन शामिल हैं। रेगुलेटर के अनुसार, इन परियोजनाओं में करीब 12,500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने का अनुमान है।

वर्तमान में रिफाइनरियों और आयात टर्मिनलों से बॉटलिंग प्लांट तक गैस पहुंचाने के लिए भारी संख्या में सड़क टैंकरों का इस्तेमाल होता है। पाइपलाइन बिछने से यह थोक परिवहन सीधे तौर पर पाइपलाइन व्यवस्था में शिफ्ट हो जाएगा। पीएनजीआरबी का कहना है कि यह कदम अन्य परिवहन साधनों के मुकाबले अधिक किफायती साबित होगा। इसके अलावा, संकट के समय में ये पाइपलाइनें स्टोरेज के रूप में भी काम करेंगी, जिससे देश में गैस सप्लाई की कोई कमी नहीं होगी।

सड़कों से भारी गैस टैंकरों के हटने से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम काफी हद तक कम हो जाएगा, जिससे सुरक्षित सप्लाई सुनिश्चित होगी। ट्रांजिट के दौरान गैस के नुकसान में कमी आएगी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटने से भारत के जलवायु लक्ष्यों को भी समर्थन मिलेगा। इस पहल के संदर्भ में पीएनजीआरबी ने साफ किया है, ÷कुकिंग और कमर्शियल उपयोग में भारत की एलपीजी खपत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बंदरगाहों और रिफाइनरियों को बॉटलिंग प्लांट से कुशलतापूर्वक जोड़ने की आवश्यकता है। हालांकि परिवहन के लिए पाइपलाइन पसंदीदा साधन हैं, फिर भी एक महत्वपूर्ण मात्रा अभी भी थोक टैंकरों द्वारा ले जाई जाती है।

पीएनजीआरबी की ओर से स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई यह पहल भारत के एनर्जी लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। 2030 तक सड़क परिवहन से पूरी तरह मुक्ति पाने का लक्ष्य न केवल रोजगार पैदा करेगा और क्षेत्रीय विकास को गति देगा, बल्कि यह सभी के लिए सुलभ, कुशल और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करने के भारत सरकार के विजन को भी साकार करेगा।

100% अंकों की गूंजः फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता

लखनऊ। फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। पीडब्ल्यू विद्यापीठ ने लखनऊ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पीडब्ल्यू विद्यापीठ, लखनऊ के उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में आयुष सिंह विजेता (97.40%), अथर्व (97.20%) और प्रद्युम्न त्रिपाठी (97%) शामिल रहे। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, निरंतर तैयारी, नियमित अभ्यास और स्कूल व पी डब्लू के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने का लक्ष्य बनाने और उसे हासिल करने में मदद की।

सफलता प्राप्त स्टूडेंट्स ने बताया, नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना मेरे लिए 100% अंक लाने में बहुत सहायक रहा। छात्रों ने कहा कि, अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना मेरी सफलता की कुंजी रहा।÷

परिणामों पर अपने विचार साझा करते हुए अलख पांडेय, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई, जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किए। ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं।

इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में 25 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन विद्यार्थियों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि सुनियोजित ऑनलाइन एवं मिश्रित शिक्षण पद्धति शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

फोनपे के साथ 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड खरीदकर इस अक्षय तृतीया को बनाएं और भी यादगार

नई दिल्ली। इस पावन अक्षय तृतीया पर अब सोना खरीदना पहले से भी आसान हो गया है। फोनपे के जरिए आप घर बैठे ही 99.99त्न शुद्ध 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से खरीद सकते हैं। फोनपे प्लेटफॉर्म पर आपको भरोसेमंद कंपनियों जैसे एमएमटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरटलेन का गोल्ड मिलता है, जो पूरी तरह शुद्धता प्रमाणित होता है। इसकी खास सुविधा है कि गोल्ड की पेमेंट के कई विकल्प हैं जैसे यूपीआई, यूपीआई लाइट, कार्ड, वॉलेट, गिफ्ट कार्ड।इसके अलावा, एक बार में गोल्ड खरीद सकते हैं या रोजाना या मासिक एसआईपी के जरिए धीरे-धीरे निवेश कर सकते हैं, जिससे आप लंबे समय के लिए बचत कर सकते हैं। मात्र 10 रूपये से गोल्ड खरीदना शुरू सकते हैं। कभी भी अपना गोल्ड बेच सकते हैं। बेचने के बाद पैसा सीधे बैंक खाते में आ जाता है। भारत में लाखों लोगों ने फोनपे पर 24 कैरेट शुद्ध सोना खरीदा है।

आइटेल ने भारत में 10वीं सालगिरह का जश्न मनाते हुए फीचर फोन के लिए काउंटर रिप्लेसमेंट ऑफर लॉन्च किया

नई दिल्ली। अपनी मजबूती ड्यूरेबिलिटी, भरोसे रिलायबिलिटी और कम दामों अफोर्डेबिलिटी के लिए मशहूर भारत के प्रमुख तकनीकी ब्रांड टेक ब्रांड, आइटेल itel भारत में अपने शानदार 10 साल पूरे कर रहा है। आइटेल अब 15 करोड़ ग्राहकों के विशाल परिवार तक पहुँच गया है, जो इसके बदलाव भरे सफर में एक बड़ी उपलब्धि माइलस्टोन है। इस खुशी को दोगुना करने के लिए, आइटेल ने साधारण फोन फीचर फोन में किसी भी निर्माण दोष मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट के लिए 1 साल के काउंटर रिप्लेसमेंट बदली की सुविधा पेश की है, जो देश भर के ग्राहकों के लिए एक बड़ा उपहार बोनन्ज़ा है।

पिछले दस सालों में, आइटेल ने कम कीमतों पर टिकाऊ और भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद पेश करके भारतीय ग्राहकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई है।इस मौके पर आइटेल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ, अरिजीत तलापात्रा ने कहा, ÷भारत में 10 साल पूरे करना और 15 करोड़ ग्राहकों का दिल जीतना

हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। यह हमारे सहयोगियों पार्टनर्स, टीम और ग्राहकों के अटूट साथ के बिना मुमकिन नहीं था। आज यह कामयाबी उस विश्वास को दिखाती है जो हमने इतने सालों में कमाया है। हमें फोन (फीचर फोन) के लिए काउंटर रिप्लेसमेंट बदली शुरू करते हुए खुशी हो रही है, यह फैसला सीधे हमारे ग्राहकों की राय से निकला है। ग्राहकों का हर सुझाव और हर बातचीत हमारे नए प्रयोगों इनोवेशन को बेहतर बनाने में मदद करती है। जब हमने यह सफर शुरू किया था, तो हमारा मकसद उन लोगों तक तकनीक पहुँचाना था जो पहली बार डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। हम आगे भी ऐसे उत्पाद प्रोडक्ट्स बनाने के लिए तैयार हैं जो टिकाऊ, विश्वसनीय और सस्ते हों।÷ब्रांड का यह सफर सिर्फ सामान बेचने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका मकसद लाखों भारतीयों को डिजिटल दुनिया से जोड़ना रहा है, जिन्हें पहले आधुनिक तकनीक का अनुभव नहीं था। पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों से लेकर घर के लिए जरूरी सामान होम अप्लायंसेज ढूँढने वाले परिवारों तक, इस ब्रांड ने लोगों को आपस में जोड़े रखने में बड़ी भूमिका निभाई है।

100% अंकों की गूंजः फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता

लखनऊ। फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने Central Board of Secondary Education (सीबीएसई) कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने लखनऊ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

भारत ने जर्मन ब्रांड्स को पछाड़ाः टियर 2 शहरों में मेड-इन-इंडिया होम्योपैथिक दवाओं की मांग में भारी उछाल

लखनऊ। ग्राहकों की पसंद में एक बड़े बदलाव के तौर पर, भारत के टियर 2 शहरों में उच्च गुणवत्ता वाली, मेड-इन-इंडिया होम्योपैथिक दवाओं की मांग में तेज़ी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन दवाओं ने पारंपरिक रूप से भरोसेमंद जर्मन आयातित दवाओं को पीछे छोड़ दिया है। कुछ खास होम्योपैथिक उत्पादों की मांग तो 40% तक बढ़ गई है। इस बदलाव की मुख्य वजह बढ़ती जागरूकता, किफायती दाम और उन वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित भारतीय ब्रांड्स पर बढ़ता भरोसा है जो वैश्विक मानकों को पूरा करते हैं।

पिछले कुछ सालों में, जयपुर, लखनऊ और पटना जैसे शहर होम्योपैथी के लिए विकास के मज़बूत केंद्र बनकर उभरे हैं। इन इलाकों के ग्राहक अब सिर्फ़ पुराने यूरोपीय ब्रांडों से ही प्रभावित नहीं होते; बल्कि, वे अब सक्रिय रूप से ऐसे भारतीय निर्माताओं को चुन रहे हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित गुणवत्ता के साथ-साथ स्थानीय पहुँच भी देते हैं।

इस बदलाव में सबसे आगे है एडवेन बायोटेक जिसने भारत के होम्योपैथी क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कंपनी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है; यह भारत की पहली ऐसी होम्योपैथी कंपनी बन गई है जिसे नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया प्रतिष्ठित आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन मिला है। यह सर्टिफिकेशन WHO-GMP मानकों के अनुरूप है और यह गुणवत्ता, सुरक्षा और वैश्विक अनुपालन के उच्चतम स्तर को दर्शाता है।

एडवेन बायोटेक के सीईओ, श्री आदेश शर्मा ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'आयुष प्रीमियम' मार्क लॉन्च किए जाने के बाद, हम टियर 2 शहरों से मांग में 40त्न की बढ़ोतरी देख रहे हैं। टियर 2 भारत, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बदलाव के अगले चरण का नेतृत्व कर रहा है। यहाँ के उपभोक्ता जागरूक हैं, कीमत के प्रति सचेत हैं, और तेज़ी से ऐसे भारतीय ब्रांडों को चुन रहे हैं जो पारदर्शिता और भरोसे के साथ वैश्विक स्तर की गुणवत्ता प्रदान करते हैं। हमें गर्व है कि एक भारतीय ब्रांड अब स्थापित जर्मन कंपनियों की गुणवत्ता के मानकों की बराबरी कर सकता है– और कई मामलों में उनसे आगे भी निकल सकता है। हमारे 'आयुष प्रीमियम' और एनएबीएल सर्टिफिकेशन केवल उपलब्धियाँ ही नहीं हैं; बल्कि ये 'मेड इन इंडिया' (भारत में निर्मित) विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के निरंतर और भरोसेमंद होने का एक वादा हैं।

इसके अलावा, एडवेन बायोटेक एक एनएबीएल -मान्यता प्राप्त लैब का संचालन करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि दवा के हर बैच की शुद्धता, प्रभावशीलता और सुरक्षा के लिए कठोर वैज्ञानिक जाँच की जाए।

इन प्रमाणनों ने कंपनी को आयातित ब्रांडों के एक विश्वसनीय और आधुनिक विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद की है।

इस बढ़ते भरोसे का एक छोटा लेकिन अहम संकेत शहरी और अर्ध-शहरी बाज़ारों में एडवेन के जोड़ों की देखभाल से जुड़े उत्पादों की बढ़ती माँग है।

भारत में तेज़ गति से बढ़ रही लीवर की बीमारियां, रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने जल्दी जांच करवाने की अपील की

कानपुर। रीजेंसी हेल्थ, कानपुर ने लोगों का ध्यान एक ऐसी बीमारी की तरफ खींचा है, जो देश में बहुत तेजी से बढ़ रही है, पर इसकी जांच बहुत ही कम होती है। दरअसल रीजेंसी कानपुर ने लीवर की बीमारियों को लेकर लोगों को चेताया है और समझाया है कि लीवर से संबंधित बहुत सी बीमारियां हैं जो शुरूआती चरणों में कोई लक्षण नहीं दिखाती हैं लेकिन धीरे-धीरे ये गंभीर होती जाती हैं। हॉस्पिटल ने लोगों से, खासकर खतरे की श्रेणी में आने वाले, से नियमित जांच और सही समय पर डॉक्टर से सलाह लेने को ज़रूरी बताया है ताकि बीमारी को जल्दी पहचाना जा सके और गंभीर समस्या होने से बचा जा सके। रीजेंसी हेल्थ कानपुर के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉयरेक्टर डॉ अभिमन्यु कपूर ने बताया, लीवर की बीमारियों को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि आमतौर पर जब तक लीवर को बहुत ज़्यादा नुकसान नहीं पहुँच जाता, तब तक इनके कोई चेतावनी भरे लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। जब तक आपको त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया) या पेट में सूजन जैसे लक्षण नज़र आते हैं, तब तक हो सकता है कि लीवर का पहले ही काफ़ी नुक़सान हो चुका हो। हालाँकि आप खून की जाँच या अल्ट्रासाउंड स्कैन जैसे सरल और बिना दर्द वाले टेस्ट की मदद से इन समस्याओं का पता शुरुआती स्टेज़ में ही लगा सकते हैं। डायबिटीज़ के मरीज़ों, ज़्यादा वज़न वाले लोगों, या शराब का सेवन करने वालों के लिए नियमित जाँच करवाना ख़ास करके बहुत ज़रूरी है, क्योंकि बीमारी का शुरुआती स्टेज़ में ही पता चल जाने से इसे लीवर के पूरी तरह फेल होने की स्थिति तक पहुँचने से रोका जा सकता है। भारत में काफी संख्या में लोग लीवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। यह बीमारी अब देश में मौत के प्रमुख कारणों में से एक बन गई है। आंकड़े इस बात को दर्शाते हैं क्योंकि 2020 में लगभग 268,580 लोगों की मौत लीवर संबंधी समस्याओं के कारण हुई। इसका अर्थ है कि भारत में होने वाली हर 100 मौतों में से लगभग 3 (3.17%) मौतें लीवर की बीमारियों के कारण हुईं। इससे यह देश में मौत का आठवां सबसे बड़ा कारण बन गया है। वायरल हेपेटाइटिस, शराब से संबंधित लीवर की बीमारियां और नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर की वजह से इस तरह की बीमारियों का बोझ बढ़ रहा है। मोटापा और डायबिटीज़ की बढ़ती घटनाएं भी लीवर की बीमारियों को बढ़ाने में योगदान दे रही हैं।

नकदी और जेवर लेकर पत्नी लापता पति ने दर्ज करायी रिपोर्ट

मुंशीगंज (अमेठी)। क्षेत्र के भुसियांवा गांव निवासी युवक की पत्नी संदिग्ध परिस्थितियों में नकदी और जेवर लेकर घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर मामला दर्ज कराया है। भुसियांवा निवासी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि उनके पुत्र हनुमान प्रसाद की शादी 17 अप्रैल 2022 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि 15 अप्रैल 2026 को उसकी पत्नी घर में रखे करीब 7500 रुपये नकद सोने की चेन पायल व अन्य सामान लेकर अचानक गायब हो गई। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद परिवार ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद थाने में तहरीर देने की सलाह दी। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी उसकी पत्नी एक बार घर छोड़कर चली गई थी वापस आ गई थी। इस बार उसके न लौटने से परिजन चिंतित हैं।

आठ माह से मानदेय बकाया पंचायत मित्रों का फूटा गुस्सा

सांकेतिक हड़ताल से हुंकार भर सरकार को चेतावनी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर सेवरही विकास खंड के पंचायत मित्रों (ग्राम रोजगार सेवकों) ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में जुटे रोजगार सेवकों ने बीडीओ सेवरही विद्यासागर गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी कि अब उनकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय राय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे पंचायत मित्रों ने बताया कि पिछले 8 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। घर-परिवार चलाना तक मुश्किल हो गया है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं भी अबतक कागजों में ही कैद हैं, जिनका धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा। इससे पंचायत मित्रों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाले ही आज उपेक्षा के शिकार हैं। रोजगार सेवकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रखेंगे और किसी भी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 25 अप्रैल तक समाधान नहीं हुआ, तो प्रदेश के हर ब्लॉक से पंचायत मित्र मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर विरोध दर्ज कराएंगे, इसके बाद बड़े स्तर पर आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। इस दौरान एपीओ अविनाश गुप्ता, लेखा सहायक गोरख कुशवाहा, ऑपरेटर पंकज तिवारी, अजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, नरेश पाल, पप्पू कुमार, विजय गुप्ता, जय शंकर शरण, मुन्ना मिश्रा, गीता गुप्ता, ब्रजेश श्रीवास्तव, बिरेंद्र, धर्मेंद्र सिंह, गिरिधर प्रसाद सहित दर्जनों पंचायत मित्र मौजूद रहे।

दुर्घटना में पति की मौत पत्नी बेटा सहित छह घायल

मुंशीगंज (अमेठी)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कमलानगर कस्बे के पास गुरुवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और बेटा समेत छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात प्रभावित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार

गौरीगंज क्षेत्र के नरौली गांव निवासी पवन उम्र 28 वर्ष अपनी पत्नी रमावती और बेटे अमन के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पवन ने इलाज के दौरान ही दम तोड़ दिया जबकि पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार मुंशीगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर पश्चिम दुआरा निवासी सतेंद्र उम्र 18 वर्ष निहाल उम्र 17 वर्ष और लक्ष्मण उम्र 18 वर्ष भी हादसे में घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई जिससे हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई।

सीएमओ ने किया सीएचसी सेवरही एवं पीएचसी तरया का निरीक्षण, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। सीएमओ कुशीनगर ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेवरही व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरया सुजान का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका, वार्ड, ओपीडी और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शुक्रवार को दोपहर में कुशीनगर विधायक डा पीएन पाठक के पितृ शोक में उनके घर गड़हिया पाठक संवेदना देने पहुंचे सीएमओ डा चंद्र प्रकाश ने लौटते समय दोपहर लगभग 1 बजे पीएचसी तरया सुजान का औचक निरीक्षण कर दिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में पहुंचे मरीजों से मिलकर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विधिवत जानकारी ली गई। और साफ सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उसके बाद लगभग 1:20 बजे सीएचसी सेवरही पहुंचे सीएमओ ने ओपीडी, पीआईसीयू, दवा वितरण कक्ष, महिला वार्ड, साफ सफाई आदि की गहनता से जांच की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

अचानक हुए इस निरीक्षण से अस्पताल परिसर में थोड़ी हलचल देखी गई। हालांकि सीएमओ ने समग्र रूप से अस्पताल की व्यवस्था को संतोषजनक बताया। निरीक्षण रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस दौरान अधीक्षक डॉ अमित जयसवाल सहित डॉ एम कृष्णम, डॉ अरविंद यादव,डॉ सुनील, डॉ सलोनी, डॉ शिफ़ा, डॉ अन्नू सोनी, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

सेवरही ब्लॉक सभागार में 60 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मिला नियुक्ति-पत्र

गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। शुक्रवार को सेवरही ब्लॉक सभागार में आंगनवाड़ी सहायिकाओं के चयन उपरांत नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तमकुही राज विधायक डा असीम कुमार द्वारा नवनियुक्त 60 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। नियुक्ति-पत्र प्राप्त करते समय चयनित सहायिकाओं के चेहरे पर संतोष, आत्मविश्वास और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा असीम कुमार ने कहा कि यह नियुक्ति केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने सभी चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सेवरही धनंजय तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सेवरही सोनिया जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सेवरही रमेश ब्याहुत, सीडीपीओ सीमा सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोनिया वर्मा, मंडल महामंत्री तरया मुकेश गोंड,सुनील राय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय समय परिवर्तन, गैस की समस्या को लेकर शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

भीषण गर्मी में पठन-पाठन मुश्किल, सिलेण्डर न मिलने से मध्यान्ह भोजन प्रभावित

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह व मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षकों ने भीषण गर्मी के चलते विद्यालय समय परिवर्तन तथा मध्यान्ह भोजन के लिए गैस आपूर्ति न हो पाने के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में तापमान बढ़ता जा रहा है परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अपराह्न दो बजे तक बैठाकर पठन-पाठन करना संभव नहीं हो पा रहा है। अधिकांश विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति भी नहीं है तथा जिन विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति है वहां भी दोपहर में लाइट नहीं रहती है, जिससे बच्चों को गर्मियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन बनाने में भी अत्यधिक समस्या उत्पन्न हो रही है ।

गैस एजेंसियों द्वारा गैस की आपूर्ति विद्यालयों पर समय से न किए जाने तथा बच्चो की संख्या अधिक होने पर एक माह में एक ही सिलेंडर दिए जाने से भी विद्यालयों में भोजन बनने में समस्या उत्पन्न हो रही है। शिक्षक दिन भर गैस के लाइनों में लगा रहता है तब जाकर कहीं गैस की आपूर्ति हो पा रही है। शिक्षकों द्वारा डीएम से मांग किया गया कि बच्चों के भोजन को प्राथमिकता के आधार पर दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों को गैस उपलब्ध कराया जाए और विद्यालयों की लिमिट भी बढ़ाई जाए।

छात्र कल नहीं आज का भविष्य : अरुणा पाल

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। शुक्रवार को संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकटी में विद्यालयीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खण्ड बनकटी मंत्री चंद्रशेखर शर्मा के संयोजन में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सीडीए एकेडमी की प्रिंसिपल श्रीमती अरुणा पाल रहीं, अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी बनकटी अरुण कुमार यादव और संचालन अतुल कृष्ण राज एवं राकेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि अरुणा पाल ने कहा कि वार्षिकोत्सव छात्रों के लिये एक बड़ा अवसर है जब वे अपने अंचल के सराकारों से जुड़कर उसे स्वर देते हैं। शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, उसे व्यवहारिक बनाने से छात्र और मुखर होते हैं। इसे समग्रता के रूप में देखना होगा। बच्चे कल के नहीं आज के भविष्य है।अध्यक्षता करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव ने कहा कि समय के साथ परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गतिविधियां बहुत समृद्ध हुई है, इसका श्रेय नीति, कार्यक्रम और समर्पित शिक्षकों को है।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष एवं बनकटी अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों में असीम प्रतिभा छिपी है। शिक्षक उसे सामने ला रहे हैं। यह सुखद स्थिति है। कहा कि अभिभावकों को अपना नजरिया बदलकर पाल्यों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में कराना चाहिये।कार्यक्रम को मुख्य रूप से सभा सद प्रतिनिधि मोहम्मद वसीम, डाक्टर अनिल कुमार मौर्य , दुर्गेश राव, गिरजेश चौधरी, मोहम्मद इकबाल ने सम्बोधित करते हुये छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक से लोग मंत्रमुग्ध हो गये। विद्यालय में अध्ययन कर रहे 50 बच्चों एवं अभिभावकों को माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए सभी बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतर विकल्प है : अधीक्षण अभियंता

बृजेश कुमार शुक्ल

बस्ती। स्मार्ट मीटर के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अधीक्षण अभियंता राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के तमाम समस्याओं का समाधान भी है और न्यूनतम विद्युत उपभोग का माध्यम भी। स्मार्ट मीटर पूरी तरह से उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतर विकल्प है।

पूरे जनपद में अब तक 90000 विद्युत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे हैं। पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए विभाग द्वारा सबसे पहले समस्त विद्युत कर्मियों के घरों व आवासों पर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। कहा कि अब तक घरों में प्रयोग किये जा रहे साधारण मीटर में उपभोक्ताओं को अधिक विद्युत खपत, बिल भुगतान आदि तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे स्मार्ट मीटर के इंस्टॉलेशन से पूरी तरह से दूर किया जा सकता है। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत खंड प्रथम शुभम पांडे ने बताया कि स्मार्ट मीटर की तकनीक उन्नत है जिससे कभी हो ही नहीं सकती और एक यह न्यूनतम धनराशि पर उपभोक्ताओं को मैसेज द्वारा अलर्ट करता है । पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर ही दिया जा रहा है और पुराने विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान अधीक्षण अभियंता के साथ उपस्थित अधिशासी अभियंता अरुण सिंह ने बताया कि पुराने विद्युत उपभोक्ताओं के के लिए विभाग द्वारा मी परिवर्तन पर कई सुविधाएं दी जा रही है जब मीटर परिवर्तन किया जाएगा तब तब पूर्व में बकाया विद्युत बिल की राशि नए मीटर के रिचार्ज पर 10% की दर से प्रति रिचार्ज पर वसूल किया जाएगा। दूसरी सुविधा मीटर इंस्टॉलेशन के बाद पहली बार 30 दिनों तक रिचार्ज न होने पर विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी साथ ही तीन दिन का ग्रेस पीरियड भी दिया जाएगा। शशि अभियंता शुभम पांडे ने बताया कि स्मार्ट मीटर से विभाग और उपभोक्ता के बीच आने वाली तमाम बढ़ाएं खत्म हो जाएंगे और उपभोक्ता को बेहतर विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलने लगेगी।

एसडीएम ने मानकों के उल्लंघन पर किया स्कूल सील

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। दुदही विकास खंड के चिरकुटहा के सुकुलहीं में संचालित श्री सुदामा जी स्मार्ट पब्लिक स्कूल को मानकों के विपरीत संचालन पाए जाने पर एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने शुक्रवार को सील कर दिया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच के बाद की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए।

एसडीएम ने कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई आवश्यक मानकों का पालन नहीं हो रहा था। यह सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी व नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई जारी रहेगी। साथ में मौजूद बीईओ रीता गुप्ता ने बताया कि जांच में विद्यालय की व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं। कई आवश्यक सुविधाओं व व्यवस्थागत पहलुओं में कमी पाई गई। विभाग की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, ताकि बच्चों को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। अधिकारीद्वय ने कहा कि क्षेत्र में संचालित अन्य विद्यालयों की भी जांच कराई जाएगी।

चौपाल में अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी

मथौली, कुशीनगर। विकास खंड मोतीचक के गांव भलुही में शुक्रवार को पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी मुन्जेश नारायण सिंह ने अब तक हुए विकास कार्यों की सूची पढ़कर उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी भी दी गई।

इस दौरान बीडीओ श्वेता मिश्रा ने फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री और के वा ई सी की समीक्षा की। इसके बाद कर्मचारियों और ग्रामवासियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने अधीनस्थ कर्मचारियों को अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।चौपाल में एडीओएजी कृषि मनोज कुमार सिंह ने किसानों को कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान स्नेहलता सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, देवी शरण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अयोध्या निषाद सहित केयरटेकर एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे।

नारी शक्ति पदयात्रा व नारी श्रृंखला का हुआ आयोजन

अमेठी। मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से नारी शक्ति पदयात्रा व नारी श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर में नारी श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वयं सहायता समूह जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व छात्राओं द्वारा घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण उज्ज्वला योजना पीएम मातृ वंदना योजना जन धन योजना पीएम आवास एवं सुकन्या समृद्धि योजना से महिलाओं को होने वाले लाभ के बारे में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव व सभी शिक्षक तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

चोरी के पांच सिलेंडर साथ दो गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही हरदिया वालटरगंज रोड पर स्थित नाले के पास से दो आरोपियों को चोरी के पांच गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी कृष्ण मोहन शुक्ल पुत्र राम प्रगट शुक्ला निवासी हर्दिया बेलाडी थाना वाल्टरगंज और कृष्ण मोहन सिंह पुत्र शिव गोविन्द सिंह निवासी संसारपुर थाना वाल्टरगंज ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि सभी गैस सिलेंडर में से इंडेन के 02 गैस सिलेंडर को 22 मार्च एवं 10 मार्च को पटेल चौक स्थित गैस एजेंसी से एवं भारत गैस के 03 गैस सिलेंडर में से 02 गैस सिलेंडर को श्रीराम गैस एजेंसी मड़वानगर से व 01 गैस सिलेंडर को रोडवेज के पास से चुराकर अपने हीरो पैशन मोटरसाइकिल संख्या-क्र1-श्व9141 से लाकर यहीं एकांत स्थान देख कर झाड़ियों में छिपाकर रख दिए थे, जिन्हें बेचने हेतु हम दोनों अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे किपकड़ लिए गये।

फार्मर रजिस्ट्री बिना नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

अमेठी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासनादेश के क्रम में जनपद में किसान पहचान पत्र (फार्मर रजिस्ट्री) बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य किसानों को विभिन्न योजनाओं से सीधे जोड़ना तथा पारदर्शी लाभ वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा भविष्य में किसानों को दी जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही प्रदान किया जाएगा। इसके तहत किसानों की पहचान उनकी भूमि फसल एवं अन्य विवरणों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है जिससे योजनाओं का लाभ सही और पात्र किसानों तक पहुंच सके। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक बीज कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट के वितरण में भी किसान पहचान पत्र का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही किसानों के चयन एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरण की प्रक्रिया भी अब फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ी जा रही है। इसके अतिरिक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली फसल खरीद (गेहूं धान दलहन तिलहन आदि) में भी बिना फार्मर रजिस्ट्री के खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में उर्वरकों का वितरण पीओएस मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें माह मार्च 2026 से किसान पहचान पत्र एवं फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि जनपद के ऐसे ग्राम जहां चकबंदी/सर्वे प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है वहां किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही हैं जिसके कारण कई किसानों की आईडी जनरेट नहीं हो पा रही है। इस संबंध में शासन स्तर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि ऐसे ग्रामों के किसानों को अस्थायी रूप से राहत प्रदान करते हुए उनके उत्पादों की खरीद की सुविधा दी जाएगी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनपद के अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में मिशन शक्ति के तहत सैकड़ो महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस के उच्च अधिकारियों पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान एडी बेसिक संजय कुमार शुक्ल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी तथा ने जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में महिला थाना टीम एवं पुलिस की विशेष टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, कानूनी प्रावधानों तथा साइबर सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा कि ने मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को न केवल सुरक्षा प्रदान करने का माध्यम है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का भी सशक्त प्लेटफॉर्म है। उन्होंने जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत यह कार्यक्रम बहू-बेटी सम्मेलन के रूप में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और कोई भी शिकायत आने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में लगभग 700 महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से सवाल-जवाब का अवसर प्रदान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वास्तविक घटनाओं के उदाहरण देकर समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियां कैसे बड़ी मुसीबतों से बचा सकती हैं। इसका उद्देश्य जनपद बस्ती को महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित बनाने का है। मिशन शक्ति के तहत बस्ती पुलिस निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ताकि हर महिला एवं बालिका सशक्त, सुरक्षित एवं सम्मानित महसूस करे। जनपद बस्ती में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मील का पत्थर साबित होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : प्रीति तिवारी

अवधनामा संवाददाता

गौरीगंज (अमेठी)। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर शुक्रवार को तहसील में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिलाओं ने मीडिया से मुखातिब होते हुए इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है जिसे संतुलित करने के लिए यह अधिनियम अत्यंत आवश्यक था। यह कानून महिलाओं को लोकसभा राज्यसभा एवं विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा। बाल कल्याण समिति की सदस्य नीरज पांडे एवं रीता सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अधिनियम केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह समाज में महिलाओं के प्रति सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर रुचि सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आएगी जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम भविष्य में एक सशक्त एवं समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा एवं मालती जायसवाल ने अधिनियम के कानूनी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा।

सोनाली मिस बीडीएम, शिफा मिस फेयरवैल एवं प्राची को मिस इवनिंग खिताब से नवाजी गई

एमए अंतिम वर्ष की छात्राओं को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या की अध्यक्षता एवं हिन्दी विभागाध्यक्षा के निर्देशन में एमए अन्तिम वर्ष सत्र 2024-26 की समस्त छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के द्वारा किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद एमए प्रथम वर्ष एवं एमए अन्तिम वर्ष की छात्राओं के द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। जिसमें नृत्य एवं काव्य पाठ शामिल रहे।

अंतिम वर्ष की छात्राओं नंदिनी, प्रतिभा,प्राची, प्रियंका, शिवा, आकृति, काजल आदि ने महाविद्यालय एवं शिक्षिकाओं के प्रति अपने अनुभवों को साझा किया। मिस बीडीएम, मिस फेयरवैल एवं मिस इवनिंग के चयन के लिए रैम्प वॉक गेम्स एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैम्प वॉक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ माया गुप्ता, डॉ नम्रता प्रसाद, डॉ ममता भारद्वाज एवं डॉ पिंकी रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु एवं हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो शशिप्रभा तोमर रहीं। इसके तहत सोनाली यादव गृहविज्ञान विभाग मिस बीडीएम, शिफा नाज अर्थशास्त्र विभाग मिस फेयरवैल एवं प्राची इतिहास विभाग को मिस इवनिंग का खिताब मिला। कार्यक्रम समन्वयक हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो शशिप्रभा तोमर ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामनाऐं प्रेषित कीं। प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु ने छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए विदाई गीत के साथ स्वरचित कविता का पाठ किया। इस कार्यक्रम में डॉ पल्लवी पाण्डेय, निधि तुलस्यान, सोनिका, सुनीता यादव, डॉ रेनू यादव, डॉ रमा, संगीता, कु प्रिया, कु सलोनी एवं समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ता बिजली ऑफिस के काट रहे है चक्कर

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। नगर के विद्युत कार्यालय पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। जिसको लेकर अधिकारी भी परेशान हैं। विद्युत कार्यालय पर बिजली से परेशान लोगों का गुस्सा देखते ही बन रहा है।

प्रीपेड़ स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के लिये जी का जंजाल बनकर रह गये हैं। बड़ी बात तो यह है कि बिना किसी सूचना के लोगों के घरों व दुकानों की बिजली काट दी जाती है। नियम तो यह है कि यदि किसी का जीरो बेलेंस होता है तो उसको 24 घंटे पहले विभाग को सूचना देनी होती है लेकिन इस नियम का भी विभाग किसी प्रकार से पालन नहीं कर रहा है। दिन या फिर रात्रि किसी भी समय लोगों के घरों की बिजली काट दी जाती है। जिस उपभोक्ता की बिजली काट दी जाती है वैसे ही वह बिजली कार्यालय के ओर दौड़ लगा देता है। कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि बिल जमा करने के घंटों बाद बिजली जोड़ी जाती है। इससे गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कार्यालय पर उपभोक्ताओं का गुस्सा बन देखते बन रहा है। लोग प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार को कोसते नजर आते हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं के लिए एतिहासिक पल

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के उपलक्ष्य में समाज की प्रभावी एवं प्रतिष्ठित महिलाओं ने कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में आयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से देश की महिलाओं को उनका हक मिला है। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक कानून नहीं बल्कि मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। प्रेस वार्ता को प्रमुख रूप से शहर की प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजुल सिंह, महिला महाविद्यालय की डॉ. निधि मल्ल व डॉ. दया कुमारी, चिकित्सक डॉ. निशा शाही, एकता जायसवाल एडवोकेट आदि समाज की प्रभावी एवं प्रतिष्ठित महिलाओं द्वारा सम्बोधित किया गया। वक्ता महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू हो जाने से महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीधे सम्मलित होने का अवसर प्राप्त होने से समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लायेगा। इस कानून के बाद महिलाएं केवल मतदान के लिए नहीं बल्कि नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाएंगी। महिलाओं का स्थान मात्र लाभार्थी की श्रेणी में नहीं बल्कि निर्णायकों में शुमार होगा। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने के साकार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा।

वक्ता ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री की मंशा साफ है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के बाद नई लोकसभा गठन हो तो किसी भी विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा के एतिहासिक कक्ष में पुरूषों के साथ महिलाओं की आवाज़ भी गूंजे। अधिनियम के लागू हो जाने से लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ कर 33 प्रतिशत हो जायेगा। वर्तमान में देखा जाये तो लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व मात्र 14 प्रतिशत है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू हो जाने से सही मायनों में कहा जा सकेगा कि महिलाएं भी पुरूषों के साथ साथ कांधे से कांधा मिलाकर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनेंगी।

दो शटर के बीच फलता-फूलता चमत्कारी अस्पताल

सुल्तानपुर। शहर में स्वास्थ्य व्यवस्था का एक अनोखा नमूना इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। दो शटरों के बीच संचालित हो रहा एक तथाकथित अस्पताल न सिर्फमरीजों का इलाज कर रहा है बल्कि नियम-कानूनों को भी आईसीयू में भर्ती कर चुका है। बताया जा रहा है कि इस अस्पताल में डॉ. मो. नदीम खान और डॉ. अबसार अहमद का नाम तो बड़े गर्व से लिया जाता है जबकि दोनों ही चिकित्सकों ने यहां अपनी सेवाएं देने से साफइनकार कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि जब डॉक्टर ही नहीं हैं तो इलाज कौन कर रहा है या फिर इलाज के नाम पर कुछ और ही चल रहा है। उधर डॉ. बुशरा अंजुम को स्त्री रोग विशेषज्ञ बताया जाता है लेकिन उनकी डिग्री किस अलमारी में बंद है या किस फाइल में दब गई है इसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नजर नहीं आता। शायद यह भी गोपनीय श्रेणी में आता हो। इस पूरे खेल के केंद्र में हैं डॉक्टर हैदर जो खुद को डॉक्टर लिखने वाले हैदर साहब। जिनका अतीत जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग के जरिए पुरुष स्टाफनर्स के रूप में कुछ समय बिताने का रहा है। आरोपों की फेहरिस्त इतनी लंबी बताई जाती है कि अंततः उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। लेकिन जनाब का हौसला देखिए अब खुद ही अस्पताल चला रहे हैं। सबसे दिलचस्प पहलू है उनकी डिग्री बीईएमएस जिसे एसीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. जे.सी. सरोज द्वारा फर्जी बताया जा चुका है। इसके बावजूद हैदर साहब का डॉक्टरी आत्मविश्वास जरा भी कम नहीं हुआ। अब असली सवाल यही है कि आखिर यह सब कैसे चल रहा है? क्या यह सिर्फ प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा खेल है या फिर ऊपर तक इसकी जानकारी होने के बावजूद आंखें मूंदी जा रही हैं।

महिला शिक्षकों ने जनगणना ड्यूटी को लेकर उठाई आवाज, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता) उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. गायत्री सिंह के नेतृत्व में महिला शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मिला और जनगणना कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा महिला शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण बच्चों के विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जाए गंभीर रूप से बीमार शिक्षिकाओं को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही गर्भवती शिक्षिकाओं को भी इस कार्य से दूर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों के लिए आवागमन हेतु उचित साधन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित मानदेय दिया जाए और ड्यूटी पूर्ण होने के बाद नियमानुसार अवकाश भी प्रदान किया जाए।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों के लिए नामित किये गये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। आर्य कन्या इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. महसी व एसडीएम नानपारा, आजाद इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. तजवापुर व एसडीएम एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर), राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. जरवल व एसडीएम न्यायिक नानपारा, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए बी.डी.ओ. कैसरगंज व एसडीएम महसी, सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए बी.डी.ओ. रिसिया व नगर मजिस्ट्रेट, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. चित्तौरा व एसडीएम न्यायिक तहसील सदर, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. फखरपुर व एसडीएम कैसरगंज, तारा इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. विषेष्वरगंज व एसडीएम कैसरगंज तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. पयागपुर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर को क्रमशः स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में रखे अपने विचार

फिरोजाबाद। (अवधनामा संवाददाता) 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के अन्तर्गत सूचना विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के आपसी समन्वय से प्रेस वार्ता का आयोजन विकास भवन कमरा नं0 109 में किया गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही नारी शक्ति ने अपने-अपने विचार रखें तथा गा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा आधी आबादी को प्रगति की दिशा में ले जाने के लिये समस्त नारी शक्तित् की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ता के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षा जगत की प्रधानाचार्या श्रीमती रक्षा रानी कुलश्रेष्ठ, संस्था प्रतिनिधि पेस चाइल्ड फण्ड इण्डिया से श्रीमती रेखा वर्मा, अधिवक्ता श्रीमती पूनम वर्मा एवं महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीमती अपर्णा कुलश्रेष्ठ मौजूद रही।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज सिरसागंज में

फिरोजाबाद। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आज दिन शनिवार को तहसील सिरसागंज में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा, जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

23 अप्रैल को ई-लाटरी के माध्यम से 06 आबकारी दुकानों का होगा व्यवस्थापन

बहराइच (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में वर्ष 2026-27 हेतु फुटकर आबकारी दुकानों के ई-नवीनीकरण/ई-लाटरी के तृतीय चरण के पश्चात् अवशेष तथा नवसृजित देशी शराब की 02, एवं भाँग की 04 कुल 06 दुकानों के व्यवस्थापन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 23 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में अर्ह आवेदनों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा।

बजरंग दल-विहिप ने धर्मांतरण पर सख्त कानून की मांग की, राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने अवैध धर्मांतरण और तथाकथित लव जिहाद की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से राष्ट्रव्यापी कठोर कानून बनाने की मांग की है।

बजरंग दल के प्रांत संयोजक सुशील राष्ट्रवादी जी ने कहा कि हाल ही में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नासिक से जुड़े मामले के सामने आने के बाद यह मुद्दा गंभीर हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियां केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि टेक महिंद्रा जैसी अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक भी फैली हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के माध्यम से धर्मांतरण के प्रयासों की खबरें चिंताजनक हैं और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। विहिप ने उन महिला पुलिसकर्मियों की सराहना की, जिन्होंने कथित रूप से मामले का खुलासा करने में भूमिका निभाई। विहिप नेताओं ने दावा किया कि इस प्रकार की घटनाएं देश की सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में बने सख्त कानूनों से ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगा है, इसलिए पूरे देश में एक समान और प्रभावी कानून लागू किया जाना चाहिए। संगठन ने यह भी मांग की कि मामले की जांच राष्ट्रीय स्तर पर की जाए और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जैसी एजेंसियों को शामिल किया जाए।

इस संबंध में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा। इस अवसर पर बजरंग दल प्रांत संयोजक सुशील राष्ट्रवादी, विभाग संयोजक गौरव पांडेय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर जिला संयोजक प्रांजल सिंह, जिला सहसंयोजक यशदीप ठठेर, मोतिगरपुर प्रखंड संयोजक अनमोल अग्रहरि, जयसिंहपुर प्रखंड संयोजक अमन जायसवाल, गिरीश मिश्रा, सत्यम अग्रहरि, सूरज अग्रहरि, रमेश मोदनवाल, विहिप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राम मनोहर एवं रामेश्वर सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विहिप और बजरंग दल ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में अवैध धर्मांतरण के खिलाफकठोर कानून बनाने की दिशा में कदम उठाएं।

जजों के ट्रांसफर से प्रभावित मजिस्ट्रेट अदालतों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता) हाईकोर्ट के निर्देशन में हुए जजों के वार्षिक ट्रांसफर के मद्देनजर एवं जिला जज सुनील कुमार के निर्देशन में कई जजों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। हाईकोर्ट के निर्देशन में स्थानांतरित होकर आए सेशन जजों को उनकी नई तैनाती बुधवार को ही सौंप दी गई। वहीं जिला जज सुनील कुमार व सीजेएम नवनीत सिंह के निर्देशन में मजिस्ट्रेट अदालतों के कार्यक्षेत्र में बृहस्पतिवार को बदलाव किया गया है। जिसके क्रम में स्थानांतरित होकर आई न्यायिक अधिकारी तुबा फातिमा को अपर सिविल जज-जूनियर डिवीजन कोर्ट नम्बर-26 का प्रभार सौंपा गया है,जिन्हें रिक्त हुई एसीजेएम कोर्ट नम्बर-20 से कूरेभार थाना हटाकर सुनवाई का क्षेत्राधिकार सौंपा गया है। वहीं एसीजेएम कोर्ट नम्बर-20 पर तैनात रही न्यायिक अधिकारी भव्या श्रीवास्तव को स्थानांतरित हुई अनुजया कृष्णा के स्थान पर सिविल जज-सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) की जिम्मेदारी मिली है,जिन्हें रिक्त हुई कोर्ट नम्बर-20 से थाना अमेठी,बल्दीराय हटाकर सुनवाई का क्षेत्राधिकार सौंपा गया है,साथ ही उन्हें एसीजेएम कोर्ट नम्बर -19 से हटे हलियापुर थाने से सम्बंधित मामलों के सुनवाई की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-आक्शन नोटिस सं.-11/26

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं०-1, लॉट सं०-PnU-LJN-BNY-Toi-4-26-1 (Pay and Use-Toilets), कार्य का विवरण: बढ़नी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। **क्रम सं०-2,** लॉट सं०-PnU-LJN-LJN-Toi-41-26-1 (Pay and Use-Toilets), कार्य का विवरण: लखनऊ जंक्शन स्टेशन के कॉनकोर्स एरिया (बुकिंग ऑफिस के बगल) में तथा वेटिंग हॉल में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय (कुल दो प्रसाधन) का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु।

♦ निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। ♦ सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दिनांक 27-04-2026 को 12:00 बजे प्रारंभ होकर 27-04-2026 को 12:40 बजे बंद होगी। ♦ इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ♦ अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ♦ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट ***www.ireps.gov.in (E-Auction Module)*** पर उपलब्ध है।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-14 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

बस्ती विकास प्राधिकरण

संख्या- 115/ब0वि0प्रा0बस्ती/2026-27 दिनांक- 17/04/2026

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती अपर्णा शुक्ला पत्नी श्री पंकज शुक्ला पुत्र गाटा सं0 - 54,55,56,70अ,70ब ग्राम-नाऊडाड तिवारी तप्पा - हवेली परगना बस्ती पूरब, जनपद बस्ती द्वारा उक्त गाटे में हास्पिटल के निर्माण के सम्बन्ध में मानचित्र संख्या - BSDA/BP/25-26/0001 को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। पक्ष द्वारा उक्त भूखण्ड में हास्पिटल के उपयोग हेतु निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त स्थल का भू-उपयोग बस्ती महायोजना - 2031 (भाग - क) में 24मी0 रोड पर व्यवसायिक (बाजार स्ट्रीट) के अन्तर्गत आता है। बस्ती महायोजना 2031 (भाग - क) में दिये गये जोनिंग रेगुलेशन एवं मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि -2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलशेन में भू-उपयोग जोन्स 15.3.2 में विभिन्न क्रियाओं की अनुमन्यता से सम्बन्धित जोन मैट्रिक्स 5.7 में (व्यवसायिक बाजार स्ट्रीट) भू-उपयोग के अन्तर्गत हास्पिटल (50 शैय्या तक) सामान्यतः अनुमन्य है।

मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि- 2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलशेन में शासन के निर्गत आदेश दिनांक-21.11.2025 के अनुसार जोनिंग नियम अध्याय 18 के प्रस्तर 15.1.3 समाघात शुल्क में नियमावली 2024 का संदर्भ है, जिसमें 15 दिन की अवधि निर्धारित है। प्रस्तर 15. 1. 3 **(iv) ''महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव करने के उपरांत दी जाएगी।''**

यदि उक्त भूमि पर हास्पिटल के निर्माण हेतु मानचित्र स्वीकृत किए जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो, 15 दिवस के अंदर साक्ष्यों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अथवा बस्ती विकास प्राधिकरण, बस्ती के कार्यालय में दर्ज करा सकता है, 15 दिवस की अवधि के उपरांत किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं नियमानुसार मानचित्र स्वीकृति के संबंध में कार्यवाही कर दी जाएगी।

सचिव
बस्ती विकास प्राधिकरण,
बस्ती।

कार्यालय ग्राम पंचायत वेदौली, वि.ख. वक्शा, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 15/04/2026

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2026 से 21-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

सादुरी चौरसिया
ग्राम प्रधान
ग्राम पं. वेदौली, वि.ख. वक्शा, जौनपुर

महेश कुमार तिवारी
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पं. वेदौली, वि.ख. वक्शा, जौनपुर

कौम के मुस्तकबिल पर मंडराता संकट नई नस्ल को मौका देने की उठी मांग

हिफजुर्रहमान

हमीरपुर। समाज के जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों द्वारा नई पीढ़ी को अवसर न दिए जाने का मुद्दा अब गंभीर चर्चा का विषय बनता जा रहा है। विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक मंचों पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि यदि होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिला, तो इसका सीधा असर समाज के भविष्य पर पड़ेगा।

समाज के जानकारों का कहना है कि वर्तमान समय में कई संस्थाओं–जैसे मदरसे, मस्जिदें, ट्रस्ट, खानकाहें और शिक्षण संस्थान–में जिम्मेदारियां देने के दौरान काबिलियत के बजाय रिश्तेदारी और पहचान को प्राथमिकता दी जा रही है। इस प्रवृत्ति को 'भाई-भतीजावाद' बताते हुए कहा गया कि इससे योग्य और मेहनती युवाओं का मनोबल टूट रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्थिति का सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि प्रतिभाशाली युवा हाशिये पर चले जा रहे हैं, जबकि अयोग्य लोग महत्वपूर्ण पदों पर बैठकर संस्थाओं की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। धीरे-धीरे इसका असर संस्थानों के स्तर और समाज की प्रगति पर भी दिखाई देने लगा है।

वहीं, बुजुर्ग वर्ग द्वारा नई पीढ़ी पर सम्मान न करने के आरोप भी लगाए जाते हैं, लेकिन इस पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या युवाओं को पर्याप्त अवसर और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि जब युवाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच ही नहीं मिलेगा, तो उनमें निराशा और असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

सामाजिक विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में नई पीढ़ी खुलकर विरोध कर सकती है। इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा गया कि जब भी काबिलियत को नजरअंदाज किया जाता है, तो बदलाव की मांग तेज हो जाती है।

क्या है समाधान? विशेषज्ञों का सुझाव है कि समाज में जिम्मेदारियों के चयन में मेरिट को प्राथमिकता दी जाए और युवाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जाएं। साथ ही उन्हें मार्गदर्शन देकर जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार किया जाए।

अंत में यह बात सामने आई कि यदि समाज को मजबूत और प्रगतिशील बनाना है, तो नई नस्ल को साथ लेकर चलना ही होगा, अन्यथा भविष्य में इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

एनटीपीसी सिंगरौली में दो दिवसीय लीडरशिप कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। ऑन्टोलॉजिकल लीडरशिप फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम 'मास्टरिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप' का सफलतापूर्वक समापन 15 एवं 16 अप्रैल 2026 को एनटीपीसी सिंगरौली में हुआ। यह कार्यशाला मध्य एवं वरिष्ठ नेतृत्व के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक परिवर्तन, नैतिक नेतृत्व एवं विजन-आधारित संस्कृति निर्माण पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के निदेशक एवं पूर्व कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी लिमिटेड ए. एन. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के जटिल और परिवर्तनशील कार्य-परिदृश्य में नेतृत्व केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति की सोच, दृष्टिकोण और मूल्यों से संचालित होता है। उन्होंने ऑन्टोलॉजिकल सिद्धांतों के माध्यम से नैतिक एवं प्रभावशाली निर्णय-निर्माण, एडैप्टिव लीडरशिप के महत्व, तथा विजन-ड्रिवन संस्कृति के निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के अनुरूप नेतृत्व कौशल विकसित करने, संवाद की स्पष्टता बनाए रखने तथा संगठनात्मक परिवर्तन को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों, सिमुलेशन, केस स्टडी एवं समूह प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। प्रतिभागियों ने अपने फीडबैक में कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे प्राप्त सीख उनके दैनिक नेतृत्व कार्यों में तुरंत लागू की जा सकेगी। उन्होंने विशेष रूप से कार्यक्रम की सहभागितापूर्ण शैली और वास्तविक उदाहरणों को अत्यंत प्रभावशाली बताया।

10 वीं के परिणाम में अवध इंटरनेशनल एकेडमी का रहा जलवा

- ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा में उत्कृष्टता का नाम है अवध इंटरनेशनल एकेडमी

वहाज अली निहाल

इटावा, बकेवर। सराय नरोत्तम स्थित अवध इंटरनेशनल एकेडमी ने एक बार फिर अपने शानदार शैक्षणिक परिणाम से यह सिद्ध कर दिया है कि जीवन में गुणवत्ता, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी हैं। छठवस्थ कक्षा में 10 वीं के इस वर्ष के परिणाम में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे शैक्षिक क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता का परचम पुनःलहराया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार अंक लेकर न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। छात्र रुद्र (93.8%), सौम्या तिवारी (92%), आर्यव(90.8%), नारायण(88.6%)एवं अमन गुप्ता (87.2%)ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए है। गौरतलब है कि, अवध इंटरनेशनल एकेडमी की विशेषता केवल उसके अच्छे परिणाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिसमें आधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकगण, अनुशासित वातावरण और नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा इस विद्यालय की अलग पहचान बन चुकी है। यही कारण है कि विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। विद्यालय में बच्चों को न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित किया जाता है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार, आत्मनिर्भर और संस्कारवान नागरिक बनाने पर भी विशेष जोर दिया जाता है। यहां हर विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति दुलहानी ने बताया कि, आज की यह उपलब्धि हमारे सभी छात्रों, शिक्षकों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का ही श्रेष्ठ परिणाम है हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र को उसके जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाना भी है। उन्होंने सभी बच्चों को इसी प्रकार से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

फैक्टरियों में पुलिस बल तैनात, प्रशासन अलर्ट

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) नोएडा में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कस्बे में संचालित प्रमुख फैक्टरियों में पुलिस बल तैनात कर दिया है। इसका उद्देश्य किसी भी संभावित हंगामे या आंदोलन पर नजर बनाए रखना है। जेके सीमेंट के मैनेजर अरुण दीक्षित ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक के निर्देश पर जिले की बड़ी औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फैक्ट्री परिसर में एक उपनिरीक्षक सहित दो पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। रिमझिम इस्पात लिमिटेड में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) बिवांर कस्बे के पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है। ग्राम सचिव कपिल सिंह ने बताया कि यहां छात्रों को निःशुल्क किताबें, बैठने की सुविधा, पंखा, शुद्ध पेयजल और वाई-फाई उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गई।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) कुरारा क्षेत्र के पतारा गांव में 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक रज्जन सिंह घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था और पारिवारिक विवाद भी होता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध हालात में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम लदार में एक युवक का शव दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका मिला। पास में नई बाइक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान महोबा निवासी 26 वर्षीय जगदीश के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रमिकों के आंदोलन पर पहुंचे अधिकारी

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री में हुए श्रमिकों के प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को एसडीएम और सीओ मौके पर पहुंचे। हालांकि, अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही आंदोलन कर रहे श्रमिकों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया, जिससे वार्ता नहीं हो सकी। सुरक्षा के मद्देनजर फैक्ट्री गेट पर पुलिस बल तैनात रहा।

पत्नी व ससुराल पक्ष पर पति का हमला, कई घायल

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) दिल्ली से लौटी महिला पर उसके पति और ससुराल पक्ष ने हमला कर दिया। घटना में महिला, उसकी मां और भाइयों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता शबनम बानो ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सीएसआर पहल के तहत जिला 22वीं एथलेटिक्स मीट को मिला प्रोत्साहन

सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता) सिंगरौली जिले में आयोजित 22वीं जिला एथलेटिक्स मीट में खेल प्रतिभा का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। जिला एथलेटिक एसोसिएशन, सिंगरौली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 22 स्कूलों के कुल 390 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इस आयोजन को प्रायोजित कर खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतियोगिता में 85 ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें दौड़, कूद और थ्रो इवेंट शामिल रहे। ये प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों–अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 और अंडर 20 में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) उपस्थित रहे। उनके साथ रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) एवं प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। यह वार्षिक एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है, जहां विजेता खिलाड़ी अगस्त 2026 में जबलपुर में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स मीट में सिंगरौली का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नारी शक्ति वंदन अभियानः नीति-निर्माण में अब निर्णायक भूमिका निभाएंगी महिलाएं

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की महिला प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबुद्ध वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और सरकार की आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाएं अब केवल मतदाता तक सीमित न रहकर नीति-निर्धारक की भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय बताया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रिजवाना शाहिद और लेक्चरर प्रेरणा सिंह ने जोर देकर कहा कि एक सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव रखती है। अब समय आ गया है जब महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं रहेंगी, बल्कि शासन और प्रशासन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बड़े निर्णय लेंगी।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती और अधिवक्ता शैलजा निगम ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के क्षेत्र में सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में जनपद में संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट साझा की गई और निचले स्तर तक महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए और अभियान की सफलता के लिए मीडिया से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की भागीदारी होगी सशक्तः डॉ. दीप्ती सिंह

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ती सिंह एवं डॉ. गीता जायसवाल ने की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. दीप्ती सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला कानून है। इसका उद्देश्य विधायी निकायों में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना तथा नीति निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जो राजनीति में लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूर्ण होना आवश्यक है। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि महिला आरक्षण प्रारंभिक रूप से 15 वर्षों के लिए लागू रहेगा।

मल्लावां में ऐतिहासिक क्षण: 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

हरदोई/मल्लावां। जनपद हरदोई के मल्लावां क्षेत्र के लिए 29 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेसवे का भव्य उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं और अधिकारियों की लगातार मॉनिटरिंग जारी है।

गंगा एक्सप्रेसवे, जिसे उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल किया जाता है, प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को तेज रफ्तार कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके शुरू होने से हरदोई समेत आसपास के जिलों में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, व्यापारिक संपर्क सशक्त होंगे और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। लखनऊ मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस के उच्चाधिकारी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार कार्यक्रम स्थल और एक्सप्रेसवे का निरीक्षण कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती, रूट डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और वीवीआईपी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, जनसभा स्थल को भव्य रूप देने की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं और आपात सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि कार्यक्रम पूरी तरह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और ऐतिहासिक बने।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता में भी इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों का मानना है कि गंगा एक्सप्रेसवे क्षेत्र के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में मल्लावां व हरदोई को नई पहचान दिलाएगा।

अब 29 अप्रैल को पूरे प्रदेश की निगाहें मल्लावां पर टिकी होंगी, जब विकास की इस महत्त्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री के हाथों होगा।

नरेंद्र मोदी की सरकार में सबसे ज्यादा ध्यान महिलाओं के विकास पर रहा है: सरिता

इटावा। मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से उनका सबसे ज्यादा ध्यान महिलाओं के विकास पर रहा है इसीलिए उन्होंने राशन कार्ड बनाने के लिए महिलाओं के नाम को आगे रखा जनधन के खाते महिलाओं के नाम से खुलवाए लखपति दीदी सहित बहुत सारी योजनाएं लेकर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हर क्षेत्र की महिलाओं ने मोदी सरकार द्वारा 16 अप्रैल से बुलाए गए खास संसद सत्र में राजनीति में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने जा रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रोफेसर डॉ.पदमा त्रिपाठी ने कहा कि ये एक बहुत ही सम्मानपूर्ण कदम है महिलाओं के लिए इस 33 प्रतिशत आरक्षण से वो अपने आप को सिद्ध कर पाएंगी और अपनी पूरी क्षमता को बता पाएंगी।

शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गई दौड़

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। एस एस पी ने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में उन्होंने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। परेड के उपरान्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डीएम के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा ने किया अभिनंदन

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला का जनपद इटावा में यशस्वी कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर अभिनंदन किया और बधाई दी। संयुक्त प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र, इलेक्ट्रानिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चौरसिया, संगठन सचिव रघुवीर यादव और प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को एक वर्ष का यशस्वी कार्यकाल पूर्ण होने पर अभिनंदन पत्र एवं बुके भेंट कर बधाई दी और कहा कि आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी का इटावा में होना जनपद का सौभाग्य है। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने अभिनंदन और बधाई के लिए संयुक्त प्रेस क्लब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ पालन करना सभी का दायित्व है, मैं भी कोशिश करता हूं कि जनता को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने की अपनी जिम्मेदारी को ठीक ढंग से निभा सकूं।

अच्युत त्रिपाठी बेसिक शिक्षा विभाग से पहले लीडर ट्रेनर(स्काउट)परीक्षा में हुए सफल

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश में 6 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर में अच्युत त्रिपाठी जिला स्काउट मास्टर द्वारा प्रतिभाग किया गया और उनके द्वारा सात दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न इवेंटों बीपी 6, क्विज, टीचिंग, विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया जिसमें वह सफल हुए और उनको प्रोजेक्ट दिया गया जो कि पूर्ण करना है जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग में पहले लीडर ट्रेनर(स्काउट)बने है उनके द्वारा जब से दायित्व संभाला गया है जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग में विभिन्न गतिविधियां ब्लॉक से जनपद स्तर पर आयोजित की जा रही है, जो कि बच्चों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रादेशिक पदाधिकारियों एवं जनपद के जिला मुख्यायुक्त अतुल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार, जिला सचिव रविंद्र यादव, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं स्काउट गाइड शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बधाई दी गई।

एबीआईसी रेनुसागर की टीम बनी विजेता

- खेल टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है : समिक बसु

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के दिशा निर्देशन में हिंडालको रेनुसागर के तत्वावधान में आयोजित आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर के टीम को 60 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।इसके पूर्व हिंडालको रेनुसागर के एच आर हेड आशीष पांडेय ने अपने स्वागत सम्बोधन में आये हुये अतिथि का स्वागत कर क्रिकेट मैच पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सामिक बसु ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। स्थानीय आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के खेल मैदान में खेले गए फाइनल मैच में एबीआईसी रेनुसागर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 125 रन बनाए। टीम की ओर से अमन ने शानदार 47 रन और प्रीत ने 22 रनों का योगदान दिया। एबीपीएस रेनुसागर की ओर से एरॉन वर्गीस ने 3 विकेट और मयंक ने 2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एबीपीएस रेनुसागर की टीम ने 13 ओवर में 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से एरॉन वर्गीस ने 14 रन और अंश मिश्रा ने 12 रन बनाए। एबीआईसी की ओर से आदित्य ठाकुर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि अंशु ने 2 विकेट अपने नाम किए।

इस प्रकार एबीआईसी रेनुसागर की टीम ने 60 रनों से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच में अंपायर की भूमिका ए.के. राय एवं बी.एल. पाठक ने निभाई, जबकि मैच का आंखों देखा हाल सदानन्द पांडेय एवं अनुराग तोमर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोहित सक्सेना, सदानन्द पांडेय, रमेश वर्मा और देवेंद्र त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर आईटी हेड ललित खुराना,ईआर हेड मृदुल भारद्वाज, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन ब्रजेश कुमार वर्मा, एबीआईसी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह,संजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

काजीपुरा में चौपाल, महिलाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम (हरदोई)। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बिलग्राम क्षेत्र के मोहल्ला काजीपुरा में चौपाल आयोजित कर महिलाओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान महिला आरक्षी आरती एवं अतुल सिंह ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 1076 (सीएम हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 101 (फायर सेवा) जैसे टोल फ्री नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपराध के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में मौजूद महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा सम्मान

केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया ऐतिहासिक कदम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। टाउन हाल, जिला पंचायत प्रयागराज में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए मा. उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 देश की महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम का पूर्ण क्रियान्वयन वर्ष 2029 तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता में लाने का कार्य देश की माताओं, बहनों, बुजुर्गों, गरीबों और किसानों ने किया है।

मौर्य ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के समता एवं न्याय के विचारों को साकार कर रही है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना के साथ सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संस्कृति और इतिहास में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि माताएं समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने पौराणिक एवं ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी में अपार शक्ति निहित है, जो असंभव को संभव बना सकती है। इस क्रम में उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान का भी उल्लेख किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में पारित होने वाला पहला महत्वपूर्ण कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम है, जो यह दर्शाता है कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं, क्योंकि सशक्त नारी के बिना सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है।

इस अवसर पर उन्होने बड़ी संख्या मे महिलाओ की प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनप्रतिनिधिगणों के साथ आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उप मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

अजय राय को रास्ते में रोका गया

- गौतमबुद्धनगर जाते समय पुलिस ने रोका काफिला
- कार्यकर्ता से मिलने से रोकने पर जताई नाराजगी
- सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप
- मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान के विरोध से जुड़ा मामला
- पुलिस कार्रवाई में घायल हुए दीपक चोटीवाला

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक चोटीवाला का हाल-चाल लेने गौतमबुद्धनगर जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को बीच रास्ते में रोक लिया।

पार्टी पदाधिकारी से मिलने देने से रोकने पर अजय राय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ता से मिलने से रोकना बेहद निंदनीय और अलोकतांत्रिक कदम है।

सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने और जनसरोकार के मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। दीपक चोटीवाला बीते दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ दिये गलत बयान के विरोध प्रदर्शन में शामिल थे, जहां पुलिसिया कार्रवाई के दौरान घायल हो गये। पार्टी कार्यकर्ता से मिलने से रोकने पर अजय राय ने कहा कि कांग्रेस इस तरह की दमनकारी नीतियों से डरने वाली नहीं है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रशासन को सत्ता के दबाव में आकर काम नहीं करना चाहिए, बल्कि निष्पक्ष और कानून-सम्मत तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस घटना की घोर निंदा करती है और चेतावनी देती है कि अगर इस तरह की घटनाएं दोहराई गयी तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन को मजबूर होगी।

हज हाउस लखनऊ में समीक्षा बैठक आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- हज यात्रा 2026 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण
- समयबद्ध और व्यवस्थित तैयारियों पर जोर

लखनऊ। हज यात्रा 2026 की तैयारियों के दृष्टिगत आज हज हाउस, लखनऊ दानिश आज़ाद अंसारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया।

मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने बैठक के दौरान हज यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आवास, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हज यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकता है कि हज पर जाने वाले सभी अकीदतमंदों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हज यात्रा की तैयारियां समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण की जाएं, जिससे प्रत्येक यात्री अपनी पवित्र यात्रा सुरक्षित एवं सहज रूप से संपन्न कर सके। बैठक में राज्य हज कमेटी के माननीय सदस्यगण, हज सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा के सयुक्त तत्वावधान में 14 अप्रैल, 2026 से 20 अप्रैल, 2026 तक प्रदेश के समस्त जनपदों में अग्नि सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता को विभिन्न अवसरों पर आग लगने की दशा में बरती जाने वाली विभिन्न प्रकार की जानकारी देना है, ताकि जन धन की क्षति को न्यूनतम स्तर पर किया जा सके। उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 चरणों में आयोजित अग्नि सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबंध, चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन तथा 19 अप्रैल तक जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर बहुखण्डीय भवनों, 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज- आग की रोकथाम के लिए एक साथ' के संकल्प पर विशेष रूप से केंद्रित, बहुखण्डीय भवनों में अग्नि निवारण, जीवन संरक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच एवं मॉक ड्रिल हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

'द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन' का सराहनीय अभियान जारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। विकासनगर स्थित स्लम एरिया में हाल ही में लगी भीषण आग के बाद राहत और बचाव कार्यों के बीच द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन द्वारा लगातार दूसरे दिन भी मानवता की मिसाल पेश की जा रही है। संस्था की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए फूड ड्राइव चलाई जा रही है, साथ ही मेडिकल कैंप का आयोजन कर लोगों को आवश्यक दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

संस्था के कार्यकर्ता मौके पर रहकर जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य आवश्यक सामान वितरित कर रहे हैं। पीड़ितों की हर संभव मदद सुनिश्चित करने के लिए टीम लगातार सक्रिय बनी हुई है। इस दौरान मौलाना फैज़ मशहदी भी लगातार दो दिनों तक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा 'यह वक्त इंसानियत का है, हमें मिलकर इन पीड़ित परिवारों की मदद करनी चाहिए। हर छोटा सहयोग भी किसी के लिए बड़ी राहत बन सकता है। फाउंडेशन के फाउंडर मोहम्मद सादिक स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'हमारी पूरी टीम दिन-रात लगी हुई है ताकि किसी भी जरूरतमंद तक मदद पहुंचने में कोई कमी न रहे। खाने-पीने से लेकर इलाज तक, हर जरूरी व्यवस्था की जा रही है। '

वहीं, फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद हैदर (आलम रिज़वी) ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना और सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा, 'हम सबकी जिम्मेदारी है कि ऐसे कठिन समय में एक-दूसरे का सहारा बनें। फाउंडेशन आगे भी हर संभव मदद जारी रखेगा। ' गौरतलब है कि इस राहत कार्य में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग आगे आकर मदद कर रहे हैं। द मद्दद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन ने आमजन से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस नेक कार्य में भाग लें और आग पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं।

लखनऊ शहर के मासूम बच्चे भी मदद को आगे आये

लखनऊ के विकास नगर में हुई यह अग्नि-दुघर्टना रुह कपा देने वाली है 500 से ज्यादा झुग्गियां जलकर राख हो गईं और कई मासूमों ने अपनी जान गंवा दी उन परिवारों के दर्द की कल्पना करना भी मुश्किल है जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया ऐसी मुश्किल परिस्थितियों में मदद के लिए हज़ारो लोग भी आगे आए आज दूसरे दिन भी सुबह से ही लोग खाने पीने का सामान कपड़े और फल बाटते हुए दिखाई दिए इनमे मुस्लिम समाज भी कहीं पीछे नहीं रहा बुर्का पहने हुई मुस्लिम महिलाएँ और छोटे छोटे बच्चे भी शामिल रहे कुछ लोग अपने हाथों में ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली ख़मनाई साहब की फ़ोटो भी लिए नज़र आए जब इन लोगों से बात की तो उन्होंने बताया की हम तमाम लखनऊ शहर वाले इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हैं जिनके घर जल गए हैं और जो दिन की धूप और रात में खुले आसमान में सो रहे हैं जो भी मुमकिन मदद होगी वह हम लोग करते रहेंगे।

दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026 का धर्मपाल सिंह ने किया शुभारम्भ

- डेयरी सेक्टर में 5000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर सहमति
- 50 वर्ष पूरे होने पर दुग्धशाला विभाग का जश्न
- 25,000 करोड़ के एमओयू से 60,000 रोजगार सृजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज यहां मार्स सभागार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में दो दिवसीय ''दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026'' का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा किया गया। महोत्सव में डेयरी क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विण्डो व्यवस्था के माध्यम से इच्छुक निवेशकों के साथ लगभग 5,000 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों पर भी सहमति (एमओयू) की गयी।

इस अवसर पर दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज डेयरी क्षेत्र उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह क्षेत्र न केवल रोजगार सृजन का प्रमुख साधन है बल्कि राज्य के सकल मूल्यवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राज्य के सकल मूल्यवर्धन में रू0 1.72 लाख करोड़ रूपये का योगदान रहा। अब तक विभाग द्वारा दुग्ध विकास क्षेत्र में कुल 25,000 करोड़ रूपये से अधिक के कुल 796 एम0ओ0यू0 सम्पादित किये गये हैं, जिसके द्वारा 60,000 से अधिक रोजगार सृजन होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 के अन्तर्गत डेयरी सेक्टर में रू0 2000 करोड़ रूपये की 72 परियोजनाओं का शुभारम्भ हुआ है, जिसके द्वारा 4000 रोजगार सृजन हुए। आज रू0 3000 करोड़ रूपये से अधिक के 59 नये एम0ओ0यू0 यथा आनन्दा डेयरी, ज्ञान डेयरी, परम डेयरी आदि से सम्पादित किये जा रहे है, जिसके द्वारा 13000 से अधिक रोजगार सृजन होगा।

गो आश्रय स्थलों का लिया जायजा

लखनऊ। उ0प्र0 गो सेवा आयोग के अतुल सिंह (उपाध्यक्ष) द्वारा आज जनपद रायबरेली के कान्हा गोवंश विहार, त्रिपुला (अमावा), अस्थाई गो आश्रय स्थल लोधवारी एवं वृहद गो आश्रय केंद्र - बेलखारा, ब्लॉक राही का निरीक्षण किया गया तथा तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

निरीक्षण के दौरान गोवंशों के संरक्षण, पोषण एवं समुचित प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए उन्हें और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विभिन्न स्थलों पर हरे चारे की खेती, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग जैसी पहलें संचालित पाई गई, जिन्हें और व्यापक रूप से विकसित करने पर बल दिया गया। साथ ही गोवंशों के लिए पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुलभ एवं व्यवस्थित बनाने तथा चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

यूपी प्रेस क्लब में आम्बेडकर लॉ प्रोटेक्टर अवॉर्ड समारोह आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- सामाजिक न्याय में योगदान देने वाले अधिवक्ताओं को सम्मान

लखनऊ। मिल्ली फाउण्डेशन और उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर लॉ प्रोटेक्टर एवार्ड समारोह का आयोजन शुक्रवार को यूपी प्रेस क्लब में किया गया। समारोह के संयोजक मुकेश सोनकर एडवोकेट और अध्यक्षता सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार गुप्ता ने की। समारोह में मिल्ली फाउण्डेशन के अध्यक्ष सलाहुद्दीन शीबू एडवोकेट और आर्टिस्ट एसोसिएशन के वामिक खान ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस अनीस अंसारी, पूर्व आईएएस हरिश्चन्द्र, पूर्व शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय रिशाद मुर्तजा, कन संस्था के अध्यक्ष सर्वेश सोनकर एडवोकेट, पूर्व जीएसटी कमिश्नर सुनील कुमार वर्मा, मैग्सेसे पुरस्कार विजेता संदीप पाण्डेय, मुर्तजा अली, रामनरेश सोनकर आदि अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सलाहुद् दीन शीबू ने कहा कि डाक्टर आम्बेडकर सामाजिक न्याय के मसीहा थे। संविधान के जरिए उन्होंने सामाजिक ढांचा प्रदान किया था। बतौर अधिवक्ता उन्होंने वंचितों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों के लिए निशुल्क मुकदमे लड़े। डॉ. आम्बेडकर की वकालत सामाजिक सुधार के मिशन का हिस्सा थी। उन्होंने महाड के चावदार तालाब का ऐतिहासिक मुकदमा लड़कर अनुसूचित जाति को तालाब का पानी पीने का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम संयोजक मुकेश सोनकर एडवोकेट ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर ने जिला न्यायाधीश का पद यह कहते हुए ठुकरा दिया कि नौकरी में फंसकर वह अपने लोगों की सेवा नहीं कर पाएंगे। इससे साफ है कि उनकी वकालत का मकसद सामाजिक सुधार था। कार्यक्रम में आमिर नकवी, सुरेश पाण्डेय, मोहम्मद उमर, जीडी चौधरी, गुरमीत सिंह सोनी, सरदार परविंदर सिंह, राजेन्द्र कुमार सोनकर, रेनू मिश्रा, कन्हैयालाल गौतम, आसिफ जमा रिजवी, प्रांशु अग्रवाल, रामनरेश सोनकर, तहमीना खान, रफी अहमद, रंजीत कुमार रावत सहित अन्य अधिवक्ताओं को कानून के जरिए लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. भीमराव आम्बेडकर लॉ प्रोटेक्टर एवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा फैसल खान, मुनीष चंद्र, इमरान अहमद, अनूप अग्रहरि, सुहेल खान, अरशद खान, पॉल सैमसन रॉबिंसन आदि अधिवक्ताओं को कायक्रम में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आमिर हुदा ने किया।

सुनील कुमार शर्मा ने गाजियाबाद में नारी शक्ति सम्मेलन में लिया भाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुनील कुमार शर्मा ने गाजियाबाद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान' के अंतर्गत आयोजित भव्य नारी शक्ति सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलावती सिंह जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा एवं अध्यक्ष, महिला कल्याण निगम) उपस्थित रहीं। साथ ही महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी, पूर्व महापौर आशा शर्मा तथा बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति हमारे समाज की आधारशिला है। महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान' एक महत्वपूर्ण और मजबूत कदम है।

मौलाना कायम मेहदी का निधन

- नमाजे जनाजा मौलाना मोहम्मद जाबिर जौरासी ने अदा कराई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। जिला सूचना अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त जाकिरे अहलेबैत मौलाना कायम मेहदी बाराबंकवी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। स्वर्गीय को राजाजीपुरम स्थित इमदाद हुसैन खां की कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय की मजलिस और नमाजे जनाजा मौलाना मोहम्मद जाबिर जौरासी ने अदा कराई। स्वर्गीय के परिवार में पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैयुम रविवार 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे सआदतगंज के कश्मीरी मोहल्ला स्थित फिरोजी मस्जिद में होगी। स्वर्गीय के निधन पर अंजुमन शमशीरे हैदरी व खुद्दामे हुसैनी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्वर्गीय मौलाना को ईसाले सवाब किया। वहीद हसन रिजवी का निधन युवा अधिवक्ता शादाब वहीद और मद्दाहे अहलेबैत आफताब वहीद रिजवी नायाब के पिता वायु सेना से सेवानिवृत्त वहीद हसन रिजवी का शुक्रवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। लगभग 76 वर्षीय स्वर्गीय वहीद हसन को शुक्रवार शाम हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास बाग में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय की नमाजे जनाजा और मजलिस मौलाना वसी हसन खां ने अदा कराई। स्वर्गीय के ईसाल सवाब के लिए मजलिसे सैयुम रविवार को आयोजित होगी। हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में सुबह 9:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को आस्ट्रेलिया से आए मौलाना अबुल कासिम रिजवी खिताब करेंगे। स्वर्गीय दो पुत्र, एक पुत्री नाती-पोतों भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

भारत में पर्यटन का क्रमिक विकास एवं आर्थिकी एवं स्वरोजगार सृजन की अपार संभावनाएं

लखनऊ। मानव एक जिज्ञासु प्राणी है, उसे आसपास की समसामायिक गतिविधियों तथा राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के बारे में जानने की उत्सुकता होती है। प्राचीनकाल से भारत के बारे में जानने, शिक्षा, व्यवसाय, शासनव्यवस्था, परम्पराओं तथा जन-जीवन के बारे में जानने के लिए विदेशी यात्रियों, दूतों और व्यापारियों का आगमन होता रहा है। इन विदेशियों ने अपनी यात्रा-वृत्तांतों व देशाटन के माध्यम से इतिहास, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन का विवरण दिया। इन यात्रियों में प्रमुख रूप से मेगास्थनीज, फाह्यान, व्हेनसांग, इब्नबतूता और अलबरूनी आदि शामिल हैं। इसमें से कुछ यात्री ईसा पूर्व के विभिन्न शासकों के समय भारत आये थे।

इसी प्रकार महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन ने मध्य एशिया, तिब्बत तथा श्रीलंका आदि का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक तथा प्रसिद्ध स्थानों का वर्णन किया। उन्होंने घुमक्कड़ शास्त्र पुस्तक में पर्यटन की आवश्यकता पर बल दिया है।

ए.पी.सी.आर की टीम ने किया नासिक का दौरा

- टीसीएस घटना पर फैक्ट-फाइंडिंग दौरा, निष्पक्ष, ठोस और पारदर्शी जांच की मांग

अवधनामा ब्यूरो

नासिक (महाराष्ट्र) एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (ए.पी.सी.आर) महाराष्ट्र यूनिट ने हाल ही में टीसीएस से संबंधित घटना के संदर्भ में नासिक का एक विस्तृत फैक्ट-फाइंडिंग दौरा किया, जहां कथित धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न से संबंधित कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस फैक्ट-फाइंडिंग टीम में एडवोकेट शाकिर शेख (मुंबई), एडवोकेट शुऐब इनामदार (अकोला), एडवोकेट मो. इमरान (मुंबई), एडवोकेट वसीम शेख (नासिक) और जमील अहमद (नासिक) शामिल थे। टीम ने अपने दौरे के दौरान आरोपियों के परिवारों और उनके वकीलों से मुलाकात की, ताकि मामले के विभिन्न पहलुओं और जमीनी हकीकत को बेहतर तरीके से समझा जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने नासिक के पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें मांग की गई कि इस मामले की जांच पूरी तरह निष्पक्षता, पारदर्शिता और कानून के अनुसार की जाए। इसके अलावा, ए.पी.सी.आर के प्रतिनिधि नासिक जिला एवं सत्र न्यायालय में रिमांड की कार्यवाही के दौरान भी मौजूद रहे, ताकि न्यायिक प्रक्रिया का प्रत्यक्ष जायज़ा लिया जा सके। ए.पी.सी.आर टीम के अनुसार, जमीनी स्तर पर सामने आई स्थिति कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सार्वजनिक नैरेटिव से काफी अलग नजर आ रही है। टीम ने यह भी संकेत दिया कि कुछ बाहरी तत्व इस मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि प्रारंभिक तथ्य इसे एक सामान्य कानूनी विवाद के रूप में दर्शाते हैं।

दुबग्गा में करंट से बिजली कारीगर की मौत, हाईटेंशन लाइन को लेकर बवाल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र के इज्जतनगर कॉलोनी में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में बिजली कारीगर की जान चली गई। गृह प्रवेश के दौरान घर में सजावट का काम कर रहे युवक की ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बिजली विभाग के खिलाफ धरना शुरू कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, इज्जतनगर कॉलोनी निवासी सारिब अब्बास के घर गृह प्रवेश कार्यक्रम होना था। इसी दौरान सजावट का काम कर रहे बिजली कारीगर सुहैल (24) पुत्र जुबेर निवासी तिलकखेड़ा, थाना संडीला, जनपद हरदोई मकान की छत पर काम कर रहा था। तभी ऊपर से गुजर रही करीब 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक के पिता जुबेर समेत परिजन और ग्रामीण मौके पर ही धरने पर बैठ गए और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। उनका कहना था कि रिहायशी इलाके के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन लगातार खतरा बनी हुई है, जिसे हटाने की मांग पहले भी की जा चुकी है।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (हिंदुस्तान) के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों के समर्थन में प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और क्षेत्र से हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग उठाई।

मामले की सूचना पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने का प्रयास किया। पुलिस ने परिजनों को समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।